जबलपुर गुरुवार 14 मई 2026 > शक संवत 1948, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष द्वादशी/प्रदोष व्रत, संवत 2083

वर्ष 31 अंक 315 > मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96

www.swatantramat.com



ज्ञानेश्वरी यादव ने जीता सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल ⏩ 10

स्वतंत्र मत

**मौसम**
अधिकतम तापमान 42.7°C
न्यूनतम तापमान 27.0°C
सूर्योदय - 5.29 | सूर्यास्त - 6.44

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।



अलंकृति द्विवेदी ने सीबीएसई 12वीं परीक्षा में ⏩ 2



हेली शाह की लंदन डायरीज़ हैं परफेक्ट ट्रैवल गोल्स ⏩ 7



जनसंतुष्टि पर आधारित थानों की रैंकिंग जारी ⏩ 9

# सीबीएसई : 12वीं में बेटों से 6 कदम आगे निकलीं बेटियां



नई दिल्ली

लंबे समय से परिणाम का इंतजार कर रहे छात्रों को आज राहत मिली है क्योंकि सीबीएसई बोर्ड 12वीं के परिणाम आ गए हैं। सीबीएसई 12वीं बोर्ड रिजल्ट में इस बार 85.20 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए हैं। हालांकि, पिछले साल के मुकाबले इस साल पासिंग प्रतिशत में गिरावट आई है। बावजूद इसके लड़कियों ने बाजी मार ली है। इस साल 88.86 प्रतिशत लड़कियां और 82.13 प्रतिशत लड़के पास हुये हैं। बता दें कि 10वीं के रिजल्ट 15 अप्रैल को घोषित कर दिए गए थे और आज 12वीं का रिजल्ट जारी किया गया है। सीबीएसई 12वीं के परिणाम में 94,028 बच्चों ने 90 प्रतिशत या इससे ज्यादा मार्क्स हासिल किए हैं। इसके अलावा 17,113 ऐसे स्टूडेंट्स जिनके 95 प्रतिशत से ज्यादा नंबर है। सीबीएसई 12वीं क्लास में 17,80,365 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिनमें से 17,68,968 छात्र परीक्षा में शामिल हुए और 15,07,109 छात्र पास हो गए हैं। इस साल पास प्रतिशत 85.20 प्रतिशत रहा है। यह पिछले साल के पास प्रतिशत से कम है। पिछले साल पास प्रतिशत 88.39 प्रतिशत था। क्षेत्रवार प्रदर्शन में तिरुवनंतपुरम (त्रिवेंद्रम) सबसे बेहतर रहा, जहां 95.62 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए। वहीं प्रयागराज सबसे कमजोर रीजन रहा और यहां 72.43 प्रतिशत रिजल्ट दर्ज किया गया। दिल्ली वेस्ट और दिल्ली ईस्ट ने भी 91 प्रतिशत से अधिक परिणाम हासिल किए। भोपाल रीजन के आंकड़ों का विश्लेषण करें तो लड़कियों ने एक बार फिर लड़कों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है। इस वर्ष लड़कों का पास प्रतिशत 76.87 प्रतिशत दर्ज किया गया, जबकि लड़कियों का परिणाम 82.19 प्रतिशत रहा, यानी लड़कियां करीब 5 प्रतिशत अंकों से आगे रहीं। भोपाल रीजन देश के सबसे बड़े सीबीएसई रीजन में शामिल है। यहां सीबीएसई से संबद्ध कुल 1291 स्कूल हैं। स्कूलों की संख्या के लिहाज से भोपाल, 1483 स्कूलों वाले लुधियाना रीजन के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा रीजन है।



### भोपाल रीजन का कमजोर प्रदर्शन

इस बार भोपाल रीजन का प्रदर्शन राष्ट्रीय औसत से कमजोर रहा। भोपाल रीजन में 79.43 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए, जबकि देशभर का औसत पास प्रतिशत 85.20 प्रतिशत दर्ज किया गया, यानी भोपाल रीजन राष्ट्रीय औसत से 5.77 प्रतिशत पीछे रहा। भोपाल का प्रदर्शन रायपुर, लखनऊ और रांची जैसे कई रीजन से भी कमजोर रहा। भोपाल रीजन में चिंताजनक तथ्य भी सामने आया है। कुल परीक्षार्थियों में से 12.14 प्रतिशत छात्र ऐसे रहे, जो सभी विषयों में फेल हो गए। यह आंकड़ा शिक्षा व्यवस्था और विद्यार्थियों की तैयारी दोनों के लिए गंभीर चिंता का विषय माना जा रहा है।

**स्कूलवार पास प्रतिशत**

| | |
|---|---|
| केंद्रीय विद्यालय – | 98.55% |
| जवाहर नवोदय विद्यालय – | 98.47% |
| सरकारी विद्यालय – | 89.55% |
| सरकारी सहायता प्राप्त – | 86.07% |
| एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूल – | 85.55% |
| स्वतंत्र विद्यालय – | 84.22% |

### पुडुचेरी में 5वीं बार रंगासामी की सरकार



**तिरुवनंतपुरम।** एन. रंगासामी 5वीं बार पुडुचेरी के मुख्यमंत्री बने हैं। उप-राज्यपाल कैलाश नाथन ने लोक भवन में उन्हें पद और गोपनियता की शपथ दिलाई। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन भी मौजूद रहे। रंगासामी के अलावा भाजपा के ए. नमस्सिवायम और एआईएनआरसी नेता मल्लादी कृष्णा राव ने मंत्री पद की शपथ ली। नमस्सिवायम 2021 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। पिछली पुडुचेरी सरकार में वे गृह मंत्री थे।

### आज से अमूल दूध 2 रुपये महंगा

**नई दिल्ली।** अमूल ने पूरे भारत में दूध के दाम बढ़ा दिए हैं। दूध के दामों में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। अमूल दूध पर नए दाम गुरुवार 14 मई से लागू होंगे। अमूल का कहना है कि पैकेजिंग की लागत के बढ़ने से और पशुओं के आहार के महंगा होने के चलते दूध के दाम में इजाफा किया गया है।

### केरल के नए सीएम का एलान आज

**नई दिल्ली।** केरल में नए मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अपनी सभी चर्चाएं और आंतरिक बैठकें पूरी कर ली हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने जानकारी दी कि इस मुद्दे पर अब अंतिम निर्णय गुरुवार को घोषित किया जाएगा। जयराम रमेश ने कहा कि केरल कांग्रेस विधायक दल के सदस्यों की मंजूरी के बाद पार्टी हाईकमान ने सभी जरूरी विचार-विमर्श पूरे कर लिए हैं। सीएम की रेस में रमेश चेन्निथला, वीडी सतीशन और केसी वेणुगोपाल शामिल हैं।

# पीएम का सुझाव...बचत ही बचाव

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने काफिले का आकार कम किया

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने काफिले का आकार काफी कम कर दिया है। एसपीजी प्रोटोकॉल के अनुसार, सुरक्षा के आवश्यक घटकों को बरकरार रखते हुए वाहनों की संख्या में यह कटौती की गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने देश से ईंधन की खपत कम करने को कहा था। जिसके बाद उन्होंने खुद अपने काफिले में गाड़ियों की संख्या को कम कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी की अपील के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अपने काफिले में गाड़ियों की संख्या आधे से भी कम कर दी है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 मई 2026 को वैश्विक ऊर्जा संकट और वेस्ट एशिया के तनाव के बीच देशवासियों से ईंधन संरक्षण की अपील की थी। प्रधानमंत्री ने पेट्रोल-डीजल बचाने और विदेशी मुद्रा भंडार को सुरक्षित रखने का आह्वान किया था। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि मंत्रियों के छोटे काफिले से जनता के बीच सकारात्मक संदेश जाएगा। इससे सरकारी खर्च कम होगा और ट्रैफिक के दबाव में भी कमी आ सकती है। इसके अलावा पेट्रोल-डीजल की बचत और पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी यह कदम अहम माना जा रहा है। बिहार में शुरू हुई यह पहल आने वाले दिनों में दूसरे राज्यों तक भी पहुंच सकती है।



### राजस्थान सीएम के काफिले में 5 गाड़ियां

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने स्वयं के सुरक्षा काफिले में वाहनों की संख्या में भारी कटौती की है। सीएम के काफिले में एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड सहित 14-16 गाड़ियां शामिल रहती हैं। बुधवार सुबह जब मुख्यमंत्री दिल्ली दौरे के लिए सांगानेर एयरपोर्ट रवाना हुए, तो उनके काफिले में महज 5 गाड़ियां ही नजर आईं। मुख्यमंत्री ने न केवल खुद के काफिले से गाड़ियां कम की हैं, बल्कि सभी मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों को भी निर्देश जारी किए हैं।

### मध्यप्रदेश में वीआईपी काफिलों पर ब्रेक

मध्यप्रदेश में अब मंत्रियों और वीआईपी काफिलों में गाड़ियों की संख्या सीमित की जाएगी। साथ ही सरकारी दौरों और भ्रमण के दौरान रैलियों पर भी रोक रहेगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव के काफिले में अब तक कुल 13 वाहन शामिल रहते थे। नए आदेश के बाद भोपाल में स्थानीय दौरे के दौरान मुख्यमंत्री के काफिले में अब सिर्फ 8 वाहन शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार ने यह भी तय किया है कि नवनियुक्त निगम-मंडल पदाधिकारी सादगी के साथ कार्यभार ग्रहण करेंगे।

### फ्रांस नहीं जाएंगे महाराष्ट्र के मंत्री

महाराष्ट्र सरकार में मंत्री आशीष शेलार ने कहा कि वे इस साल फ्रांस में होने वाले कांस फिल्म फेस्टिवल में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि चुनौतीपूर्ण समय में राष्ट्रीय हित को प्राथमिकता देते हुए विभागीय खर्च में कटौती और संयम का फैसला लिया गया है। शेलार ने बताया कि अब बैठकों और कामकाज के लिए वर्चुअल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया जाएगा। हालांकि, कांस फिल्म फेस्टिवल में शामिल मराठी फिल्मों के लिए सरकारी सहयोग और समन्वय जारी रहेगा।

### यूपीः बैठकें वर्चुअल, 2 दिन वर्क फ्रॉम होम

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने मंगलवार को 7 बड़े फैसले लिए। मुख्यमंत्री, मंत्रियों, विधायकों और अफसरों का काफिला 50 प्रतिशत घटेगा। हफ्ते में एक दिन इन्हें पब्लिक ट्रांसपोर्ट या बस-मेट्रो से चलना होगा। सभी सरकारी बैठकें, सेमिनार, कॉन्फ्रेंस, वर्कशॉप वर्चुअल होंगी। राज्य सचिवालय की भी 50 प्रतिशत बैठकें वर्चुअल होंगी। सीएम ने कहा, जिन कंपनियों में बड़ी संख्या में कर्मचारी हैं, उन्हें हफ्ते में दो दिन वर्क फ्रॉम होम के लिए राज्य स्तर पर एडवाइजरी जारी की जाए।




# मणिपुर में 3 नेताओं की गोली मारकर हत्या

**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में बुधवार को थाडौ बैपटिस्ट एसोसिएशन के तीन चर्च नेताओं की गोली मारकर हत्या कर दी गई। 5 अन्य लोग घायल हुए हैं। हमला हथियारबंद अज्ञात लोगों ने घात लगाकर किया। हमले के बाद कांगपोकपी और आसपास के कुकी-जो बहुल इलाकों में तनाव फैल गया। वारदात से गुस्साए लोगों ने पत्थर लकड़ियां लगाकर नेशनल हाईवे-2 बंद कर दिया गया। एनएच-2 मणिपुर को नागालैंड और देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाला अहम मार्ग है। मृतकों में मणिपुर बैपटिस्ट कन्वेंशन के पूर्व महासचिव रेव. वी. सितल्होउ शामिल हैं। अन्य दो मृतकों की पहचान रेव. वी. कैगौलुन और पास्टर पाओगौलेन के रूप में हुई है। घायल हुए लोगों का इलाज जारी है। मणिपुर में चर्च नेता आध्यात्मिक मार्गदर्शन के साथ-साथ सामाजिक और राजनीतिक मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में शांति बहाली के लिए बातचीत, राहत कार्यों और आदिवासी ईसाई एकता की रक्षा करने में सक्रिय हैं। घायलों में रेव. एसएम हाओपु, रेव. हेकाई सिमटे, रेव. पाओथांग, ड्राइवर लेलें और गौमांग शामिल हैं। ये सभी दो वाहनों में सवार होकर चुराचांदपुर जिले के लमका में आयोजित टीबीए सम्मेलन से लौट रहे थे। बताया गया कि यह हमला कोतजिम और कोतलेन इलाकों के बीच उस समय हुआ, जब वे कांगपोकपी लौट रहे थे। हमलावरों ने घात लगाकर अचानक फायरिंग की। इससे तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

**गुस्साए लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-2 बंद किया**

### तमिलनाडु में फ्लोर टेस्ट

# विजय सरकार पास

## 118 वोट चाहिए थे, 144 मिले, डीएमके का वॉकआउट



**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा में बुधवार को मुख्यमंत्री विजय की टीवीके सरकार ने फ्लोर टेस्ट पास कर लिया। वोटिंग के वक्त सदन में 171 विधायक मौजूद थे। इनमें 144 ने टीवीके का समर्थन किया। टीवीके के पक्ष में एआईएडीएमके के 25 बागी विधायकों नें भी वोट डाला। एआईएडीएमके के 47 विधायक हैं। 22 ने टीवीके सरकार का विरोध किया। फ्लोर टेस्ट में 59 विधायकों वाली डीएमके ने वॉकआउट कर दिया। सदन मे मौजूद पीएमके के 4 और बीजेपी के एक विधायक वोटिंग में शामिल नहीं हुए। फ्लोर टेस्ट के साथ एआईएडीएमके में फूट भी पड़ गई। पार्टी पलानीस्वीमी और सीवी षणमुगम में गुट में बंट गई। सदन में विपक्ष के नेता उदयनिधि स्टालिन ने एआईएडीएमके के बागी विधायकों और विजय की मुलाकात पर कहा कि यह मुलाकात बदलाव है या सौदेबाजी? क्या यही आपकी साफ-सुथरी सरकार है? टीवीके सरकार को इंस्टाग्राम रील के जरिए नहीं, बल्कि रियल गवर्नेंस करनी चाहिए। इस पर सीएम विजय ने कहा हमारी सरकार सेक्युलर तरीके से घोड़े की रफ्तार से काम करेगी न कि हॉर्स ट्रेडिंग में शामिल होगी।

# अखिलेश यादव के भाई प्रतीक का निधन

लखनऊ



सपा प्रमुख अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव का बुधवार को निधन हो गया। उनकी उम्र 38 साल थी। सुबह 6 बजे पत्नी अपर्णा यादव के भाई अमन सिंह बिष्ट उन्हें लखनऊ के सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सिविल अस्पताल के चीफ मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. डीसी पांडेय के मुताबिक, जब प्रतीक को लाया गया, तब उनकी पल्स पूरी तरह डाउन थी। हार्ट भी रुक चुका था। लखनऊ मेडिकल कॉलेज में प्रतीक यादव के शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। रिपोर्ट में बताया गया कि कार्डिएक अरेस्ट से प्रतीक की मौत हुई है। विसरा रिपोर्ट के बाद और चीजें स्पष्ट होंगी। प्रतीक का अंतिम संस्कार कल, गुरुवार को लखनऊ में दोपहर 12.30 बजे पिपरा घाट पर होगा। इस बीच, प्रतीक की पत्नी और भाजपा नेता अपर्णा यादव भी असम से लखनऊ लौट आई हैं। अपर्णा मंगलवार को हिमंता बिस्वा सरमा के शपथ ग्रहण के लिए असम गई थीं।

# आरबीआई गवर्नर ने चेताया: स्थिति न सुधरी तो पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी तय

नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर चल रहे भू-राजनीतिक तनावों का असर अब भारतीय अर्थव्यवस्था पर स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। ज्यूरिख में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और स्विस नेशनल बैंक की ओर से आयोजित 12वें उच्च-स्तरीय सम्मेलन में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एक अहम बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जो भारी उछाल आया है, उसका बोझ अब तक सरकार उठा रही है। लेकिन, अगर यह वैश्विक व्यवधान लंबे समय तक खिंचता है, तो आम उपभोक्ताओं को ईंधन की बढ़ी हुई कीमतों का सामना करना पड़ सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी वृद्धि के बावजूद, भारत सरकार ने अब तक पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों को स्थिर रखा है। इसके लिए सरकार ने अपनी तरफ से ड्यूटी कम करने और गैस जैसी कुछ नियंत्रित कीमतों में मामूली वृद्धि करने जैसे कदम उठाए हैं। आरबीआई गवर्नर के अनुसार, पिछले 75 दिनों से अधिक समय से जारी इस संकट के कारण मौजूदा स्थिति को अनिश्चित काल तक बनाए रखना संभव नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो यह केवल समय की बात है कि सरकार इन बढ़ी हुई कीमतों का कुछ हिस्सा उपभोक्ताओं पर डाल देगी। हालांकि, उन्होंने इस बात की भी सराहना की कि महामारी के दौरान 9.2 प्रतिशत तक पहुंच चुके राजकोषीय घाटे को सरकार ने राजकोषीय विवेक का पालन करते हुए करीब 4.3 प्रतिशत तक सफलतापूर्वक कम कर लिया है। आरबीआई गवर्नर का यह बयान इस बात का संकेत है कि वैश्विक संकटों से भारत पूरी तरह अछूता नहीं रह सकता।




# ऊर्जा संकट: ‘कोयला’ तो है ना

## मोदी सरकार ने बढ़ाई खरीफ फसलों की एमएसपी

नई दिल्ली

केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को 37,500 करोड़ रुपये की कोयला गैसीकरण योजना को मंजूरी दी है। इस योजना का मकसद भारत की आयातित प्राकृतिक गैस, मेथनॉल और अमोनिया पर निर्भरता को कम करना है, साथ ही घरेलू कोयला भंडारों का ज्यादा साफ-सुथरे तरीके से इस्तेमाल करना है। इस योजना का लक्ष्य 2030 तक 100 मिलियन टन कोयला गैसीकरण क्षमता हासिल करना है, और यह सार्वजनिक और निजी, दोनों क्षेत्रों की परियोजनाओं के लिए वित्तीय प्रोत्साहन देगी। इसके साथ ही केंद्रीय कैबिनेट ने 2026-27 सीजन के लिए खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य हेतु 2.60 लाख करोड़ रुपये को मंजूरी दे दी है, जिसका मकसद किसानों को मजबूत आय सहायता देना है। एमएसपी को कृषि लागत और मूल्य आयोग की सिफारिशों के आधार पर तय किया गया है। मंत्रिमंडल ने 2026-27 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को मंजूरी दी। सरकार ने विपणन सत्र 2026-27 के लिए खरीफ फसलों का एमएसपी बढ़ा दिया है, ताकि किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जा सके। सरकार ने बुधवार को 2026-27 के खरीफ मार्केटिंग सीजन के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 72 रुपये बढ़ाकर 2,441 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि की सिफारिश सूरजमुखी के बीज (622 रुपये प्रति क्विंटल) के लिए की गई है, जिसके बाद कपास (557 रुपये प्रति क्विंटल), नाइजर बीज (515 रुपये प्रति क्विंटल) और तिल (500 रुपये प्रति क्विंटल) का स्थान है। आधिकारिक अनुमानों के मुताबिक, इस फैसले से किसानों को लगभग 2.60 लाख करोड़ रुपये का भुगतान होने की उम्मीद है, जबकि सालाना खरीद 824.41 लाख मीट्रिक टन रहने का अनुमान है।



### किसानों को मिलेगा बेहतर रिटर्न

सरकार ने यह भी बताया कि एमएसपी उत्पादन लागत से कम से कम 50 प्रतिशत ज्यादा है, जो 2019 में शुरू की गई उस नीति को जारी रखता है जिसका मकसद किसानों को बेहतर रिटर्न सुनिश्चित करना है। इस संबंध में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक में एक फैसला लिया गया। 2026-27 के खरीफ मार्केटिंग सीज़न (सितंबर-अक्टूबर) के लिए, सामान्य और ‘ए-ग्रेड’ किस्मों का समर्थन मूल्य 72 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर क्रमशः 2,441 रुपये और 2,461 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

# गुदुम बाजा, बारात और सात फेरे : शहपुरा में 200 जोड़ों का ऐतिहासिक सामूहिक विवाह संपन्न





डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

रानी दुर्गावती स्टेडियम शहपुरा में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन विभाग के तत्वावधान में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जनपद पंचायत शहपुरा एवं मेंहदवानी के कुल 200 वर-वधु हिंदू रीति-रिवाज के साथ विवाह बंधन में बंधे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं दोनों पक्षों के परिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रदेश की कैबिनेट मंत्री सम्पतिया उईके, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे सहित कई जनप्रतिनिधियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। वहीं जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया, एसडीएम ऐश्वर्य वर्मा, तहसीलदार रामप्रसाद मार्को सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

समारोह में वधुओं को सामुदायिक भवन से मुख्य आयोजन स्थल तक लाया गया, जबकि कन्या क्रीड़ा परिसर से बारात नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए रानी दुर्गावती स्टेडियम पहुंची। यहां धर्मगुरु सुरेश कुमार दुबे एवं शिवकुमार तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सभी जोड़ों का विवाह संपन्न कराया। कार्यक्रम के दौरान गुदुम बाजा और पारंपरिक लोकनृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों के सम्मान और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए लगातार कार्य कर रही है। विधायक ने नवविवाहित बेटियों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने की भी बात कही।

मंत्री सम्पतिया उईके ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सामाजिक समरसता और बेटियों के सम्मान का प्रतीक बन चुकी है। उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की बात कही।सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि इस योजना से हजारों परिवारों को आर्थिक संबल मिला है और सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम में सभी नवविवाहित जोड़ों को 49 हजार रुपये की सहायता राशि ऑनलाइन उनके बैंक खातों में प्रदान की गई। इसके अलावा प्रत्येक जोड़े को पांच बर्तन, पांच जोड़ी कपड़े और एक अंगूठी भेंट स्वरूप दी गई। समारोह में शामिल परिजनों के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई। सफल आयोजन के बाद सभी नवदंपत्तियों को शुभकामनाओं के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



# प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना की समीक्षा बैठक आयोजित, ग्रामीण हितग्राहियों तक समय पर लाभ पहुंचाने के निर्देश

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष डिंडौरी में प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं विभागीय समन्वय समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने योजना अंतर्गत संचालित गतिविधियों एवं अब तक की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की। बैठक के दौरान योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचाने, विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा आगामी कार्ययोजना को प्रभावी रूप से लागू करने पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक पात्र हितग्राही योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।बैठक में दिव्यांशु चौधरी, संजय जोशी, आर.पी.एस. नायक, रविशंकर, अभिलाषा चौरसिया, एच.पी. शुक्ला, चन्द्रभान सैयाम, आर.के. चंदेल, अर्पणा पाण्डेय एवं अशोक द्विवेदी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अधिकारियों ने क्षेत्रीय स्तर पर संचालित योजनाओं की प्रगति से अवगत कराते हुए आवश्यक सुझाव भी प्रस्तुत किए। बैठक के अंत में योजनाओं के बेहतर संचालन एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकाधिक लाभ पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया।

# करंजिया जनपद पंचायत में स्थाई सीईओ की मांग तेज, जनपद अध्यक्ष बोले- अधिकारी नहीं होने से बढ़ रहीं आम जनता की समस्याएं

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिले की करंजिया जनपद पंचायत में पिछले लगभग एक वर्ष से स्थाई मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) की पदस्थापना नहीं होने को लेकर जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। वर्तमान में डिप्टी कलेक्टर को एसडीएम और जनपद सीईओ दोनों का प्रभार सौंपा गया है, जिसके चलते जनपद पंचायत के कार्य प्रभावित होने के आरोप लगाए जा रहे हैं। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि प्रभारी अधिकारियों के पास एक साथ कई जिम्मेदारियां होने के कारण वे जनपद पंचायत को पूरा समय नहीं दे पा रहे हैं। इसका असर पंचायत क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा मनमाने तरीके से कार्य करने, समय पर कार्यालय में उपस्थित न रहने और प्रशासनिक लापरवाही जैसी शिकायतें लगातार



सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, स्वच्छता अभियान, सड़क निर्माण और पेयजल जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के कार्यों में अपेक्षित गति नहीं दिखाई दे रही है। पंचायतों के नियमित निरीक्षण और योजनाओं की मॉनिटरिंग भी प्रभावित हो रही है। ऐसे में क्षेत्र में प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए स्थाई और सक्रिय सीईओ की नियुक्ति जरूरी बताई जा रही है। जनपद पंचायत अध्यक्ष राजू सिंह उद्दे ने कहा कि स्थाई सीईओ नहीं होने से जनपद के कई कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में डिप्टी कलेक्टर अक्षय डिगरसे को एसडीएम बजाग और करंजिया जनपद पंचायत सीईओ का प्रभार दिया गया है, वहीं उनकी अनुपस्थिति में संयुक्त कलेक्टर भारती मेरावी को जिम्मेदारी सौंपी जाती है। कई स्थानों का प्रभार होने के कारण अधिकारी जनपद पंचायत करंजिया को पूरा समय नहीं दे पा रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासनिक व्यवस्था कमजोर होने से क्षेत्रीय समस्याओं का समय पर निराकरण नहीं हो पा रहा है और कुछ अधिकारी-कर्मचारी मनमानी तरीके से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जनपद सदस्यों के साथ कलेक्टर को भी अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन से जल्द योग्य एवं स्थाई अधिकारी की पदस्थापना करने की मांग की है, ताकि विकास कार्यों में तेजी आए और आम जनता को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

# गोहपारू महाविद्यालय की अनियमितताओं पर एबीवीपी का हल्ला, 14 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

शहडोल (स्वतंत्र मत)

शासकीय महाविद्यालय गोहपारू में व्याप्त कथित अनियमितताओं और अव्यवस्थाओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) गोहपारू इकाई ने बुधवार को महाविद्यालय प्राचार्य को 14 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। परिषद के कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक और वित्तीय व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल उठाए। ज्ञापन में महाविद्यालय तक पहुंचने के लिए मुख्य मार्ग से पक्की सड़क निर्माण, विषयवार प्राध्यापकों की नियुक्ति, पुस्तकालय में पर्याप्त पुस्तकों की उपलब्धता, छात्राओं के लिए गर्ल्स



कॉमन रूम, सैनिटरी वेंडिंग एवं डिस्ट्रॉय मशीन की व्यवस्था जैसी मूलभूत मांगें शामिल हैं। विद्यार्थी परिषद ने जनभागीदारी निधि के उपयोग, आउटसोर्स भर्ती प्रक्रिया, प्रैक्टिकल और सेशनल अंकों में कथित मनमानी, ळमड पोर्टल के माध्यम से की गई खरीद, अतिथि विद्वानों को बार-बार ऑन ड्यूटी (व्क) दिए जाने, उपस्थिति के बिना मानदेय भुगतान तथा रिजल्ट सुधार के नाम पर छात्रों से अवैध राशि वसूली जैसे मामलों की निष्पक्ष जांच की मांग की है। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि कुछ आउटसोर्स कर्मचारियों की नियुक्ति और तैनाती नियमों के विपरीत की गई है। परिषद ने इन मामलों में दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से वसूली गई राशि छात्रों को लौटाने की मांग की है। एबीवीपी ने चेतावनी दी है कि यदि सात दिवस के भीतर मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान शहडोल विभाग संयोजक अखिलेश सिंह, जिला संयोजक अमन त्रिपाठी, आकाश मिश्रा, अंबुज सेन, अर्पित शर्मा, करण यादव, रिया, साधना सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## ग्राम जरवाही में तैयार की जा रही पौधों की नर्सरी, वर्षा ऋतु में होगा पौधरोपण



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** प्रकृति को स्वच्छ, हरित एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर समिति एवं मातृ शक्ति महिला मंडल, बुढ़ार द्वारा ग्राम पंचायत जरवाही में विभिन्न प्रजातियों के पौधों की नर्सरी तैयार की जा रही है। जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय ने बताया कि नर्सरी में आम, आंवला, मुनगा, अमरूद सहित अनेक उपयोगी एवं फलदार पौधों का संवर्धन किया जा रहा है। इन पौधों को आगामी वर्षा ऋतु में प्रस्फुटन समितियों के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर रोपित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाना और लोगों को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करना है। स्थानीय महिलाओं और समिति सदस्यों की सक्रिय भागीदारी से यह अभियान क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

# आईसीयू की छत से टपका पानी मरीजों को शिफ्ट करना पड़ा

शहडोल (स्वतंत्रमत)

संभागीय मुख्यालय स्थित कुशाभाऊ ठाकरे जिला अस्पताल के ट्रॉमा आईसीयू में छत से पानी टपकने की घटना सामने आई है। पानी पलंगों तक पहुंच जाने से मरीजों और उनके परिजनों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थिति बिगड़ने पर अस्पताल प्रबंधन को मरीजों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करना पड़ा। बताया जा रहा है कि यह घटना दो से तीन दिन पहले हुई थी, लेकिन इसका वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आया। वीडियो में ट्रॉमा आईसीयू की छत से लगातार पानी टपकता दिखाई दे रहा है, जिससे वार्ड के भीतर पानी



भर गया था। जानकारी के अनुसार अस्पताल की ऊपरी मंजिल पर नई लैब के निर्माण का कार्य चल रहा है। इसी दौरान पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिसके कारण छत में पानी जमा हो गया। बाद में यही पानी रिसकर नीचे स्थित ट्रॉमा आईसीयू में पहुंच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शुरुआत में काफी देर तक पानी गिरता रहा, लेकिन कोई जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। बाद में अस्पताल स्टाफ ने पहुंचकर पानी निकालने और व्यवस्था बहाल करने की कार्रवाई की। इस दौरान मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। मामले पर सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ ने बताया कि सूचना मिलते ही कर्मचारियों को मौके पर भेजा गया और स्थिति को तत्काल नियंत्रण में ले लिया गया। उन्होंने छत में सीपेज और पानी रिसाव के वास्तविक कारणों की जांच के लिए एनएचएम इंजीनियर को निर्देश दिए हैं। इस घटना ने जिला अस्पताल की रखरखाव व्यवस्था और निर्माण कार्यों की निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद अस्पताल में बुनियादी सुविधाओं की स्थिति संतोषजनक नहीं है। इससे पहले भी अस्पताल में अव्यवस्था और अनियमितताओं के आरोप सामने आते रहे हैं।

## सशस्त्र सेना झण्डा दिवस निधि में उत्कृष्ट योगदान पर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह सम्मानित



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** सशस्त्र सेना झण्डा दिवस निधि वर्ष 2024-25 में उल्लेखनीय योगदान के लिए कलेक्टर डॉ. केदार सिंह को मंगुभाई पटेल द्वारा प्रशंसा पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने निर्धारित लक्ष्य राशि 5 लाख 15 हजार 500 रुपये के विरुद्ध 5 लाख 58 हजार 267 रुपये की राशि एकत्रित कर जिले को उल्लेखनीय उपलब्धि दिलाई। इस सराहनीय कार्य के लिए उन्हें राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अरुण शुक्ला ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विराट सभागार में कलेक्टर को शील्ड एवं प्रशंसा पत्र सौंपा। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवम प्रजापति, अपर कलेक्टर मिनिषा पाण्डेय सहित अन्य अधिकारियों ने कलेक्टर को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# उड़द एवं मूंग फसल प्रक्षेत्र दिवस आयोजित किसानों को दी उन्नत खेती की जानकारी



शहडोल (स्वतंत्रमत)

कृषि विज्ञान केंद्र में जनजातीय उप परियोजना अंतर्गत उड़द एवं मूंग फसल प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन ग्राम गुडिनबुड़ा एवं हर्राटोला, विकासखंड बुढ़ार में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. मृगेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में किसानों को उन्नत खेती तकनीक, बीज उपचार, फसल संरक्षण, जैविक खाद निर्माण, वर्षा जल प्रबंधन, सिंचाई तथा कीट नियंत्रण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। डॉ. मृगेंद्र सिंह ने किसानों को नीमास्त्र, अग्निआस्त्र, देशपर्णी, ब्रह्मास्त्र, मिर्च-अदरक अर्क, बीजामृत, लैंटाना अर्क एवं ताम्र लस्सी जैसे जैव-कीटनाशकों के निर्माण एवं उपयोग की विधि बताई। उन्होंने कहा कि कृषि के साथ पशुपालन, डेयरी, कुक्कुट पालन, फल एवं मशरूम उत्पादन जैसे कृषि आधारित व्यवसाय ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाते हैं। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. ब्रजकिशोर प्रजापति ने बताया कि दलहन फसलों की जड़ों में पाए जाने वाले राइजोबियम बैक्टीरिया मिट्टी में नाइट्रोजन स्थिरीकरण कर भूमि की उर्वरता बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि उड़द एवं मूंग के फसल अवशेष मिट्टी में कार्बनिक पदार्थों की मात्रा बढ़ाकर उसकी गुणवत्ता एवं जैव विविधता को बनाए रखते हैं। उन्होंने किसानों को विषाणु जनित पीत शिरा रोग के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह रोग सफेद मक्खी द्वारा फैलता है, जिससे 50 से 60 प्रतिशत तक उपज प्रभावित हो सकती है। इसके नियंत्रण हेतु 5 प्रतिशत नीम तेल के घोल के छिड़काव की सलाह दी गई। फली छेदक कीट नियंत्रण के लिए फेरोमोन ट्रैप से निगरानी एवं आवश्यकता पड़ने पर न्यूक्लियर पॉलीहेड्रोसिस विषाणु के छिड़काव की सलाह दी गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बुढ़ार शिशुपाल राजपूत एवं सेवानिवृत्त वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बी.के. शर्मा ने किसानों को ट्राइकोडर्मा के उपयोग एवं उसके लाभों की जानकारी दी।

## अलंकृति द्विवेदी ने सीबीएसई 12वीं परीक्षा में 87.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर बढ़ाया जिले का मान



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा बुधवार को घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में शहडोल के वार्ड क्रमांक 3 निवासी अलंकृति द्विवेदी ने 87.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। अलंकृति नगर के यदि विद्यालय का आधिकारिक नाम अलग हो तो उसे अनुसार संशोधित किया जा सकता है) की छात्रा हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, विद्यालय और पूरे शहर में खुशी का माहौल है। अलंकृति, राजेश कुमार द्विवेदी की सुपुत्री हैं। उन्होंने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासित अध्ययन के बल पर यह सफलता अर्जित की है। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, मित्रों, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। अलंकृति की सफलता ने न केवल उनके माता-पिता का गौरव बढ़ाया है, बल्कि शहडोल जिले का नाम भी रोशन किया है।

# स्नातक प्रथम वर्ष परीक्षा के लिए 23 मई तक भरें फॉर्म

### पं. शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय ने घोषित की महत्वपूर्ण तिथियां, कुलगुरु ने प्राचार्यों की बैठक लेकर दिए निर्देश



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा बी.ए., बी.एससी. एवं बी.कॉम. प्रथम वर्ष के नियमित एवं स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए नामांकन, पंजीयन एवं परीक्षा आवेदन की महत्वपूर्ण तिथियां घोषित कर दी गई हैं। विश्वविद्यालय के अनुसार परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया 12 मई से शुरू होकर 23 मई 2026 तक चलेगी, जबकि 24 और 25 मई को विलंब शुल्क के साथ आवेदन किए जा सकेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ऑनलाइन आवेदन करने के बाद विद्यार्थियों को 26 मई तक संबंधित महाविद्यालय या विश्वविद्यालय अध्यापन विभाग में आवश्यक दस्तावेज जमा करना अनिवार्य होगा। इसके बाद महाविद्यालयों द्वारा सत्यापन उपरांत आवेदन विश्वविद्यालय की नामांकन शाखा में भेजे जाएंगे। इसी संबंध में कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों और संचालकों की वर्चुअल बैठक लेकर परीक्षा संचालन, नामांकन और सत्यापन प्रक्रिया को समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्र हित सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी विद्यार्थी को तकनीकी या प्रशासनिक कारणों से परीक्षा से वंचित नहीं होने दिया जाएगा। बैठक में कुलसचिव डॉ. आशीष तिवारी, परीक्षा नियंत्रक प्रो. महेंद्र भटनागर सहित परीक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। ऑनलाइन पंजीकरण एवं नामांकन की प्रक्रिया के माध्यम से की जाएगी। विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने की अपील की है।

# 13,089 चयनित प्राथमिक शिक्षकों को हाईकोर्ट से लगा बड़ा झटका

## नए सिरे से बनेगी मेरिट सूची, मेरिट लिस्ट को चुनौती देने वाले मामले में हाईकोर्ट का फैसला

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित प्राथमिक शिक्षक चयन परीक्षा – 2025 के परीक्षा परिणामों में कथित गड़बड़ी और अपात्र उम्मीदवारों को गलत तरीके से 5त्न बोनस अंक दिए जाने के खिलाफ माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर में दायर याचिका में जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने फैसला सुनाया है, हाईकोर्ट ने 13089 चयनित प्राथमिक शिक्षको को बड़ा झटका देते हुए नए सिरे से मेरिट सूची बनाने और गैर–आरसीआई डिप्लोमा धारी अपात्र अभ्यर्थियों को उनकी अभ्यर्थिता समाप्त कर चयन प्रक्रिया से बाहर करने के निर्देश राज्य शासन और कर्मचारी चयन मंडल को दिए हैं । हाईकोर्ट ने अपने आदेश में टिप्पणी की कि यदि उम्मीदवारों को पकड़े जाने के बाद अपने अंकों को कम करने या नहीं का विकल्प चुनने की अनुमति दी जाती है, तो यह बेईमानी को बढ़ावा देने और ईमानदार उम्मीदवारों को दंडित करने के समान होगा।

*क्या है मामला*– नरसिंहपुर निवासी सोनम अगरैया एवं अन्य दो उम्मीदवारों के द्वारा याचिका दाखिल कर कहा गया था कि प्राथमिक



शिक्षक चयन परीक्षा –2025 भर्ती विज्ञापन की कंडिका 7.7 के तहत केवल उन उम्मीदवारों को 5 प्रतिशत बोनस अंक मिलने थे, जिनके पास भारतीय पुनर्वास परिषद से मान्यता प्राप्त विशेष शिक्षा में डिप्लोमा है । लेकिन, चयन सूची में लगभग 14,964 उम्मीदवारों ने खुद को इस श्रेणी में दिखाकर बोनस अंक प्राप्त कर लिए हैं । याचिका में भारतीय पुनर्वास परिषद के आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया गया है कि पूरे मध्य प्रदेश में आरसीआई पोर्टल पर केवल 2,194 कार्मिक और 3,077 पेशेवर ही पंजीकृत हैं । ऐसे में लगभग 15,000 उम्मीदवारों का विशेष शिक्षा प्रमाणपत्र धारक होना प्रथम दृष्टया फर्जी प्रतीत होता है । याचिका के अनुसार, लोक शिक्षण संचालनालय ने भी जनवरी 2026 में विभाग को आगाह किया था कि लगभग 18,000 उम्मीदवारों ने हां का विकल्प चुना है, जो अत्यधिक प्रतीत होता है । इसके बावजूद, सुधार के लिए पोर्टल खोलने के बाद भी मंडल के द्वारा उम्मीदवारों से आरसीआई पंजीकरण संख्या या प्रमाणपत्र नहीं मांगा गया । परिणाम स्वरूप, बिना किसी भौतिक सत्यापन के सॉफ्टवेयर के माध्यम से उम्मीदवारों के डिक्लेरेशन के आधार सीधे बोनस अंक दे दिए गए, जिससे वास्तविक और योग्य उम्मीदवारों की मेरिट गिर गई और वे चयन से बाहर हो गए।

### नई मेरिट सूची जारी करने की थी मांग

कोर्ट में दलील दी गई थी कि झूंठी जानकारी देकर चयन होने के बाद सैकड़ों अभ्यर्थी, जिन्हें मेरिट में 5 प्रतिशत बोनस अंक मिले हैं वे भी हाइकोर्ट की शरण में पहुंचे हैं और मांग की है कि जल्दबाजी में हुई त्रुटि के कारण उनके द्वारा बोनस अंक का लाभ प्राप्त कर लिया। जबकि उनके पास उससे संबंधित कोई भी प्रमाण पत्र नहीं है। उनकी याचिकाओं को हाईकोर्ट ने खारिज की है । याचिका में 27 फरवरी 2026 को जारी दोषपूर्ण मेरिट लिस्ट को रद्द करने की मांग की गई थी तथा केवल वैध आरसीआई प्रमाणपत्र धारकों को ही बोनस अंक देकर नई मेरिट सूची जारी करने के निर्देश देने का आग्रह किया गया था। बुधवार को मामले की अंतिम सुनवाई के बाद एकलपीठ ने मामले में फैसला सुरक्षित रखा था जिसके बाद 13 मई को फैसला सामने आया । याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता आलोक वागरेचा और विशाल बघेल ने पैरवी की ।

# पंद्रह हजार के मासिक वेतन पर सट्टा खिलाने वाले दो गुर्गे पकड़ाए

**जबलपुर।** गढ़ा थाना क्षेत्रातंर्गत प्रेम नगर के एक मकान में सट्टा खिला रहे दो युवक जयप्रकाश यादव व अमित कुशवाहा को पुलि ने गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से पुलिस ने 6200 रुपए नगद, पेन ड्राइव, लैपटाप 11 मोबाइल फोन सहित लाखों रुपए के हिसाब के रजिस्टर जब्त किए है। पुलिस को पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे घमापुर क्षेत्र के बल्ली गुप्ता के इशारे पर सट्टा खिला रहे थे, उन्हे बल्ली द्वारा 15–15 हजार रुपए मासिक वेतन दिया जाता है। पुलिस ने बताया कि क्राईम ब्रांच की टीम ने मुखबिर की सूचना पपर गढ़ा के प्रेमनगर में एमजी शोरूम के पीछे गली में रोमेश गुप्ता के घर में दबिश दी। जहां जयप्रकाश यादव उम्र 51 वर्ष निवासी गीतांजली स्कूल के पीछे सरीना कम्पाउण्ड किराये का मकान ओमती वर्तमान पता प्रेमनगर रोमोश गुप्ता का मकान व अमित कुशवाहा उम्र 35 वर्ष निवासी रामपुर चौक यादव अखाड़ा के पीछे गोरखपुर वर्तमान पता रेतनाका साहिब टाउनशिप में राम किशोर का मकान ग्वारीघाट मिलकर सट्टा खिला रहे थे। पुलिस को देखते ही सट्टा खिला रहे युवकों में अफरातफरी मच गई।

# जंगल में युवक की लाश मिलने से मचा हड़कंप



## रांझी के बापू नगर क्षेत्र का मामला

## जांच में जुटी पुलिस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

रांझी थानातंर्गत बापू नगर क्षेत्र में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब समीपस्थ जंगल में एक युवक की लाश मिली। लाश मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए, वहीं आसपास के लोगों की भीड़ भी मौके पर एकत्र रही। चर्चाओं में यह बात सामने आई है कि किसी ने युवक की गला घोंटकर हत्या की और लाश को यहां लाकर फेंक दिया है। पुलिस के अनुसार बापू नगर खेरमाई मंदिर के समीप ही घना जंगल है। जहां पर लोगों का आना जाना नहीं होता है। इस बात का फायदा उठाते हुए युवक की हत्या कर लाश को फेंक दिया गया। बुधवार दोपहर के वक्त कुछ लोग वहां से गुजरे तो युवक की लाश देखी। लाश मिलने की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई, देखते ही देखते कई लोग एकत्र हो गये, जिन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि युवक का शव जंगल में एक पेड़ के नीचे पड़ा है। जिसकी पीठ पर गंभीर चोट के निशान है। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कराई लेकिन किसी ने नहीं पहचाना। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाकर मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस द्वारा मृतक की शिनाख्ती के प्रयास किए जा रहे है। जिसकों लेकर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के थानों को सूचना दी गई है।

### इन्होंने कहा

बापू नगर क्षेत्र के समीप जंगल में एक युवक का शव मिला है। मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेजा गया है। मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

**उमेश गोल्हानी, थाना प्रभारी रांझी**

# वृद्धा को सूनसान क्षेत्र में ले जाकर नगदी और जेवर लूटे

## माढ़ोताल क्षेत्र में वारदात, आरोपियों की पतासाजी में जुटी पुलिस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

माढ़ोताल थाना क्षेत्रातंर्गत करमेता पाटन रोड में बिजली का बिल जमा करने आई एक 75 वर्षीय वृद्धा को दो बदमाशों ने अपना शिकार बनाया और उसे अपने झांसे में लेकर सूनसान क्षेत्र में ले गये। जहां बदमाशों ने डरा धमकाकर वृद्धा के पूरे जेवर और पंद्रह हजार रुपये की नगदी लूटकर फरार हो गये। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी शुरु कर दी है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ग्राम सूखा निवासी 75 वर्षीय रूकिया बाई चौधरी सुबह करीब ग्यारह बजे बिजली का बिल जमा करने के लिये बिजली आफिस पाटन रोड करमेता आई थी। बिजली बिल जमा करने के बाद वह आटो की तलाश में बिजली आफिस के सामने मेन रोड में आकर खड़ी थी, उसी समय एक मोटर सायकल से 2 लड़के आये और उससे बोले की माताराम आपको हमारी मम्मी बुला रही है, जिनसे वृद्वा ने कहा कि तुम्हारी मम्मी कहां है उन्हें यही ले आओ तो वो उससे बोले कि थोड़ी आगे चलो वे तुम्हे जानती हैं हम मिलवा देंगे। जिस पर वृद्वा को लगा कि उसके कोई रिश्तेदार होंगे, क्योकि उन्हें कम दिखाई देता है। आरोपियों के झांसे में आकर वृद्वा उनके साथ मोटर साइकिल में सवार हो गई। जिसके बाद बदमाश उन्हें कटनी नागपुर राजमार्ग की तरफ ले गये और उसे पाटन वायपास रोड किनारे सूनसान इलाके में ले गये। जहां बाई अपने जेवर हमें दे दो, अगर चिल्लाई या कुछ बोली तो तुम्हे जान से मार देगें। इसके बाद आरोपियों ने वृद्वा से उसका सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पायल एक जोड़ी वजनी 6 तोला, चांदी की चूड़ी वजनी 5 तोला, जेवर जबरन उतारकर एवं पर्स जिसमें नातिन की छोटी पायल एवं चांदी की चेन तथा नगदी 15 हजार रूपये थे, छीनकर उसे वहीं छोडकर भाग गये। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी शुरु कर दी है।

# अवश्य रूप से दें स्वच्छता फीडबैक:श्रेया खंडेलवाल



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** राष्ट्रीय बालश्री पुरस्कार विजेता एवं नगर निगम, जबलपुर की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर श्रेया खंडेलवाल ने सभी नागरिकों से सकारात्मक स्वच्छता फीडबैक देने का निवेदन किया है। इससे स्वच्छता सर्वेक्षण में हम अपनी रैंक को और बेहतर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि क्यू आर कोड को स्कैन करके या दिए गए लिंक पर क्लिक करके पॉजिटिव फीडबैक देना है। साथ ही घरों और दुकानों में गीले और सूखे कचरे को अलग– अलग डस्टबीन में इकट्ठा करके कचरे वाली गाड़ी में ही डालना है। शहर की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण के लिए भी नगर निगम की ओर से काफ़ी प्रयास किए जा रहे हैं। मेरी करबद्ध प्रार्थना है कि इनको मेंटेन करने और निगरानी के लिए आप सब अपना बहुमूल्य मार्गदर्शन तथा सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

## नेशनल हाईवे 30 पर दर्दनाक हादसा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

सिहोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे 30 पर बुधवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में 22 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। धनगवां के पास सुबह करीब 10ः30 बजे तेज़ रफ़्तार ट्रक ने बाइक सवार को रौंद मौत के घाट उतार दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम कोंडिया निवासी उदय उपाध्याय पिता प्रदीप उपाध्याय सुबह अपने घर से बाइक क्रमांक एमपी 20 एमएल 4015 से दवाइयां लेने जबलपुर जा



रहा था। जैसे ही वह धनगवां के पास नेशनल हाईवे 30 पर पहुंचा, तभी सामने से आ रहे ट्रक क्रमांक यूपी 70 एलटी 4362 ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सिहोरा पुलिस ने तत्काल उसे शासकीय सिविल अस्पताल सिहोरा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने मामला दर्ज कर मर्ग कायम कर लिया है तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं, दुर्घटना में शामिल ट्रक को जब्त कर सिहोरा थाने में खड़ा करवा दिया गया है और आगे की जांच जारी है।

# श्रमिकों, कामगारों, असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का भविष्य असुरक्षित

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

आल इंडिया इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्य सभा सदस्य डॉ जी संजीवा रेड्डी से और राष्ट्रीय महासचिव डॉ संजय सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जी. सत्यजीत रेड्डी से दिल्ली स्थित इंटक के राष्ट्रीय मुख्यालय श्रम भवन में मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ



फेडरेशन, जबलपुर के महामंत्री राकेश डी पी पाठक, एनके यादव, उमाशंकर मेहता, अफसार अहमद, गोपाल चौहान, रामेश्वर गांगे सहित अन्य फेडरेशन के साथी गणों ने भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर विशेष रूप से मध्यप्रदेश इंटक के उपाध्यक्ष रामराज्य तिवारी उपस्थित थे। भेंटवार्ता में इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जी संजीवा रेड्डी जी को फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक,एन के यादव, उमाशंकर मेहता और अन्य प्रतिनिधियों ने उनके सकारात्मक प्रयासों के फलस्वरूप दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय इंटक के पक्ष में हुएं निर्णय के लिए बधाई दी। और नयी श्रम संहिता लागू होने,निजीकरण, बिजली कंपनियों के भविष्य, संविदा कर्मियों, आउट सोर्स कार्मिकों, कंपनी कैडर कार्मिकों, नियमित कर्मचारियों और पेंशनर्स की समस्यायों के विषय में मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन, जबलपुर द्वारा किए जा रहे कार्यों, प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी।

# एपीएन सीबीएसई कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन




जबलपुर

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025–26 के घोषित परिणामों में ए.पी.एन. सी.बी.एस.ई. सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम इस शानदार सफलता के रूप में सामने आया है। विद्यालय की छात्रा वेदिका कौशल ने ह्यूमैनिटीज संकाय में 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता अर्जित की। गणित संकाय में छात्रा सानिया सिंघई ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। वहीं बायोलॉजी संकाय में छात्रा गौरी जगबानी ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वाणिज्य संकाय में छात्र राघवेन्द्र कुमार चौरसिया ने 85.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि को उनकी सतत मेहनत, आत्मविश्वास एवं शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम बताया। संस्था अध्यक्ष श्री चमन श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि विद्यालय सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं संस्कारयुक्त वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के समर्पण एवं विद्यार्थियों के निरंतर प्रयासों के कारण विद्यालय लगातार उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर रहा है।

# लगातार बढ़ती चोरियों के विरोध में फूटा जनता का आक्रोश

## पाटन में सैकड़ों नागरिकों ने घेरा थाना, हनुमान चालीसा का पाठ कर जताया विरोध

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर एवं ग्रामीण अंचलों में बढ़ती चोरी की वारदातों और पुलिस की शिथिल कार्यप्रणाली के खिलाफ बुधवार को पाटन की सड़कों पर भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। नागरिकों के बढ़ते आक्रोश के बीच विभिन्न समाजों और संगठनों ने एकजुट होकर न केवल पुलिस प्रशासन के विरुद्ध जुलूस निकाला, बल्कि पाटन थाने का घेराव कर जोरदार नारेबाजी भी की। आंदोलन की शुरुआत मां सिद्धेश्वरी प्रांगण से हुई। यहाँ से भारी संख्या में नागरिक और चोरी से पीड़ित परिवार सिविल कोर्ट चौराहे पहुंचे, जहाँ एक सभा आयोजित की गई। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि लगातार हो रही वारदातों से जनता के बीच डर का माहौल है और पुलिस उदासीन बनी हुई है। इसके बाद प्रदर्शनकारी पैदल जुलूस के रूप में थाने पहुंचे। थाने के समक्ष



नागरिकों ने विरोध स्वरूप हनुमान चालीसा का पाठ किया और अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई।

***6 सूत्रीय मांगें और एसडीएम को ज्ञापन***– प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम मानवेंद्र सिंह को 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रमुख रूप से क्षेत्र में बढ़ती चोरियों पर तत्काल अंकुश लगाया जाए और पुरानी घटनाओं का खुलासा करने, सिविल कोर्ट परिसर से चोरी हुई गाड़ी के चोरों की तत्काल गिरफ्तारी, भारी वाहनों के प्रवेश के लिए समय सीमा तय हो ताकि सड़क हादसों पर लगाम लग सके, थानों में बिना भेदभाव के एफआईआर दर्ज करने एवं पत्रकारों के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले पुलिसकर्मियों पर तत्काल कार्यवाही करने की मांग की।

***पाटन महाबंद की चेतावनी***– ज्ञापन सौंपते समय बालचंद जैन ने प्रशासन को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आगामी 20 दिनों के भीतर चोरियों का खुलासा नहीं हुआ और अपराधियों को नहीं पकड़ा गया, तो पूरा पाटन च्महाबंदज किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन–प्रशासन की होगी। एसडीएम मानवेंद्र सिंह ने नागरिकों को आश्वस्त किया है कि पुलिस हर संभव प्रयास कर जनता का सहयोग करेगी।

***इनकी रही उपस्थिति***– इस दौरान एड रघुवीर सिंह,आनंदमोहन अग्रवाल ,सचिन गुरु, पुरषोत्तम बबेले,एड राजेश नेमा,एड अभिषेक अग्रवाल,सुजीत सिंह,विवेक बबेले,करणी सेना अरुण प्रताप सिंह, हनी सिंह,भानु प्रताप चौहान,दीपक जैन,राजेश नायक,कमलेश पटेल , भूपेंद्र सिंह,ललित सोनी ,राजेंद्र राठौर,आदेश नंदेसरिया,यज्ञनारायण पटेल,छोटेलाल लोधी,रवि ठाकुर,पुष्पराज पवार,शुभम पटेल, शैलेश बबेले,बलराज तिवारी,हैप्पी मिश्रा,निखिल तिवारी,भूरे महाराज, डॉ चिंतन बबेले,अमित पटेल, बादल भाई,आकाश अग्रवाल, देवेंद्र यादव,नीलू यादव,अंकुर यादव,राजा यादव ,ब्रजेश यादव,मोहनीश सिंह, तीर्थेश जैन,सूर्या प्रताप सिंह,विक्रम यादव,बाबा गर्ग,अभिषेक सिंह,योगेश सिंह ,संजय बाबा,नवनीत लोधी,सुदीप नेमा,सद्दाम हुसैन,रानू जैन,राजेंद्र सिंह,अंतू भुर्रक,दीपक कोष्टा आदि सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे ।

# पिता ने दो मासूमों संग कुएं में कूदकर दी जान

## इंस्टा स्टेटस बना आखिरी संदेश, पुलिस जांच में जुटी

कटंगी(स्वतंत्र मत)

बालाघाट जिले के कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम जराहमोहगांव के लाखी टोला में 12 मई की शाम एक ऐसी घटना घटी जिसने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। 40 वर्षीय श्याम पिता भागवत नागेन्द्र ने अपने दो मासूम बच्चों के साथ कुएं में कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पिता ने अपने पांच वर्षीय पुत्र वंश नागेन्द्र और तीन वर्षीय पुत्री भूमि नागेन्द्र के साथ आत्महत्या की है। यह घटना अपने पीछे कई तरह के सवाल छोड़ कर गई है। 13 मई की सुबह 07 बजे तीनों के शव गांव में एक खेत में बनी कुएं से बरामद किए गए है। 12 मई की शाम करीब सात बजे श्याम नागेन्द्र अपने दोनों बच्चों को लेकर मोटरसाइकिल से विवाह समारोह में जाने की बात कहकर घर से निकले थे। लेकिन देर रात तक जब नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी हर जगह तलाश की और नाते-रिश्तेदारी से लेकर दोस्तों से पूछताछ की। वहीं आज जब तीनों के शव मिले तो पूरा गांव हिल गया। श्याम ने अपने दोनों बच्चों को अपनी कमर से एक टुप्पटे के सहारे बांधकर कथित तौर पर कुएं में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। 13 मई बुधवार की सुबह करीब सात बजे ग्रामीणों ने कुएं के पास मृतक की मोटरसाइकिल खड़ी देखी और कुएं में झांका तो तीनों की लाश पानी में तैरती हुई दिखाई दी। ग्रामीणों ने पुलिस



को सूचना दी जिसके बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर तीनों के शवों को बरामद करने के बाद मर्ग कायम कर जांच विवेचना शुरू कर दी है।

**सोशल मीडिया में लगाया था स्टेटस**

इस हृदय विदारक घटना से एक दिन पहले श्याम ने अपने मोबाइल के व्हाट्सएप पर एक स्टेटस लगाया था। नहीं है जिंदा रहने की आरजू, नहीं चाहिए कोई वादा या रिश्ता, नहीं चाहिए कोई प्रेम कहानी, नहीं चाहिए खुशी, सुकुन, दिल, जिस्म, या रूह, हर दफा खुद से झूठ बोलकर कि कभी ना कभी ये सब कुछ ठीक हो जाएगा। जिंदा रहना जरूरी है क्या..! पुरी रात करवटों में काटने के बाद अंधेरे से लड़ते-लड़ते थकने के बाद, सुबह रोशनी को गले लगाना जरूरी है क्या..! स्टेटस की यह अंतिम पंक्तियां पुलिस के रहस्य बन गई है। मृतक के परिजनों का कहना है कि श्याम ने ऐसा कदम क्यों उठाया, इसकी कोई स्पष्ट वजह सामने नहीं आई है। परिवारजन हैरान हैं कि एक जिम्मेदार पिता अपने बच्चों के साथ इस तरह का कदम कैसे उठा सकता है।

**07 वर्ष पूर्व हुआ था विवाह**

श्याम नागेन्द्र के परिजनों के मुताबिक करीब 07 वर्ष पूर्व ही सामाजिक रीति-रिवाज से उनका विवाह संपन्न हुआ था। परिवार में किसी भी तरह का कोई विवाद नहीं था और ना ही श्याम पर किसी प्रकार का कोई आर्थिक कर्ज था। ऐसे में श्याम ने ऐसा कदम क्यों उठाया है यह किसी के गले नहीं उतर रहा है। श्याम पेशे से एलआईसी का अभिकर्ता बताया जा रहा है पूर्व में वह सहारा से भी जुड़ा हुआ था।

**बड़े भाई को नहीं कोई संतान**

इस घटना के बाद श्याम की मौत से ज्यादा उन दो मासूम बच्चों की मौत की चर्चा हो रही है जिन्हें इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं होगा कि उनका ही पिता उनकी इस तरह से हत्या कर देगा। दरअसल, मृतक के बड़े भाई किशोर नागेन्द्र की कोई संतान नहीं है ऐसे में भाई के इस कदम से वह भी सदमे में है। जिस किसी को भी इस घटना की जानकारी मिल रही है बस उसके जुबां पर एक ही शब्द है खुद मर जाता बच्चों को लेकर नहीं कुदना था। खैर, पुलिस घटना की जांच कर रही है। आखिरकार, श्याम नागेन्द्र ने आत्महत्या की है या फिर उसकी हत्या हुई है यह पुलिस जांच के बाद ही खुलासा हो पाएगा।

### इनका कहना है

प्रारंभिक जांच में दोनों बच्चों के साथ आत्महत्या करना प्रतीत हो रहा है। घटना की जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का पता चलेगा।

**धमेन्द्र कुसराम, थाना प्रभारी कटंगी**

# प्रेमी को शादी में बुलवाकर दुल्हन ने करवाई हत्या

## तरूण हत्या कांड: प्रेमिका समेत 8 अरेस्ट





बालाघाट(स्वतंत्र मत)

छह साल पुरानी प्रेम कहानी का अंत इतना दर्दनाक होगा, यह शायद किसी ने नहीं सोचा था। जिस युवती को पाने के लिए तरुण लिल्हारे हर मुश्किल पार करने को तैयार था, उसी ने अपनी शादी की रात उसके लिए मौत का जाल बिछा दिया। बालाघाट जिले का चर्चित तरुण हत्याकांड अब एक दिल दहला देने वाली साजिश के रूप में सामने आया है। पुलिस ने मामले में मृतक की कथित प्रेमिका और दुल्हन बनी सविता लिल्हारे को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दो नाबालिग भतीजों को बाल सुधार गृह भेजा गया है। अब इस हत्याकांड में आरोपियों की संख्या 8 हो चुकी है।

### आओ...मुझे यहां से भगा ले जाओ

बताया जा रहा है कि खैरलांजी निवासी 23 वर्षीय तरुण लिल्हारे और सविता लिल्हारे के बीच पिछले छह वर्षों से प्रेम संबंध थे। लेकिन परिवार की सहमति न मिलने पर सविता की शादी कहीं और तय कर दी गई। 5 मई की रात, जब घर में शादी की रस्में चल रही थीं और सविता दुल्हन के जोड़े में सजी बैठी थी, उसी दौरान उसकी तरुण से लगातार फोन पर बातचीत हो रही थी। सविता ने तरुण को शादी समारोह में बुलाया और साथ भाग चलने की बात कही। प्रेम में डूबा तरुण रात करीब 10 बजे घर से निकला। उसे अंदाजा भी नहीं था कि जिस प्रेमिका से मिलने जा रहा है, वहीं उसकी आखिरी मंजिल बनने वाली है। तरुण जैसे ही शादी स्थल पहुंचा, दुल्हन के भाइयों की नजर उस पर पड़ गई। इसके बाद विवाद बढ़ा और तरुण को मंडप से दूर ले जाया गया। वहां लाठी-डंडों और मुक्कों से उसकी बेरहमी से पिटाई की गई। गंभीर चोटों के कारण उसकी मौत हो गई। हैरानी की बात यह रही कि हत्या के बाद भी शादी की रस्में जारी रहीं। एक तरफ कुछ दूरी पर तरुण का शव पड़ा था, दूसरी ओर सविता सात फेरे ले रही थी। माहौल शांत होने के बाद शव को ठिकाने लगाने की योजना बनाई गई।

**सड़क हादसा दिखाने की कोशिश**- पुलिस जांच में सामने आया कि सविता के दो नाबालिग भतीजों ने शव को बाइक पर रखकर गर्राबोड़ी-मुरझड़ मार्ग के पास फेंका। शव को निर्वस्त्र कर सड़क हादसे का रूप देने की कोशिश की गई ताकि मामला दुर्घटना लगे। लेकिन पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने पूरी कहानी उजागर कर दी।

### पुलिस ने खोला राज...

रामपायली पुलिस ने 8 मई को मामले का खुलासा करते हुए सविता के सगे भाई वेदप्रकाश और हरिप्रकाश लिल्हारे, चचेरे भाई दिलीप और कमलकिशोर लिल्हारे सहित पड़ोसी योगेश वरकड़े को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अब 12 मई को मुख्य साजिशकर्ता मानी जा रही सविता लिल्हारे के साथ उसके दो नाबालिक भतिजों को भी गिरफ्तार कर लिया गया हैं। यह प्रेम कहानी अब जिले में चर्चा का विषय बनी हुई है-जहां प्यार, भरोसा और इंतजार आखिरकार मौत की साजिश में बदल गया।

# उमरी में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा

## ग्रामीणों ने एसडीएम, तहसीलदार और थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

कटंगी(स्वतंत्र मत)

कटंगी तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत उमरी में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बुधवार 13 मई की दोपहर लगभग 3 बजे उमरी गांव के दर्जनभर से अधिक ग्रामीण एसडीएम, तहसीलदार और थाना प्रभारी के पास पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर तत्काल अतिक्रमण हटाने की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम उमरी के खसरा नंबर 157 की शासकीय भूमि पर कांतीलाल राणा और रुपलाल राणा ने अवैध तरीके से कब्ड़ा कर लिया है। इस भूमि के ठीक बगल में वर्षों पुराना राम भक्त हनुमान मंदिर स्थित है। ग्रामीणों का कहना है कि नवरात्रि और गणेशोत्सव के दौरान इसी भूमि पर मां भगवती और भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की जाती रही है। अब इस भूमि पर अवैध कब कर कृषि भूमि तैयार कर दी गई है, जिससे धार्मिक आयोजन प्रभावित होगें। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त शासकीय



भूमि पर सभामंच निर्माण की कार्ययोजना बनाई गई थी। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि यह मामला केवल भूमि विवाद का नहीं बल्कि धार्मिक आस्था और सामाजिक परंपराओं से भी जुड़ा है। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। फिलहाल गांव में इस मुद्दे को लेकर तनाव का माहौल बना हुआ है और लोग जल्द से जल्द अतिक्रमण हटाने की मांग कर रहे हैं।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट का शानदार परीक्षा परिणाम, 12वीं में 97 प्रतिशत विद्यार्थी सफल

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष बेहद उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार तुमसरे ने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय का ओवरऑल परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत दर्ज किया गया, जिससे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस संकाय में कुल 27 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी और सभी विद्यार्थियों ने अच्छे अंकों के साथ सफलता प्राप्त की। वाणिज्य संकाय में कु. मीनल अग्रवाल ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं मास्टर



पलाश खोंगल ने 96.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा कु. रिया कांकरिया ने 93.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार विज्ञान संकाय में कुल 33 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 31 विद्यार्थी सफल रहे जबकि 2 विद्यार्थियों को पूरक प्राप्त हुआ। विज्ञान संकाय में कु. हिमानी हरिनखेरे ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। मास्टर केशव नंदन बघेल ने 90.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा कु. रागिनी गौतम ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की विशेष उपलब्धि यह रही कि सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार तुमसरे सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार को बधाई दी। प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से यह गौरवपूर्ण परिणाम संभव हो पाया है। साथ ही सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की गई।

### एक राय होकर मारपीट करने पर मामला कायम

**उमरिया स्वतंत्रमत।** मानपुर थाना अंतर्गत ग्राम धमोखर में आरोपियो व्दारा एक राय होकर फरियादी से गाली गालौज करते हुए मारपीट की गई एवं जान से मारने की धमकी दी गई। जानकारी अनुसार पूजा यादव पति सतेंद्र यादव कि शिकायत पर पुलिस ने आरोपी रमेश यादव, जितेंद्र यादव, सिया बाई यादव, फूलबाई यादव निवासी धमोखर पर मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

### गाली गालौज करने पर मामला कायम

**उमरिया स्वतंत्रमत** । पाली थाना अंतर्गत मुडना टोला के पास ग्राम ओदरी मे आरोपी व्दारा फरियादी से गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने फरियादी जमुना पनिका पिता सोहन पनिका उम्र 30 साल निवासी ग्राम ओदरी की शिकायत पर आरोपी जगमोहन सिंह पर मामला कायम कर लिया हैं। मामले की विवेचना की जा रही है।

### जमीनी विवाद के चलते हुई मारपीट

**उमरिया स्वतंत्रमत** । चंदिया थाना अंतर्गत ग्राम बहेरघटा में जमीनी विवाद को लेकर आरोपी व्दारा फरियादी से मारपीट की गई । जानकारी अनुसार सुशील साहू पिता दादूराम साहू उम्र 30 साल निवासी ग्राम बहेरघटा ने बताया कि जमीनी विवाद पर रतन साहू, शुभम साहू, किच्ची दानी साहू व्दारा जमीनी विवाद के कारण गाली गालौज करते हुए मारपीट की गई है। पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

### सर्प के काटने से युवक की मौत

**उमरिया स्वतंत्रमत** । नौरोजाबाद थाना अंतर्गत सांप के काटने पर युवक की मौत हो जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। जानकारी अनुसार मृतक का नाम गनपत सिंह पिता गजरूप सिंह निवासी टिकरिया है। पुलिस ने माममला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

### दुर्घटना में युवक की मौत

**उमरिया स्वतंत्रमत** । पाली थाना अंतर्गत ग्राम पिपरिया निवासी युवक की दुर्घटना में शासकीय जिला अस्पताल कटनी में मौत हो गई। जानकारी अनुसार मृतक का नाम सुनील बैगा पिता डोम्भू बैगा उम्र 28 साल है। पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

### करंट लगने से युवक की मौत

**उमरिया स्वतंत्रमत** । इंदवार थाना अंतर्गत ग्राम कुदरी निवासी युवक की करंट लगने से मौत हो गई। घटना गत दिवस की बताई जा रही है। जानकारी अनुसार मृतक का नाम आशीष कोल पिता ननबुध्दी कोल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

# मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना के तहत 8 बैगा हितग्राहियों को मिले दुधारू पशु

उमरिया, स्वतंत्रमत

मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना के अंतर्गत जिले के 8 बैगा हितग्राहियों को दुधारू पशुओं का वितरण किया गया। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं ने बताया कि पशुओं के वितरण से पूर्व निर्धारित मापदंडों के अनुसार चार बार दुग्ध परीक्षण किया गया। यह परीक्षण विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी, पशु चिकित्सालय पाली की उपस्थिति में



संपन्न हुआ। पशु वितरण कार्यक्रम जिला पंचायत सदस्य हेमनाथ बैगा की उपस्थिति में आयोजित किया गया। योजना से लाभान्वित हितग्राहियों में नंचूलाल बैगा (ग्राम भादरा), रामरतन बैगा (ग्राम सलैया-1), संगीता बाई (ग्राम ममान), लाला बाई (ग्राम ममान), कुन्नू बैगा (ग्राम ममान), प्रेमलाल बैगा (ग्राम ममान), रामसहाय बैगा (मढ़ा टोला) एवं भोगल बैगा (ग्राम ममान) शामिल हैं। इस योजना का उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के परिवारों को दुधारू पशु उपलब्ध कराकर उनकी आय में वृद्धि करना तथा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

### प्रभांशु का मेडिकल आफीसर पद पर चयन

उमरिया स्वतंत्रमत



मानपुर नगर के डॉ. प्रभांशु गुप्ता सुपुत्र अजय गुप्ता एवं माता संगीता गुप्ता सुपौत्र राम भगत गुप्ता का एमपीपीएससी द्वारा आयोजित मेडिकल आफीसर 2024 परीक्षा में अंतिम चयन हुआ है। उनकी यह सफलता केवल परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समाज और क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा है। कठिन संघर्ष, मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास का यह सुंदर परिणाम है।

# भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन ने पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में चलाया जन जागरूकता अभियान

उमरिया स्वतंत्रतमत

पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में आज 13 मई को भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन द्वारा एक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग चंद्रवंशी जी वहीं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में माननीय न्यायाधीश मोहन डावर , प्रदेश प्रभारी चंद्रकला विश्वकर्मा, जिला जेल अधीक्षक डी.के. सारस, पीटीएस



पुलिस अधीक्षक मुकेश वैश्य और भारतीय मानवाधिकार संगठनके संभाग अध्यक्ष कीर्ति कुमार सोनी शामिल रहे। अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग चंद्रवंशी ने पुलिस को मानवाधिकारों के प्रति संवेदनशील होने की बात कही। वही न्यायाधीश मोहन डाबर ने पुलिस को एवं जनता को नियमों का पालन करते हुए अपनी-अपनी सेवा प्रदान करने की बात कही गई,संभाग अध्यक्ष कीर्ति कुमार सोनी ने भी पुलिस से जनता से सम्मानपूर्वक व्यवहार करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में मंच का सफल संचालन जिला अध्यक्ष राहुल अग्निहोत्री द्वारा और समस्त व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी उमरिया प्रभारी विष्णु द्विवेदी द्वारा संभाली गई। कार्यक्रम में भारी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं भारतीय मानव अधिकार एसोसिएशन के पदाधिकारी व पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय के विद्यार्थी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सुखदास की मासिक बैठक सम्पन्न



**उमरिया स्वतंत्रमत** । मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सुखदास की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के सदस्यों एवं ग्रामवासियों ने भाग लेकर ग्रामीण विकास एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। जिला समन्वयक रविंद्र शुक्ला ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रस्फुटन समिति की मजबूत नींव उसके दस्तावेजों के सुव्यवस्थित संधारण पर आधारित होती है। उन्होंने वर्तमान में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान की गतिविधियों की जानकारी लेते हुए बताया कि आगामी 25 मई को गंगा दशहरा के अवसर पर जल स्त्रोतों पर पूजन, कलश यात्रा एवं संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। बैठक में आगामी माह के लिए पौधारोपण, जैविक खेती को बढ़ावा देने, जल संरक्षण तथा ग्रामीण विकास से संबंधित अन्य गतिविधियों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक महेन्द्र सिंह, नवांकुर संस्था जया सेवा समिति के अध्यक्ष देवप्रकाश गौतम, परामर्शदाता अन्नपूर्णा सोनी, प्रस्फुटन समिति के सचिव ओमप्रकाश तिवारी, अध्यक्ष रामनरेश जैसवाल, रमेश जैसवाल, सतेंद्र तिवारी, चंद्रभान सिंह, अशोक यादव, सतीश जैसवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# ई-विकास प्रणाली पर एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं कार्यशाला संपन्न

**उमरिया स्वतंत्रमत** । जिला उमरिया में ई-विकास प्रणाली (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) के प्रभावी संचालन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लाइव ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से किसानों को खाद वितरण के लिए टोकन जनरेट करने की प्रक्रिया का प्रदर्शन कर जानकारी दी गई।



प्रशिक्षण के दौरान किसानों को उर्वरकों के संतुलित एवं वैज्ञानिक उपयोग की सलाह दी गई, ताकि फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के साथ-साथ भूमि की उर्वरता भी बनी रहे। कार्यशाला में कृषि विभाग के उप संचालक संग्राम सिंह मरावी सहित कर्मचारी, सहकारिता विभाग के प्रतिनिधि, पैक्स सदस्यों, उर्वरक विक्रेताओं, मार्कफेड, एमपी एग्रो के अधिकारी-कर्मचारी तथा किसान उपस्थित रहे।

## अतिथि शिक्षकों की बैठक कल

**मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्र मत)।** नारायणगंज विकासखंड के अतिथि शिक्षकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आगामी 15 मई को दोपहर 12 बजे जनपद पंचायत नारायणगंज के सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता शिक्षा समिति अध्यक्ष द्वारा की जाएगी। बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 100 प्रतिशत विषयवार अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था, सेवा शर्तों, मानदेय संबंधी विषयों, पोर्टल पंजीयन एवं अपडेट सहित अतिथि शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। बैठक में विकासखंड नारायणगंज के सभी अतिथि शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य बताई गई है।

## वार्षिक प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** वन एमपी आर्टिलरी रेजिमेंट एनसीसी जबलपुर द्वारा आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर सीएटीसी का समापन ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय रांझी जबलपुर में हुआ। यह शिविर कमांडिंग ऑफिसर कर्नल कीर्ति शिंत्रे एवं लेफ्टिनेंट कर्नल नरेंद्र शेखावत के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। शिविर में शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय के 71 एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कैडेट्स ने ड्रिल, स्पीच, निबंध लेखन, फ्लैग एरिया एवं लाइन एरिया प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न कठिन प्रतिस्पर्धाओं में अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय देते हुए विद्यालय को ओवरऑल द्वितीय स्थान दिलाया। इस प्रशिक्षण शिविर में 12 विद्यालयों के कुल 434 कैडेट्स ने भाग लिया।

## योजनाओं की दी जानकारी

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** ग्राम पंचायत देवरी ब्लॉक नारायणगंज में हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन योजना के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए डिजिटल साक्षरता एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर प्रशासक सुश्री प्रेरणा मर्सकोले द्वारा उपस्थित महिलाओं को डिजिटल साक्षरता के तहत कम्प्यूटर की बुनियादी जानकारी तथा शासन द्वारा संचालित कौशल विकास योजनाओं से जुड़ने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य स्वच्छता संतुलित आहार एवं पौष्टिक भोजन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

## इंडिकेटर्स पर फोकस करें : कलेक्टर

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में बुधवार को आकांक्षी विकासखण्ड नारायणगंज की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित 5 थीम्स के 38 इंडिकेटर्स पर विशेष फोकस करते हुए नियत समय-सीमा में लक्ष्य हासिल किए जाएं। कलेक्टर ने बताया कि आकांक्षी ब्लॉक नारायणगंज के लिए कमिश्नर जबलपुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसलिए सभी विभागों को पोर्टफोलियोवार पूरी जानकारी तैयार करनी होगी। नोडल अधिकारी के स्तर से लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी अत: डाटा पूरी सावधानी से तैयार किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जनजातीय कार्य तथा आजीविका मिशन से जुड़े इंडिकेटर्स पर बिंदुवार चर्चा की।

## जनगणना प्रथम चरण बैठक

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** कार्यालय नगर परिषद बिछिया में जनगणना प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण कार्य के निरीक्षण एवं समीक्षा के लिए प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में डिप्टी कलेक्टर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी संस्कार बावरिया द्वारा सभी प्रगणकों की कार्य प्रगति तथा नजरी नक्शों का निरीक्षण किया गया। बैठक के दौरान श्री बावरिया ने जनगणना कार्य को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों से नियमित रूप से क्षेत्रीय निरीक्षण कर अद्यतन जानकारी संकलित करने को कहा।

## तहसीलदार ने किया निरीक्षण

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में गेहूं उपार्जन की प्रक्रिया को पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा लगातार केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को नायब तहसीलदार राम सिंह उलाड़ी ने हिरदेनगर स्थित गेहूं उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार श्री उलाड़ी ने केंद्र पर किसानों के लिए की गई बुनियादी व्यवस्थाओं पड़ताल की।

# कान्हा प्रबंधन और पत्रकारों के बीच बनी सहमति, 9 दिन से चल रहे धरने पर लगा विराम, 14 सूत्रीय मांगों पर सौंपा ज्ञापन

मण्डला (स्वतंत्र मत)

विगत नौ दिनों से पत्रकारों का चल रहा धरना प्रदर्शन बुधवार को समाप्त हुआ। कान्हा प्रबंधन और पत्रकारों के बीच लगभग 2 घंटे चली चर्चा के बाद 14 सूत्रीय मांगो में से अनेक मांगो को पूर्ण किए जाने के बाद धरना समाप्ति की अधिकाधिक घोषणा की गई। पत्रकार कलेक्ट्रेट मार्ग में धरना दे रहे थे बुधवार को कान्हा टाईगर रिजर्व कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया जहां पर 14 बिन्दुओं की जानकारी से प्रबंधन को अवगत कराया गया। इस बैठक में फील्ड डायरेक्टर (प्रबंधक) रविन्द्र मणि त्रिपाठी, डिप्टी डॉयरेक्टर पीके वर्मा, सहायक संचालक आशीष पांडे मुख्य रूप से उपस्थित रहे। यहां पर पत्रकारों ने अपनी-अपनी बातें रखते हुए सवाल किए जिसका समाधान किया गया। काफी देर चली चर्चा के बाद पत्रकार सहमत हुए इस दौरान प्रबंधन को ज्ञापन भी सौंपा गया।

***पत्रकारों की प्रमुख मांगें***- धरना दे रहे पत्रकारों ने 14 प्रमुख मांगें प्रशासन और कान्हा प्रबंधन के सामने रखी हैं। इनमें सबसे प्रमुख मांग यह है कि पत्रकारों के पांच सदस्यीय दल को प्रत्येक माह एक बार कान्हा पार्क की मॉनिटरिंग कराई जाए ताकि मीडिया स्वयं जमीनी स्थिति देख सके और सही जानकारी जनता तक पहुंचा सके। पत्रकारों ने आरोप



लगाया कि कई बार कान्हा प्रबंधन मीडिया को अधूरी या गलत जानकारी उपलब्ध कराता है। इसलिए दूसरी प्रमुख मांग यह रखी गई है कि यदि पत्रकारों को गलत जानकारी दी जाती है तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाए। आंदोलनकारियों ने कान्हा के अंदर किए जा रहे पक्के निर्माण कार्यों पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि पार्क के भीतर होटल, रिसॉर्ट और अन्य स्थायी निर्माण पर्यावरणीय संतुलन को प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि कान्हा के अंदर बने सभी पक्के निर्माण कार्यों की जांच कर उन्हें हटाया जाए।

***अतिक्रमण रिसॉर्ट संस्कृति पर सवाल***

पत्रकारों ने कान्हा के तीनों प्रमुख गेटों के आसपास बढ़ रहे अतिक्रमण को भी गंभीर मुद्दा बताया है। उनका कहना है कि पार्क के आसपास अनियंत्रित व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ती जा रही हैं जिससे वन क्षेत्र प्रभावित हो रहा है। मांग की गई है कि सभी अवैध अतिक्रमण तत्काल हटाए जाएं। इसके अलावा रिसॉर्ट्स में देर रात तक डीजे, आतिशबाजी और शादी समारोह आयोजित किए जाने का मुद्दा भी आंदोलन का हिस्सा बना हुआ है। पत्रकारों का कहना है कि इससे वन्यजीवों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। तेज ध्वनि और रोशनी के कारण जानवरों का प्राकृतिक व्यवहार प्रभावित होता है। इसलिए पार्क क्षेत्र में डीजे, आतिशबाजी और विवाह समारोहों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों ने यह भी मांग रखी कि कान्हा क्षेत्र को पूरी तरह मांसाहार मुक्त घोषित किया जाए। उनका कहना है कि इससे वन क्षेत्र की स्वच्छता और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी।

***स्टाफ को बदलने की मांग***- पत्रकारों ने कान्हा प्रबंधन के पूरे स्टाफ को बदलने की मांग भी उठाई है। उनका आरोप है कि वर्तमान व्यवस्था में पारदर्शिता की कमी है और कई मामलों में जिम्मेदार अधिकारी अपनी जवाबदेही से बचते नजर आते हैं। आंदोलनकारियों का कहना है कि यदि नए अधिकारियों की नियुक्ति होती है तो प्रबंधन में सुधार संभव हो सकेगा। धरने में शामिल पत्रकारों ने पिछले पांच वर्षों के बजट और खर्च का पूरा विवरण सार्वजनिक करने की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि वन्यजीवों की सुरक्षा, तकनीकी उपकरणों, भोजन, चिकित्सा व्यवस्था और अन्य संसाधनों पर कितनी राशि खर्च हुई, इसकी जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए। इसके साथ ही कान्हा प्रबंधन द्वारा पिछले पांच वर्षों में प्रचार-प्रसार पर खर्च की गई राशि का भी ब्यौरा मांगा गया है। पत्रकारों का कहना है कि यदि करोड़ों रुपये प्रचार में खर्च किए जा रहे हैं तो उसका वास्तविक लाभ और उपयोग भी जनता के सामने आना चाहिए।

***जानकारी सार्वजनिक करने मांग***-धरना दे रहे पत्रकारों ने जंगल सफारी व्यवस्था में भी पारदर्शिता की मांग उठाई है। उनका कहना है कि प्रतिदिन कितनी जिप्सियां सफारी में जाती हैं और पार्क के भीतर कौन-कौन से कार्य कराए जा रहे हैं इसकी जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए। उन्होंने पार्क के प्रमुख गेटों पर सूचना बोर्ड लगाने मांग की है, जिसमें पुल-पुलिया, सड़क निर्माण, जल व्यवस्था और अन्य विकास कार्यों की जानकारी दर्ज हो। इससे पर्यटकों और स्थानीय लोगों को वास्तविक स्थिति की जानकारी मिल सकेगी।

***पशुओं पर रोक लगाने मांग***- धरना प्रदर्शन में यह मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया कि पार्क क्षेत्र में मौजूद कुछ पालतू और बाहरी पशु वन्यजीवों के लिए संक्रमण का खतरा पैदा कर सकते हैं। पत्रकारों ने मांग की कि ऐसे सभी पशुओं की निगरानी कर उन्हें प्रतिबंधित किया जाए ताकि वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही पार्क क्षेत्र में प्लास्टिक डिस्पोजल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग भी आंदोलन का हिस्सा बनी हुई है। पत्रकारों का कहना है कि प्लास्टिक कचरा वन्यजीवों और पर्यावरण दोनों के लिए खतरनाक साबित हो रहा है।

## नवागत पुलिस अधीक्षक से मिले व्यापारी



मण्डला(स्वतंत्र मत)

जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी से व्यापारी संगठन के प्रतिनिधियों और स्थानीय युवाओं ने सौजन्य भेंट की। इस मुलाकात के दौरान व्यापारियों ने जहां एक ओर एसपी का स्वागत किया। वहीं दूसरी ओर जिले की कानून व्यवस्था और युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति को लेकर चर्चा भी की। कृषि उपज मंडी के सामने नवनिर्मित का शुभारंभ 13 मई से होने जा रहा है। वहीं जिम के संचालक नितिन सेरमानी और उपसंचालक निमेश मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी से मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता और निमंत्रण पत्र भेंट किया। उन्होंने एसपी को जिम की ओपनिंग के लिए मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। मुलाकात के दौरान मंडला व्यापारी संगठन के सदस्यों ने नवागत एसपी को मां नर्मदा का तैल्यचित्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया। औपचारिक भेंट के बाद व्यापारियों ने जिले की ज्वलंत समस्याओं पर एसपी का ध्यान आकर्षित कराया। व्यापारियों ने बताया कि जिले में इन दिनों अवैध गतिविधियों में बढ़ोतरी हुई है। सबसे चिंताजनक विषय युवाओं का नशे की ओर बढ़ता रुझान है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि बड़ी संख्या में युवा नशे की गिरफ्त में आकर बर्वाद हो रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से मोबाइल एसोसिएशन से आकाश क्षत्री, प्रभात जैन, शंकर वानी संकेत राय सहित व्यापारी संगठन के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## यातायात की कार्यवाही काटे चालान

मण्डला(स्वतंत्र मत)

पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से विशेष हेलमेट अनिवार्यता अभियान चलाया गया। 25 अप्रैल से 10 मई तक संचालित इस अभियान के दौरान जिलेभर में बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सघन चालानी कार्रवाई की गई। अभियान के तहत कुल 1811 चालान बनाए गए तथा 5 लाख 43 हजार 300 रूपए समन शुल्क वसूला गया। वहीं 92 प्रकरणों को लाइसेंस निलंबन के लिए परिवहन विभाग को भेजा गया। अभियान के दौरान मंडला यातायात पुलिस एवं जिले के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्रों एवं सार्वजनिक स्थलों पर वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने एवं यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस द्वारा केवल चालानी कार्रवाई ही नहीं की गई बल्कि स्कूल कॉलेज एवं सार्वजनिक स्थानों पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस दौरान नागरिकों को हेलमेट नहीं पहनने से होने वाले गंभीर दुर्घटना जोखिमों की जानकारी दी गई।

## कलेक्टर से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन



मण्डल(स्वतंत्र मत)

वनवासी विकास परिषद जिला ईकाई मंडला के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने नवागत कलेक्टर से मुलाकात करते हुए चर्चा की है। इस दौरान क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुभाष बडोले, प्रांत संगठन मंत्री किशोरी लाल यादव, वनवासी विकास परिषद जिला अध्यक्ष कैलाश डेहरिया, आदिवासी जनजाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज मरकाम, जिला संगठन मंत्री राजू कुड़ापे, जनजाति सुरक्षा मंच जिला सहसंयोजक सोनू मरावी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वनवासी विकास परिषद ईकाई मंडला के द्वारा जनजाति समाज के संवैधानिक प्रावधान के साथ वन अधिकार के अंतर्गत व्यक्तिगत पट्टा वितरण में चल रही विसंगतियों के निराकरण को लेकर चर्चा की गई है। वहीं एक ज्ञापन सौंपकर जनजातीय छात्रों के लिए संचालित नि:शुल्क कोचिंग केंद्र हेतु स्थायी भवन उपलब्ध कराने की मांग की गई। परिषद द्वारा बताया गया कि जिला मण्डला अंतर्गत जनजातीय विद्यार्थियों को नि:शुल्क शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग प्रदान की जा रही है। वर्तमान में यह कोचिंग केंद्र किराये के भवन में संचालित हो रहा है जिससे छात्रों एवं संस्था दोनों को कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि परिषद का संचालन केंद्र एकलव्य बालक छात्रावास घुटास रोड़ भुआ बिछिया में संचालित है। संस्था ने प्रशासन से मांग की है कि मण्डला शहर में स्थित किसी रिक्त शासकीय अथवा अंत: व्यावसायिक भवन को किराये पर उपलब्ध कराया जाए ताकि जनजातीय छात्रों को बेहतर वातावरण में शिक्षा और गुणवत्तापूर्ण कोचिंग सुविधा मिल सके। परिषद पदाधिकारियों ने कहा कि जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों से आने वाले अनेक छात्र आर्थिक रूप से कमजोर हैं। ऐसे विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क कोचिंग व्यवस्था भविष्य निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम बन रही है।

# पूर्व एनएसजी कमांडो सुरेंद्र सिंह 17 को आयेंगे, सम्मान कार्यक्रम में होंगे शामिल




मण्डला(स्वतंत्र मत)

17 मई को आयोजित होने वाले सम्मान समागम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में 26/11 के वीर सैनिक एवं पूर्व एनएसजी कमांडो दिल्ली से सुरेंद्र सिंह होंगे। आप दिल्ली से दो बार विधायक भी रह चुके हैं। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. अजय वंशकार ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर महाराजपुर स्थित स्वंयसिद्ध पैरामेडिकल कॉलेज में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में कार्यक्रम की संपूर्ण तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 16 मई की रात्रि कमांडो सुरेंद्र सिंह का आगमन होगा। 17 मई को आयोजित सम्मान समागम स्वास्थ्य परामर्श शिविर एवं अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में वे सहभागिता करेंगे। स्वास्थ्य परामर्श शिविर में सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण हीमोग्लोबिन जांच, ब्लड ग्रुप जांच एवं अन्य रक्त संबंधी परीक्षण किए जाएंगे। साथ ही समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन झंकार भवन कलेक्ट्रेट रोड परिसर में किया जाएगा। दोपहर 2:30 बजे से अतिथियों एवं प्रतिभागियों का एकत्रीकरण प्रारंभ होगा तथा मुख्य कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम में विशेष रूप से मुख्य अतिथि कमांडो सुरेंद्र सिंह, श्रीमती डॉ. धरित्रि जे. मोहंती सीएमएचओ, अम्मा लाल पटेल प्रांत संगठन मंत्री हिन्दू जागरण मंच, नीरज अग्रवाल अधिमान्य पत्रकार एवं समाजसेवी, आचार्य भीमदेव वैदिक गुरुकुल गयाजीपुर, श्रीमती ज्योति जायसवाल सामाजिक कार्यकर्ता एवं डॉ. समीर साहू सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# डोलोमाइट के प्रदूषण और ओव्हर लोडिंग से ग्रामीण परेशान



## जनसुनवाई में गर्माया मामला

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** चिरईडोंगरी क्षेत्र में डोलामाइट से फैल रहे प्रदूषण एवं ओवरलोड डम्फरों से दुर्घटना से आशंकित रक ज्ञापन जन सुनवाई में नैनपुर एस डी एम को सौंपा गया है। बताया गया है कि डोलामाइट ओवरलोडिंग डम्फर से सड़को पर गिट्टी गिरने के कारण आये दिन मोटर साइकल चालक दुर्घटना ग्रस्त हो रहे हैं। डोलामाइट ठेकेदार को मोबाईल से सूचना देने पर भी ओवरलोडिंग डम्फर में सुधार नहीं किया जा रहा है। डोलामाइंट ओवरलोडिंग से गांव में चारो तरफ प्रदूषण भी फैल रहा है । इस कारण से क्षेत्र के ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि रेलवे नियमानुसार लोडिंग के समय पानी का छिड़काव भी नही कर रहा है। कल नैनपुर में ज्ञापन सौंपते हुए मांग की गई कि तत्काल ओवर लोडिंग डम्फरों पर रोक लगाई जाए। कहा गया कि एक सप्ताह के अंदर समस्या का निदान ना होने पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी चिरईडोंगरी के द्वारा चक्काजाम कर आंदोलन किया जावेगा।

# मोहगांव क्षेत्र का दौरा कर किसानों से मिले कृषि उपसंचालक

मण्डला (स्वतंत्र मत)

कृषि कल्याण विभाग के उपसंचालक अश्वनी झारिया द्वारा विकासखंड मोहगांव के विभागीय विभिन्न कार्यों का निरीक्षण एवं अवलोकन किया गया । राजपूत वेयर हाउस गेहूं उपार्जन केंद्र रेयगांव में उपार्जन केंद्र की व्यवस्था को देखा और संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए केंद्र में वर्तमान तक 249 किसानों से 7000 क्विंटल गेहूं खरीदा की गई है और अभी तक मात्र 103 किसानों को भुगतान किया जा चुका है अभी केंद्र में उठाव हेतु 4000 क्विंटल गेहूं शेष है बारदाने के अभाव में अभी खरीदी बंद है स्लॉट बुकिंग हो रही है किसानों को पीने के पानी की व्यवस्था और छायादार स्थान की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हवा तूफान के कारण अव्यवस्था हो गई थी केंद्र प्रभारी को व्यवस्था दूरस्थ करने निर्देशित किया गया है। खरीदा गया गेहूं को किसान के सामने तौल कर देखा गया जिसमे किसी बोरे में 50-400 एवं 50-700, 50-780 पाया गया है। बारदाना नहीं होने से 3000 क्विंटल गेहूं केंद्र में ही रखा है जिसे सुरक्षित रखने के लिये केंद्र प्रभारी को निर्देश दिए गए और 4000 बारदाने की मांग की गई है। प्रशासन आपके द्वारा कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मोहगांव रैयत में किसानों की चौपाल में पहुंचकर किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर ई टोकन प्रणाली द्वारा कैसे रासायनिक खाद प्राप्त कर सकते हैं इसकी विस्तार से जानकारी। अश्विनी झरिया ने बताया कि किसान को जितनी चाहिए उतनी खाद मिल सकती है। पर उसे वैज्ञानिक द्वारा तय साइंटिफिक मात्रा से अधिक पहली बार नहीं मिलेगी तय मात्रा से अधिक लेने हेतु किसान पुन: ई विकास पे आवेदन करेगा। सिस्टम कारण पूछेगा किसान कारण दे सकता है तदुपरांत ई विकास पुन: किसान को तय मात्रा के अतिरिक्त खाद की बुकिंग कर देगा और किसान खाद प्राप्त कर सकेगा। किंतु अधिक खाद लेने पे कोई प्रतिबंध नहीं है बशर्ते किसान पुन: ई विकास पे आए। अधिक जानकारीं के लिए अनुविभागीय अधिकारी कृषि श्रीमती मधु अली ई विकास प्रणाली नोडल अधिकारी से संपर्क कर सकते है लैम्पस मोहगांव में किसानों की आईडी जनरेट करवाकर उप संचालक कृषि द्वारा टोकन जारी करवाया गया जिसमें किसान कुंवर लाल यादव ग्राम गिठार मलपहरी का टोकन सभी उपस्थित किसानों के सामने उप संचालक कृषि द्वारा जारी किया गया किसान ने अपनी आवश्यकता और भूमि के अनुसार यूरिया 3 बैग और 1 बैग की बुकिंग करवाई। किसान को उपरोक्त खाद का मात्र राशि 2250 जमा करना होगा और शासन से अनुदान 6928/- संस्था को दिया जाएगा किसान को बुकिंग की पावती उपलब्ध कराई गई तीन दिवस के अन्दर खाद का उठाव करने हेतु सुझाव दिया गया। मोहगांव माल के प्रगतिशील किसान शैलकुमार नंदा के खेत का भ्रमण किया गया जिसमें किसान द्वारा जायद फसल प्रदर्शन में मूंगफली तिल और उड़द का प्रदर्शन लगाया है जिसका उप संचालक कृषि द्वारा अवलोकन कर आवश्यक सामयिक सुझाव दिए गए।

संपादकीय

## सड़क पर कातिल

सड़क पर आम नागरिक की सुरक्षा के इंतजाम इतने ढीले हैं कि आये दिन लोग असमय काल के गाल में समा रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में ही सड़क दुर्घटनाओं का विवरण भले ही मानवीय गलतियों का पिटारा खोल दे, लेकिन सड़क निर्माण में बरती गई लापरवाही भी काफी हद तक हानिकारक साबित हुई है। यदि कहीं वाहन पर गिरते पेड़ जान ले रहे हैं, तो इस सफर में जंगल को कातिल क्यों न मानें। वास्तव में देखा जाय तो वन विभाग के अड़ियल कानूनों की फेहरिस्त और काम का ढर्रा यह बताता है कि सड़कों के किनारे कितने ही खूनी पेड़ खड़े हैं और वहां कानून का नंगा नाच मौत का सबब बनता है।

बेशक हमने जंगल के कानून से लांघना मुश्किल कर दिया, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि कुछ घातक पेड़ सड़कों, बस्तियों और जीवन के हर दस्तूर के खिलाफ दैत्य बने रहें। अगर कहीं पर पेड़ कातिल साबित हो रहा, तो न्याय की दरकार किससे करें। बात मुआवजे की नहीं, बल्कि जिंदगी को उखाड़ फेंकने की है। हमारे जंगल वहां हैं, जहां से जीवन की राहें गुजरती हैं। सड़कों के किनारे हर साल कितने ही पेड़ अनेक कारणों से ढह कर नुकसान पहुंचाते हैं, लेकिन ऐसी कोई योजना नहीं जो ऐसे खतरों से जान-माल को बचा ले। अगर कहीं पेड़ टूट या सूख जाते हैं, तो भी विभाग इन्हें हटाने में वर्षों लगा देता है। ऐसे में झुके, सूख गए, सड़क की ढलान या बीचोंबीच खड़े पेड़ न हटाए गए, तो जगह-जगह मातम पसर सकता है।

सड़कों पर जिंदगी की सुरक्षा के दाग केवल वन विभाग पर ही नहीं, बल्कि बिजली के पोल और जलापूर्ति की पाइपें भी कम दोषी नहीं। अब तो सड़कों की मरम्मत भी काल बन रही है। नवनिर्माण की सामग्री, वाहनों की पार्किंग और मलबे के ढेर यातायात को जोखिम से भर रहे हैं। सड़कें आज भी इससे खचाखच भरी नजर आती हैं। सड़कों पर गति सीमा नियंत्रण तथा तकनीकी तौर पर इंजीनियरिंग की खामियां भी नजरअंदाज हो रही हैं। नतीजतन मौत की कमोबेश हर छलांग में स्पीड, ओवरटेक और आगे निकलने की जल्दबाजी सामने आ रही है। चालकों के लिए परिस्थितियों के अनुरूप ड्राइविंग स्किल का न होना भी एक बड़ा कारण है, लेकिन हर साल सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान चलने वाले अभियान के जरिए ऐसा संदेश देने में सरकारी अमला अभी भी पीछे है।

कई जगह सड़कों पर खतरनाक मोड़ चीखने-चिल्लाने की यातना बने हैं, तो न इंजीनियरिंग और न ही ड्राइविंग के लिए कोई पहरा तैयार हुआ। ड्राइविंग के साथ शारीरिक क्षमता तथा ड्राइवर सीट पर बैठे व्यक्ति के स्वास्थ्य का परीक्षण भी एक जरूरत है। अगर चालकों के स्वास्थ्य परीक्षण के शिविर लगें या सड़कों पर उनकी फिटनेस का समय-समय परीक्षण हो जाए, तो अनेक दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। बहरहाल, कहना न होगा कि सड़कों पर बढ़ता वाहन दबाव अब सफर के खतरे बढ़ा रहा है। वाहनों की दौड़ में ड्राइवर से लेकर सड़कों की फिटनेस भी जरूरी है और यातायात प्रबंधन में हर यात्री के जीवन की सुरक्षा का हर पहलू अब पुख्ता करना पड़ेगा। हर दुर्घटना केवल एक टीस, हजारों सबक देती है, लेकिन ढर्रा वहीं का वहीं खड़ा है। इसमें दोराय नहीं कि विकास में पिछड़े देश के मैदानी क्षेत्रों से लेकर पहाड़ के दुर्गम इलाकों में भी अब सड़कों का जाल बिछ गया है, जिससे वहां का कठिन जनजीवन काफी हद तक आसान हो गया है। मगर सड़कों के निर्माण के साथ-साथ सुरक्षित सफर का पहलू भी बेहद महत्त्वपूर्ण है। इस मसले पर शासन-प्रशासन के दावों के बावजूद सड़क हादसे कम होने के बजाय बढ़ते जा रहे हैं।

### खाड़ी देशों में युद्ध और अस्थिरता के कारण

# पीएम मोदी के राष्ट्रहित के आह्वान में भी राजनीति क्यों



ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

आज पूरी दुनिया एक ऐसे दौर से गुजर रही है, जहां युद्ध, आर्थिक अस्थिरता, ऊर्जा संकट और वैश्विक बाजार की अनिश्चितताओं ने मानव सभ्यता को नई चुनौतियों के सामने खड़ा कर दिया है। खाड़ी देशों में लंबे समय से चल रहे संघर्ष और युद्ध की विभीषिका ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को गहरे तक प्रभावित किया है। कच्चे तेल की कीमतों में लगातार वृद्धि, आपूर्ति श्रृंखलाओं का बाधित होना, डॉलर के मुकाबले विभिन्न देशों की मुद्राओं का कमजोर होना और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में उत्पन्न असंतुलन ने लगभग हर राष्ट्र की आर्थिक व्यवस्था को प्रभावित किया है। भारत भी इन परिस्थितियों से अछूता नहीं रह सकता। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा आयात करता है और सोने का भी विश्व के सबसे बड़े उपभोक्ताओं में से एक है। ऐसी स्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से ईंधन के संयमित उपयोग और सोने की खरीद को सीमित करने का आह्वान केवल एक आर्थिक सलाह नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में किया गया दूरदर्शी चिंतन है। दुर्भाग्य यह है कि मोदी की मितव्ययिता की अपील पर पूरे देश को एकजुट होकर गंभीरता से विचार करना चाहिए था, उस विषय को भी राजनीतिक विवाद का हथियार बना दिया गया। कुछ विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री की इस अपील को जनता में भय फैलाने वाला कदम बताया, तो कुछ ने इसे सरकार की विफलताओं को छिपाने का प्रयास कहा। जबकि वस्तुतः यह अपील राष्ट्र को भविष्य की संभावित चुनौतियों के प्रति सचेत करने और समय रहते आत्मानुशासन अपनाने का संदेश है। यह राजनीति का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय जिम्मेदारी का प्रश्न है। जब विश्व के बड़े-बड़े राष्ट्र आर्थिक संकटों से जूझ रहे हों, तब भारत के प्रधानमंत्री यदि नागरिकों को संयम एवं मितव्ययिता का सूत्र देते हैं तो उसे राजनीतिक चश्मे से नहीं, बल्कि राष्ट्रीय दृष्टि से देखा जाना चाहिए। यह पहला अवसर नहीं है, जब प्रधानमंत्री ने देश की तरक्की को बनाए रखने की सामूहिक चिन्ता करते हुए मितव्ययिता एवं संयम की अपील की हो।

भारत की संस्कृति मूलतः संयम प्रधान रही है। भारतीय जीवन-दर्शन में संयम को केवल व्यक्तिगत गुण नहीं, बल्कि जीवन की सबसे बड़ी शक्ति माना गया है। हमारे ऋषियों, मुनियों और महापुरुषों ने सदैव आवश्यकता और विलासिता के बीच अंतर करना सिखाया। महावीर, बुद्ध, गांधी और विनोबा भावे जैसे महापुरुषों ने त्याग और संयम को ही मानवता की सबसे बड़ी शक्ति बताया। भारतीय संस्कृति कहती है कि जितना आवश्यक हो उतना ही उपभोग करो, क्योंकि असीमित उपभोग अंततः संकट को जन्म देता है। यही कारण है कि भारतीय सभ्यता हजारों वर्षों तक टिकाऊ और संतुलित बनी रही। आज जब पूरी दुनिया उपभोक्तावाद के दुष्परिणाम भुगत रही है, तब भारत की यही संयम आधारित संस्कृति समाधान का मार्ग दिखा सकती है। सोने के प्रति भारतीय समाज का आकर्षण ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दोनों स्तरों पर गहरा रहा है। विवाह, पारिवारिक उत्सव, धार्मिक परंपराएं और सामाजिक प्रतिष्ठा में सोने का विशेष स्थान है। लेकिन यह भी एक कठोर सत्य है कि भारत का अधिकांश सोना आयातित होता है। हर वर्ष अरबों डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार सोने के आयात पर खर्च होता है। यह सोना उत्पादन या औद्योगिक विकास में उपयोग होने के बजाय घरों और लॉकरों में बंद होकर निष्क्रिय पड़ा रहता है। ऐसे समय में जब विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ रहा हो और रुपये की कीमत लगातार गिर रही हो, तब सोने की खरीद में संयम बरतने की अपील आर्थिक दृष्टि से अत्यंत प्रासंगिक है। यह किसी की परंपराओं के विरोध में नहीं, बल्कि देश की आर्थिक मजबूती के पक्ष में उठाया गया कदम है।

इसी प्रकार ईंधन के उपयोग में संयम भी समय की आवश्यकता है। भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा आयातित तेल पर निर्भर है। खाड़ी देशों में युद्ध और अस्थिरता के कारण तेल की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है। इसका



सीधा प्रभाव पेट्रोल, डीजल, परिवहन, उद्योग और महंगाई पर पड़ता है। यदि नागरिक ईंधन के अनावश्यक उपयोग को सीमित करें, सार्वजनिक परिवहन का अधिक उपयोग करें, ऊर्जा बचत को जीवनशैली का हिस्सा बनाएं, तो इससे न केवल देश की अर्थव्यवस्था को राहत मिलेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी। संयम का अर्थ केवल त्याग नहीं होता, बल्कि दूरदर्शिता और जिम्मेदारी भी होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील इसी जिम्मेदारी की भावना से प्रेरित प्रतीत होती है। उन्होंने किसी प्रकार की जबरदस्ती या प्रतिबंध की बात नहीं की, बल्कि नागरिकों से स्वैच्छिक सहयोग की अपेक्षा की। यह लोकतांत्रिक नेतृत्व की पहचान है।

एक जिम्मेदार प्रधानमंत्री का कर्तव्य केवल संकट आने पर कदम उठाना नहीं होता, बल्कि संकट के संकेतों को पहचानकर समय रहते जनता को तैयार करना भी होता है। आज जब दुनिया के कई देशों में आर्थिक अस्थिरता के कारण भारी महंगाई, बेरोजगारी और सामाजिक तनाव देखने को मिल रहे हैं, तब भारत अपेक्षाकृत स्थिर स्थिति में है। यह केवल संयोग नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले वर्षों में अपनाई गई आर्थिक नीतियों, बुनियादी ढांचे के विस्तार, डिजिटल अर्थव्यवस्था, आत्मनिर्भर भारत अभियान और वैश्विक स्तर पर भारत की मजबूत स्थिति का परिणाम है। यह भी उल्लेखनीय है कि विश्वव्यापी संकटों के बावजूद भारत ने अपने नागरिकों पर अत्यधिक आर्थिक बोझ नहीं पड़ने दिया। महामारी से लेकर युद्धजनित परिस्थितियों तक भारत सरकार ने लगातार राहत योजनाएं चलाईं, गरीबों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया, किसानों और मध्यम वर्ग को विभिन्न प्रकार की सहायता दी तथा अर्थव्यवस्था को स्थिर बनाए रखने के लिए अनेक कदम उठाए। वैश्विक मंदी और युद्ध के वातावरण में भी भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल बना हुआ है। यह प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शिता का प्रमाण है।

दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि देशहित के ऐसे विषयों पर भी कुछ राजनीतिक दल संकीर्ण राजनीति से ऊपर नहीं उठ पा रहे। लोकतंत्र में आलोचना का अधिकार सभी को है, लेकिन हर विषय को राजनीतिक लाभ-हानि के तराजू में तौलना राष्ट्रहित के विरुद्ध है। यदि प्रधानमंत्री जनता से संयम की अपील करते हैं तो विपक्ष को चाहिए कि वह भी जनता को जागरूक करे, न कि भय और भ्रम का वातावरण बनाए। राजनीति तब तक स्वस्थ मानी जाती है जब तक वह राष्ट्रहित से जुड़ी रहे। लेकिन जब राजनीति केवल विरोध के लिए विरोध करने लगे और राष्ट्रीय संकटों को भी अवसर की तरह देखने लगे, तब वह लोकतंत्र को कमजोर करती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि पूरा देश एक परिवार की तरह सोचते हुए राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि माने। संकट के समय संयम, अनुशासन और सहयोग ही किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। भारत ने इतिहास में अनेक बार यह सिद्ध किया है कि जब भी राष्ट्र पर संकट आया, भारतीय समाज ने अद्भुत त्याग और एकता का परिचय दिया। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर युद्धकाल तक, भारतीय जनता ने अपने निजी हितों से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को महत्व दिया है। आज फिर वही समय है जब हमें समझना होगा कि अनावश्यक उपभोग, दिखावे की प्रवृत्ति और अंधाधुंध विलासिता अंततः देश की आर्थिक मजबूती को कमजोर करती है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील को इसी व्यापक संदर्भ में देखने की आवश्यकता है। यह केवल सोना न खरीदने या ईंधन बचाने का संदेश नहीं, बल्कि आत्मसंयम, आत्मअनुशासन और राष्ट्रीय जिम्मेदारी का संदेश है। भारतीय संस्कृति का मूल स्वर भी यही रहा है कि व्यक्ति अपने आचरण से समाज और राष्ट्र को मजबूत बनाए। यदि हम संयम को जीवन का हिस्सा बना लें तो अनेक आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान स्वतः संभव हो सकता है। आज दुनिया जिस अनिश्चितता और संकट के दौर से गुजर रही है, उसमें भारत अपेक्षाकृत मजबूत स्थिति में खड़ा है। इसका श्रेय देश की जनता की सामर्थ्य के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को भी जाता है। ऐसे समय में आवश्यकता राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप की नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता और सकारात्मक सोच की है। संयम केवल आर्थिक नीति नहीं, बल्कि राष्ट्रनिर्माण का आधार है। यदि हम इस भावना को समझ सकें, तो न केवल वर्तमान संकटों का सामना कर पाएंगे, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकेंगे।

# भारत का सोना : डेड एसेट या करोड़ों लोगों की आर्थिक जीवनरेखा?



भूपेन्द्र गुप्ता
(लेखक स्वतंत्र विश्लेषक हैं)

भारत में जब भी अर्थव्यवस्था पर चर्चा होती है, सरकार और नीति निर्धारकों की ओर से एक बात बार-बार कही जाती है-देश को सोने की खपत कम करनी चाहिए। तर्क दिया जाता है कि सोने का अत्यधिक आयात विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव डालता है, चालू खाता घाटा बढ़ाता है और निवेश को उत्पादक क्षेत्रों से हटाकर निष्क्रिय संपत्ति में बदल देता है। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या भारत में सोना वास्तव में केवल एक डेड एसेट है? या फिर यह करोड़ों गरीब, मध्यमवर्गीय और ग्रामीण परिवारों की आर्थिक जीवनरेखा बन चुका है?

तथ्य बताते हैं कि भारत में सोने को केवल आभूषण या विलासिता की वस्तु मानना भारतीय समाज और अर्थव्यवस्था की वास्तविकता को नज़रअंदाज़ करना है। आज भारत हर वर्ष सोने के आयात पर लगभग 70 अरब डॉलर से अधिक खर्च कर रहा है। यह राशि 6 लाख करोड़ रुपये से अधिक बैठती है। सरकार के लिए यह चिंता का विषय है क्योंकि इतना बड़ा आयात देश की विदेशी मुद्रा पर दबाव डालता है। इसी कारण समय-समय पर सरकार गोल्ड इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ाती है, लोगों से सोना न खरीदने की अपील करती है सोवरेन गोल्ड बांड जैसी योजनाओं के माध्यम से भौतिक सोने की मांग कम करने का प्रयास करती है।

लेकिन इस आर्थिक दृष्टिकोण की अपनी सीमाएँ हैं। दिल्ली और मुंबई के वातानुकूलित नीति कक्षों से देखने पर सोना अनुत्पादक निवेश लग सकता है, परंतु भारत के गांवों, कस्बों और निम्न मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए यही सोना सबसे विश्वसनीय बैंक है। भारत में करोड़ों लोगों के पास न पर्याप्त बैंक बैलेंस है, न शेयर बाजार में निवेश की क्षमता और न ही बड़े स्तर की औपचारिक वित्तीय पहुंच। उनके लिए घर में रखा सोना ही संकट के समय की पूंजी है।

यही कारण है कि आज गोल्ड लोन भारत की अर्थव्यवस्था का एक विशाल और तेजी से बढ़ता हुआ स्तंभ बन चुका है। उपलब्ध वित्तीय आंकड़ों के अनुसार देश में सक्रिय गोल्ड लोन खातों की संख्या लगभग 9 करोड़ के आसपास पहुंच चुकी है। यानी करोड़ों परिवार प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से गोल्ड लोन आधारित आर्थिक गतिविधियों से जुड़े हैं। यह केवल व्यक्तिगत उपभोग का ऋण नहीं है, बल्कि भारत की जमीनी अर्थव्यवस्था की कार्यशील पूंजी का महत्वपूर्ण स्रोत बन चुका है।

छोटे दुकानदार अपनी दुकान चलाने के लिए, किसान बीज और खाद खरीदने के लिए, महिला स्वयं सहायता समूह छोटे व्यवसाय खड़े करने के लिए, और निम्न आय वर्ग के परिवार अचानक बीमारी, शिक्षा या विवाह जैसे खर्चों के लिए घर का सोना गिरवी रखकर तत्काल ऋण प्राप्त करते हैं। कई छोटे व्यापारी तो बैंक की लंबी प्रक्रियाओं और गारंटी की शर्तों से बचने के लिए गोल्ड लोन को ही सबसे तेज और भरोसेमंद वित्तीय विकल्प मानते हैं।

यानी जिस सोने को नीति निर्माता डेड एसेट कहते हैं, वही जमीन पर करोड़ों लोगों के लिए जीवंत तरलता का स्रोत है।

भारत की सामाजिक संरचना को समझे बिना सोने की आलोचना अधूरी है। भारतीय परिवारों, विशेषकर महिलाओं के लिए सोना केवल निवेश नहीं बल्कि सामाजिक सुरक्षा का माध्यम भी है। विवाह, बीमारी, बेरोजगारी या आकस्मिक संकट की स्थिति में सबसे पहले घर का सोना ही परिवार को संभालता है। ग्रामीण भारत में तो यह अनौपचारिक बैंकिंग व्यवस्था का सबसे भरोसेमंद आधार बन चुका है।

विडंबना यह है कि सरकार एक ओर लोगों से सोना न खरीदने की अपील करती है, वहीं दूसरी ओर देश की बैंकिंग और क्रेडिट व्यवस्था आज भी करोड़ों लोगों तक समान रूप से नहीं पहुंच पाई है। छोटे व्यवसायी को यदि बिना गारंटी का आसान और सस्ता ऋण उपलब्ध नहीं होगा, तो वह स्वाभाविक रूप से अपने घर के सोने पर निर्भर रहेगा। इसलिए समस्या केवल सोना खरीदने में नहीं बल्कि वित्तीय समावेशन की अधूरी व्यवस्था में भी है।

यह भी सच है कि भारत का विशाल स्वर्ण भंडार अभी भी निष्क्रिय रूप से घरों में पड़ा है। अनुमान है कि भारतीय परिवारों के पास दुनिया का सबसे बड़ा निजी स्वर्ण भंडार मौजूद है। यदि इस सोने को सुरक्षित वित्तीय प्रणाली से जोड़कर उत्पादक पूंजी में बदला जाए, तो यह भारतीय अर्थव्यवस्था को बड़ी ताकत दे सकता है। लेकिन इसके लिए लोगों का विश्वास जीतना होगा। सरकार की योजनाएँ तब तक सफल नहीं होंगी जब तक आम नागरिक को यह भरोसा न हो कि उसकी संपत्ति सुरक्षित रहेगी और उसे पर्याप्त लाभ मिलेगा।

सोने पर बहस को केवल आयात और डॉलर के नजरिए से देखना इसलिए खतरनाक है क्योंकि यह भारत की सामाजिक-आर्थिक वास्तविकताओं को अनदेखा करता है। भारत में सोना भावनात्मक संपत्ति भी है, सांस्कृतिक प्रतीक भी और आर्थिक सुरक्षा कवच भी। इसलिए समाधान दंडात्मक नीतियों में नहीं बल्कि संतुलित दृष्टिकोण में है।

सरकार को चाहिए कि-

छोटे व्यापारियों और किसानों के लिए सस्ती औपचारिक क्रेडिट व्यवस्था मजबूत करे,

ग्रामीण बैंकिंग पहुंच बढ़ाए,

गोल्ड मॉनेटाइजेशन योजनाओं को भरोसेमंद बनाए,

और सोने को केवल समस्या की तरह देखने की बजाय उसे आर्थिक परिसंपत्ति में बदलने की नीति विकसित करे।

क्योंकि भारत में सोना केवल चमकती धातु नहीं है; यह करोड़ों लोगों की आशा, सुरक्षा और आर्थिक अस्तित्व का आधार है।

# इस बार हमारी सरकार

संतोष उत्सुक

'इस बार आपकी सरकार' कहना अब सिर्फ नारा नहीं रहा। अब तो हमारी पार्टी की सरकार बन चुकी है अरे नहीं आप सब की सरकार आ गई है। हमने तो पहले ही योजनाबद्ध व्यवसायिक तरीकों से कयासों के रंग बिरंगे बाग़ लगवा दिए गए थे जिनमें समझदार जनता को खूब सैर करा दी गई थी। हमने सरकार बनाने के लिए यानी चुनाव जीतने के लिए बहुत मेहनत की। विवादवार में राजनीति का निम्न स्तर बनाए रखा। खूब वायदे बांटे जिनपर आम आदमी हर बार की तरह इस बार भी मुग्ध रहा। गज, फुट और इंच जैसे नेताओं के वायदे हज़म करने का अनुभव तो अब देश के हर व्यक्ति को है। दिग्गज दिमाग सरकार बना चुके हैं। मंत्रालयों से किस किस की गोद भराई होगी यह तय है। जिन अफसरान का तबादला होना है वे मानसिक व शारीरिक स्तर पर पूरी तरह तैयार हैं। उनके जाने के बाद हम अपनी टीम लाएंगे और वायदों के मुताबिक विकास करेंगे जिनमें आशा जगाऊ, ख़्वाब दिखाऊ शैली हमेशा की तरह समाहित की जाएगी। इस चुनाव में जिनकी जमानतें ज़ब्त हुई उनके लिए हमारी संवेदनाएं हैं। विपक्षी राजनीति की चारित्रिक विशेषता और घोर आवश्यकताएं अभी भी बदली नहीं हैं। हमने तो हमेशा पार्टी और विकास, किसान और गरीबों के किए बढ़िया स्वादिष्ट योजनाएं पकाकर पेश की हैं।



व्यंग्य

हमारी सरकार तो बन गई है लेकिन इस बार भी काफी लोगों ने पता नहीं हर किसी को वोट दिया। अब उन्हें मलाल रहेगा कि अच्छी आफर के बावजूद वे हमारे दल में शामिल क्यूं नहीं हुए। अभी भी कुछ नासमझ नागरिक बार बार लालच देने, आग्रह करने और उपहार देने के बावजूद वोट नहीं देते। शायद उन्हें किसी भी राजनीतिक पार्टी पर विश्वास नहीं रहा। कई हारे हुए घिसेपिटे, पुराने, धोखा खाए, पैसा लुटाए और साथसाथ शरीर तुड़वाए पूर्व राजनीतिज्ञ भी मानते हैं कि जिन नक्षत्रों में कुछ वोटरों ने जन्म लिया और जिन निम्न स्तरीय, नारकीय जीवन परिस्थितियों में जी रहे हैं, से उन्हें भगवान के सामने दिन रात की गई लाखों प्रार्थनाएं नहीं निकाल सकीं, विपक्ष में बैठे दिल के मैले व्यक्ति उनका भला कैसे सोच सकते हैं।

अब हमारी सरकार है इसलिए हम सीना ठोककर कहते हैं कि इस बार फिर लोकतंत्र की जीत हुई क्यूंकि लोकतंत्र कभी नहीं हारता। हममें से ज़रूर कुछ लोग मिल कर लोकतंत्र को हराने में लगे रहते हैं। हम विशवास के साथ कहते हैं कि देश के हर चुनाव में आशा, विश्वास, मानवता, धर्म की भी जीत होती है। इस बारे स्वतंत्र भारत के नए स्वर्णिम इतिहास पर विश्वास किया जा सकता है। हमारी सरकार झूठ साबित कर देगी कि अधिकतर नेताओं द्वारा भाग्य तो अपना, अपना, अपना, अपने वफादारों या सरमाएदारों का ही बदला जा सकता है। हम सबकी तकदीर बदल डालेंगे और बता देंगे कि असली भाग्य विधाता हमेशा की तरह ताक़त और पैसा ही नहीं है। हमारी सरकार में वक़्त और स्थितियों से लड़ने की हिम्मत है। हमारी, माफ़ करें आपकी अपनी सरकार के निर्माता जानते हैं कि उन्होंने विपक्ष की सभी प्रकार की धारणाओं को कैसे ध्वस्त करना है।

# ईरानी विमानों को अपने यहाँ छिपा कर पाकिस्तान ने उतार दिया 1971 का कर्ज



नीरज कुमार दुबे
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध के दौरान जब भारतीय हमलों से बचाने के लिए ईरान ने पाकिस्तानी सैन्य विमानों और संसाधनों को सुरक्षित ठिकाना उपलब्ध कराया था, तब शायद किसी ने नहीं सोचा होगा कि पांच दशक बाद पाकिस्तान उसी एहसान का बदला चुकाता दिखाई देगा। अब आरोप लग रहे हैं कि अमेरिका की संभावित सैन्य कार्रवाई और क्षेत्रीय तनाव के बीच पाकिस्तान ने ईरानी विमानों को अपने सैन्य ठिकानों पर सुरक्षित शरण दी। इस तरह इस्लामाबाद ने तेहरान का पुराना कर्ज तो उतार दिया है लेकिन अब वह खुद संकट में फंसता दिखाई दे रहा है। हालांकि पाकिस्तान ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है, लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने दक्षिण एशिया और पश्चिम एशिया की जटिल कूटनीतिक राजनीति को फिर से चर्चा के केंद्र में ला दिया है।

पाकिस्तानी अधिकारियों ने बताया है कि इस तरह के दावे वास्तविकता से परे हैं, क्योंकि नूर खान वायुसेना अड्डा राजधानी के अत्यंत व्यस्त और आबादी वाले हिस्से में स्थित है। पाकिस्तान का कहना है कि वहां किसी भी बड़े सैन्य बेडे या विमानों को छिपाकर रखना संभव ही नहीं है। दूसरी ओर अमेरिकी प्रशासन ने भी अब तक सार्वजनिक रूप से पाकिस्तान पर कोई सीधा आरोप नहीं लगाया है, जिससे स्थिति और अधिक जटिल दिखाई दे रही है।

सूत्रों के अनुसार ईरान ने संभावित खतरे को देखते हुए अपने कुछ नागरिक विमानों को पड़ोसी अफगानिस्तान की ओर भेजा। अफगान नागरिक उड्डयन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि महान एयर का एक विमान संघर्ष तेज होने से पहले काबुल पहुंचा था और बाद में सुरक्षा कारणों से उसे हेरात स्थानांतरित कर दिया गया। बताया गया कि अफगान क्षेत्र में पाकिस्तानी हवाई हमलों की खबरों के बाद यह आशंका पैदा हो गई थी कि काबुल हवाई अड्डा भी संभावित निशाना बन सकता है।

इन घटनाओं ने दक्षिण एशिया के जानकारों को 1971 के दौर की याद दिला दी है। उस समय शाह मोहम्मद रजा पहलवी के नेतृत्व वाला ईरान पाकिस्तान का प्रमुख समर्थक बनकर सामने आया था। तेहरान ने इस्लामाबाद को हेलिकाप्टर, ईंधन, गोला बारूद और सैन्य उपकरणों के कलपुर्जे उपलब्ध कराए थे। कई रिपोर्टों में यह भी उल्लेख मिलता है कि पाकिस्तान के कुछ सैन्य विमानों ने ईरानी वायुसेना अड्डों पर शरण ली थी।



बाद में सार्वजनिक हुए अमेरिकी दस्तावेजों से पता चला था कि तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन प्रशासन ने पर्दे के पीछे ईरान को पाकिस्तान की सहायता के लिए प्रोत्साहित किया था। उस दौर में अमेरिका और चीन दोनों ही पाकिस्तान को कमजोर होने से बचाना चाहते थे। शीत युद्ध के समय ईरान और पाकिस्तान दोनों सोवियत विरोधी सैन्य गठबंधन सेन्टो के सदस्य थे और निक्सन प्रशासन इन्हें क्षेत्र में सोवियत प्रभाव को रोकने वाले महत्वपूर्ण साझेदार मानता था।

पांच दशक बाद वैश्विक राजनीतिक समीकरण पूरी तरह बदल चुके हैं। आज ईरान अमेरिका का प्रमुख पश्चिम एशियाई प्रतिद्वंद्वी माना जाता है, जबकि पाकिस्तान दक्षिण एशिया में चीन का सबसे करीबी सुरक्षा सहयोगी बन चुका है। चीन ने हाल के समय में अमेरिका और ईरान के बीच अप्रत्यक्ष संपर्क स्थापित कराने में पाकिस्तान की भूमिका की सार्वजनिक सराहना भी की है। इस बदलती परिस्थिति में पाकिस्तान का संतुलन साधना पहले से कहीं अधिक कठिन हो गया है।

पाकिस्तान एक ओर चीनी सैन्य उपकरणों पर अत्यधिक निर्भर है। रिपोर्टों के अनुसार 2020 से 2024 के बीच पाकिस्तान के प्रमुख हथियार आयात का लगभग अस्सी प्रतिशत हिस्सा चीन से आया। वहीं दूसरी ओर इस्लामाबाद अमेरिका के साथ अपने सैन्य और खुफिया संबंधों को फिर से मजबूत करने की कोशिश भी कर रहा है, जो बराक ओबामा प्रशासन के दौरान काफी कमजोर पड़ गए थे।

पाकिस्तानी अधिकारी लगातार यह संदेश देने का प्रयास कर रहे हैं कि तेहरान के साथ उनके संबंध किसी गुप्त सैन्य सहयोग की बजाय क्षेत्रीय स्थिरता के लिए रचनात्मक कूटनीति का हिस्सा हैं। पाकिस्तान समय समय पर अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता की पेशकश भी करता रहा है। उसका दावा है कि दोनों देशों के साथ कार्यकारी संबंध बनाए रखने की उसकी क्षमता क्षेत्रीय तनाव कम करने में सहायक हो सकती है।

इसके बावजूद अमेरिकी सुरक्षा प्रतिष्ठान के एक प्रभावशाली हिस्से में पाकिस्तान को लेकर संदेह अब भी गहराई से मौजूद है। अल कायदा सरगना ओसामा बिन लादेन की पाकिस्तान में मौजूदगी की स्मृति आज भी अमेरिका पाकिस्तान संबंधों पर भारी पड़ती है। अमेरिकी अधिकारी और सांसद लंबे समय से पाकिस्तान की सुरक्षा व्यवस्था के कुछ तत्वों पर इस्लामी उग्रवादी संगठनों के साथ चयनात्मक संबंध रखने के आरोप लगाते रहे हैं, हालांकि पाकिस्तान इन आरोपों को लगातार नकारता आया है।

ताजा आरोपों ने अमेरिकी संसद में भी नई बहस छेड़ दी है। अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने चेतावनी दी है कि यदि पाकिस्तान द्वारा ईरान को सैन्य सहायता या शरण देने की खबरें सही साबित होती हैं, तो अमेरिका को ईरान और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थ के रूप में इस्लामाबाद की भूमिका का पूरी तरह पुनर्मूल्यांकन करना पड़ सकता है। इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि दक्षिण एशिया और पश्चिम एशिया की राजनीति में पुराने रिश्ते, सामरिक हित और बदलते वैश्विक गठबंधन आज भी गहराई से प्रभाव डाल रहे हैं।

बहरहाल, विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान पर आंख मूंदकर भरोसा करना अमेरिका सहित कई देशों के लिए पहले भी भारी पड़ चुका है। हाल के वर्षों में अमेरिकी रणनीतिक और सुरक्षा रिपोर्टों में भी यह संकेत दिया गया था कि पाकिस्तान की नीतियां भविष्य में अमेरिका के लिए प्रत्यक्ष चुनौती बन सकती हैं। कुछ विश्लेषणों में पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर को भी ऐसे व्यक्ति के रूप में देखा गया है जिनके फैसले क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ा सकते हैं और अमेरिकी हितों के लिए संकट खड़ा कर सकते हैं। यही कारण है कि वाशिंगटन में यह राय मजबूत होती जा रही है कि पाकिस्तान के साथ किसी भी सामरिक या कूटनीतिक साझेदारी में अमेरिका को अत्यंत सावधानी और सतर्कता बरतनी होगी।

स्वतंत्र मत
जबलपुर
गुरूवार 14 मई 2026



# ट्रंप के दौरे से पहले चीन ने खींची लक्ष्मण रेखा, इन 4 मुद्दों पर चर्चा नहीं कर पाएंगे अमेरिका राष्ट्रपति

नई दिल्ली

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के निमंत्रण पर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप 13 से 15 मई तक चीन की यात्रा पर रहेंगे। वहीं, इस यात्रा के पहले बुधवार को स में मौजूद चीनी दूतावास ने ङ्ग पर एक पोस्ट किया। जिसमें उन्होंने चीन-अमेरिका संबंधों के प्रमुख मुद्दों पर अपनी स्थिति दोहराई। इसके साथ ही चार रेड लाइन्स (सीमाएं) तय की हैं। जिन्हें इस सप्ताह होने वाले सुपरपावर शिखर सम्मेलन के दौरान चुनौती नहीं देने की बात कही गई है। यूएस में मौजूद चीनी दूतावास के अनुसार, इसमें ताइवान पर चीन की स्थिति और उसके विकास के अधिकार शामिल सहित दो और शर्त शामिल हैं।दूतावास ने पोस्ट में कहा, चीन-यूएस संबंधों में चार रेड लाइन्स को चुनौती नहीं दी जानी चाहिए। इस पोस्ट में एक ग्राफिक भी था, जिसमें ताइवान का मुद्दा, लोकतंत्र और मानवाधिकार, रास्ते और राजनीतिक व्यवस्थाएं और चीन के विकास का अधिकार को बीजिंग के ऐसे मुद्दे बताए गए है, जिन पर कोई समझौता नहीं होगा।

अपनी व्यापक कूटनीतिक स्थिति को और मजबूत करते हुए, दूतावास ने आगे कहा कि आपसी सम्मान, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और आपसी फायदे वाला सहयोग ही चीन और स के बीच अच्छे संबंध बनाए रखने का सही तरीका है। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने नवंबर 2024 में तत्कालीन राष्टपति जो बाइडेन से मुलाकात के बाद एक बयान में पहली बार इन चार रेड लाइन्स की घोषणा की थी।



चीन, लोकतांत्रिक रूप से शासित ताइवान को अपना ही क्षेत्र मानता है। इसलिए, चीन ने बुधवार को ताइवान को यूएस द्वारा हथियारों की बिक्री का कड़ा विरोध दोहराया और बीजिंग में शिखर सम्मेलन के लिए यूएस राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के आगमन से पहले वाशिंगटन से अपने वादों का पालन करने का आग्रह किया।

चीन के ताइवान मामलों के कार्यालय की प्रवक्ता झांग हान ने कहा कि, ताइवान एक आंतरिक मुद्दा है और यह चीनी लोगों का अपना मामला है। उन्होंने आगे कहा, हम यूएस द्वारा चीन के ताइवान क्षेत्र के साथ किसी भी प्रकार के सैन्य संबंध बनाने का कड़ा विरोध करते हैं, और हम स द्वारा चीन के ताइवान क्षेत्र को हथियार बेचने का भी कड़ा विरोध करते हैं।

यह हमारी एक सुसंगत और स्पष्ट स्थिति है। बता दें कि, दिसंबर में ट्रंप प्रशासन ने ताइवान के लिए .11 बिलियन डॉलर के हथियार पैकेज की घोषणा की थी, जो अब तक का सबसे बड़ा पैकेज था।

चीन लोकतंत्र और मानवाधिकारों की चिंताओं की आड़ में अपने आंतरिक मामलों में स के हस्तक्षेप का भी विरोध करता रहा है। वह चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व में अपनी समाजवादी व्यवस्था का बचाव करता है। चीन द्वारा रेयर-अर्थ के निर्यात पर नियंत्रण,एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) में प्रतिद्वंद्विता, और दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण व्यापारिक संबंध भी उन विषयों में शामिल हैं। जिन पर दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के प्रमुखों के बीच चर्चा होने की उम्मीद है। चीन पश्चिमी प्रतिबंधों के खिलाफ सक्रिय रूप से दांव-पेच चल रहा है; उसने 2021 के अपने ब्लॉकिंग नियमों को सक्रिय कर दिया है, ताकि घरेलू कंपनियों को स के दंडों (विशेष रूप से ईरानी कच्चे तेल के आयात से जुड़े दंडों) को नजर अंदाज करने के लिए बाध्य किया जा सके।

ट्रंप चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मिलने के लिए बीजिंग के रास्ते में हैं। यह दो-दिवसीय यात्रा 2017 में ट्रंप की यात्रा के बाद पहली यात्रा है, जब चीनी राष्ट्रपति के साथ उच्च-स्तरीय वार्ता एक बार फिर होगी। इस यात्रा का कार्यक्रम बेहद व्यस्त है, जिसमें एक राजकीय भोज और एक चाय-समारोह भी शामिल है।


# ट्रम्प के आगे झुकना बंद कर रूस से तेल खरीदें मोदी : केजरीवाल

नयी दिल्ली,(वार्ता)

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया कि वह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आगे झुकना बंद कर तत्काल रूस से तेल एवं गैस खरीदना शुरू करना चाहिए।

श्री केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन कर रूस से गैस लेकर भारत आ रहे एक जहाज को केंद्र सरकार की ओर से वापस लौटाने पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा , आप, ट्रम्प के आगे झुकना बंद कीजिए और तत्काल रूस से तेल तथा गैस खरीदना शुरू कीजिए। एक तरफ तो आप देश को पेट्रोल, डीजल और गैस बचाने की सलाह दे रहे हैं और दूसरी तरफ रूस तेल-गैस दे रहा है तो लेने से मना कर रहे हैं, क्यों?

उन्होंने कहा कि पूरे देश में अफवाह फैली हुई है कि अडानी को बचाने और एपस्टीप फाइल में नाम आने से मोदी बहुते डरे हुए हैं।



उन्होंने प्रधानमंत्री से पूछा कि आप ट्रम्प के सामने क्यों झुके हुए हैं? देश के 140 करोड़ लोगों का हित जरूरी है या ट्रम्प जरूरी है। पूरी दुनिया में किसी देश का नेता ट्रम्प की बात नहीं मान रहा है, सिर्फ हमारे प्रधानमंत्री ट्रम्प की बात क्यों मान रहे हैं? चारों तरफ अफवाह फैली हुई है कि एपस्टीन फाइल के अंदर मोदी का नाम आया है इसलिए मोदी जी डरे हुए हैं। चारों तरफ अफवाह फैली हुई है कि अडानी को बचाना है, इसलिए प्रधानमंत्री डरे हुए हैं।

आप नेता ने कहा, मुझे नहीं पता है कि आपका क्या व्यक्तिगत कारण है। लेकिन अगर मोदी अपने व्यक्तिगत दबाव को झेलने की क्षमता नहीं रखते हैं तो इस्तीफा दे दीजिए। भारत 140 करोड़ बहादुर लोगों का देश है। भारत ने बड़ी-बड़ी कुर्बानियां दी है। हमारे देश में ऐसे बहुत लोग हैं, जो ट्रम्प के सामने खड़े होकर उसकी आंखों में आंखे मिलाकर जवाब देने की हिम्मत रखते हैं। देश के लोग ऐसे व्यक्ति प्रधानमंत्री बनाएंगे, जो ट्रम्प को उसकी भाषा में जवाब दे।

श्री केजरीवाल ने कहा कि भारत 140 करोड़ आबादी वाला एक महान देश है। ट्रम्प को हमारी जरूरत है। अमेरिका को हमारी जरूरत है। दुनिया का सबसे बड़ा बाजार भारत के अंदर है। अमेरिका को अपना माल बेचने के लिए भारत की जरूरत है। अमेरिका की 10 कंपनियों को देश से बाहर निकाल दीजिए, ट्रम्प की अक्ल ठिकाने आ जाएगी। प्रधानमंत्री को देश को बताना चाहिए कि भारत रूस से तेल क्यों नहीं खरीद रहे हैं।

## केदारनाथ धाम यात्रा में नियम तोड़ने वाले 409 वाहन संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई

देहरादून (वार्ता)

उत्तराखंड स्थित ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग श्री केदारनाथ धाम की यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं दुर्घटनामुक्त बनाए रखने के लिए रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन और परिवहन विभाग गंभीरता एवं सतर्कता से जुटा है। इसके लिए यात्रा मार्ग पर सघन वाहन जांच जारी है। इस दौरान, यातायात नियमों की अवहेलना पर 409 वाहन संचालकों क विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई गई है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी रुद्रप्रयाग धर्मेंद्र सिंह बिष्ट ने बुधवार को बताया कि यात्रा अवधि में श्रद्धालुओं की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा अप्रैल में व्यापक स्तर पर जांच अभियान चलाते हुए बिना ग्रीन कार्ड, ट्रिप कार्ड, निर्धारित यूनिफॉर्म, वैध इंश्योरेंस, ड्राइविंग लाइसेंस, फायर एक्सटेंग्यूसर, मेडिकल किट एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों तथा सुरक्षा मानकों का पालन न करने वाले वाहन संचालकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 409 चालान किए गए, जिनसे 11.03 लाख रुपये का प्रशमन शुल्क प्राप्त हुआ। श्री बिष्ट ने कहा कि केदारनाथ यात्रा देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ी है।

## खाली दफ्तर, बंद इमारतें... अमेरिका में विदेशी छात्रों के लिए नई मुसीबत, ओपीटी वीजा घोटाले का खुलासा

नई दिल्ली

अमेरिका के इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट और यूनाइटेड स्टेट्स सिटीजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज ने ऑप्शनल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग वीजा प्रोग्राम में बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी का खुलासा किया है। पूरे अमेरिका में हजारों विदेशी छात्र और संदिग्ध नियोक्ता इस घोटाले में शामिल पाए गए हैं।

ओपीटी के एक्टिंग डायरेक्टर टॉड लायन्स ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि जांचकर्ताओं को खाली दफ्तर, बंद इमारतें और नकली काम की जगहें मिलीं हैं। ये कंपनियां सैकड़ों विदेशी छात्रों को नौकरी देने का दावा करती थीं, जबकि उनका कोई असली कारोबार नहीं था।

लायन्स ने कहा, ओपीटी प्रोग्राम, जो मूल रूप से छात्रों को सीमित समय के लिए काम देने के लिए बनाया गया था, अब एक बेकाबू गेस्ट वर्कर पाइपलाइन बन चुका है। हमने टॉप 25 ओपीटी एम्प्लॉयर्स की जांच में 10,000 से ज्यादा विदेशी छात्रों की पहचान की है जो बेहद संदिग्ध नियोक्ताओं से जुड़े हैं।




जांचकर्ताओं ने टेक्सास, वर्जीनिया, जॉर्जिया, इलिनोइस, न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी, नॉर्थ कैरोलिना और फ्लोरिडा समेत कई राज्यों में छापेमारी की। कई जगहों पर खाली इमारतें, बंद दरवाजे और आवासीय घर मिले जिन्हें काम की जगह बताया गया था। कई कंपनियां एक ही पते पर रजिस्टर्ड थीं, जबकि उस जगह का किराया किसी ने नहीं लिया था। एचएसआई के एग्जीक्यूटिव एसोसिएट डायरेक्टर जॉन कॉनिक ने बताया कि नॉर्थ टेक्सास में 18 वर्क साइट्स की जांच में शेल कंपनियों का नेटवर्क सामने आया। एक कंपनी ने दावा किया कि वह सिर्फ तीन ओपीटी छात्रों को नौकरी दे रही है, जबकि रिकॉर्ड्स में 500 से ज्यादा छात्र जुड़े पाए गए।

कई कंपनियों का एचआर और मैनेजमेंट काम भारत से संचालित होता था। कुछ ने पीओ बॉक्स या खाली जगहों को बिजनेस एड्रेस बताया। अधिकारियों का कहना है कि ये कंपनियां टैक्स चोरी, मुकदमों और संदिग्ध वित्तीय लेन-देन से भी जुड़ी मिली हैं। लायन्स ने इसे जान-बूझकर और सुनियोजित अंतरराष्ट्रीय धोखाधड़ी बताया।

## प्रवासी श्रमिकों को करना पड़ता है अधिक चुनौतियों का सामना : न्यायमूर्ति रामसुब्रमण्यन

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यन ने कहा कि प्रवासी श्रमिकों को अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है क्योंकि उनमें से अधिकतर असंगठित क्षेत्र से संबंधित हैं। न्यायमूर्ति रामसुब्रमण्यन ने बुधवार को %प्रवासी श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा सरकार और निजी क्षेत्र की साझा जिम्मेदारी विषय पर अपनी कोर ग्रुप की बैठक में कहा कि प्रवासी श्रमिक असंगठित क्षेत्र से जुड़े होने के कारण सबसे अधिक चुनौतियों का सामना करते हैं। भाषा की बाधाएं, लगातार स्थान परिवर्तन और स्थायी आवास का अभाव उन्हें अपने अधिकारों की रक्षा करने से रोकता है। उन्होंने कहा कि भारत में श्रमिकों की सुरक्षा के लिए मजबूत कानून मौजूद हैं, लेकिन उनकी प्रभावी क्रियान्वयन सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है। उन्होंने कहा कि केवल नीतियां बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि अंतरराज्यीय समन्वय, पोर्टेबल सामाजिक सुरक्षा और श्रम कानूनों के सख्त पालन जैसे प्रणालीगत सुधारों की जरूरत है। उन्होंने निर्माण, होटल, व्यापार और घरेलू कार्यों में लगे प्रवासी श्रमिकों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। एनएचआरसी के सदस्य जस्टिस (डॉ) बिद्युत रंजन सारंगी ने कहा कि प्रवासी मजदूरों को न तो उचित सम्मान मिलता है और न ही समय पर मजदूरी। उन्होंने कहा कि मजदूरी का समय पर भुगतान न होना उनके घर छोड़कर काम करने के उद्देश्य को ही विफल कर देता है।

## बालेन सरकार को झटका, नेपाल की सुप्रीम कोर्ट ने छात्र राजनीति बैन करने के आदेश पर लगाई रोक

नई दिल्ली



नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह को जबरदस्त कानूनी झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने शाह की सरकार के सिविल सर्विस ट्रेड यूनियनों और यूनिवर्सिटी में छात्र संगठनों को भंग करने के फैसलों पर रोक लगा दी है। इसे उन्होंने अध्यादेशों के जरिए लागू किया था। सुप्रीम कोर्ट के ये दो आदेश ऐसे समय में आए जब कर्मचारी और छात्र संगठन सड़कों पर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। शाह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में इन उपायों का बचाव करते हुए कहा, स्कूलों और सरकारी दफ्तरों में पार्टी के झंडों पर प्रतिबंध लगाने से छात्रों और कर्मचारियों के अधिकार नहीं छिनेंगे, बल्कि इससे उनकी पेशेवर स्वतंत्रताएं और मजबूत होंगी। उन्होंने कहा कि इस कदम का मकसद शिक्षा और नौकरशाही में पक्षपातपूर्ण प्रभाव को खत्म करना है, जहां छात्र और कर्मचारी संगठन राजनीतिक पार्टियों के स्लीपर सेल बन गए थे। उन्होंने आगे कहा कि तबादले और प्रमोशन प्रक्रिया, काबिलियत और काम के आधार पर होने चाहिए न कि पार्टी से जुड़ाव के आधार पर।

कर्मचारी और छात्र नेताओं ने इस तर्क को खारिज कर दिया। नेपाल सिविल सर्विस एम्प्लॉइज एसोसिएशन के चेयरमैन उत्तम कटवाल ने कहा कि रजिस्टर्ड ट्रेड यूनियनों को पार्टी-आधारित संगठन बताना गलत है। उन्होंने कहा, हम पार्टी-आधारित ट्रेड यूनियन नहीं हैं। हम सिविल सेवक हैं जो स्थायी सरकार के तौर पर काम करते हैं और हमने राज्य के नाम पर शपथ ली है। छात्र नेताओं ने भी कहा कि सरकार को छात्र संगठनों को खत्म करने के बजाय कैंपस की राजनीति को रेगुलेट करना चाहिए।

## रूस के बेलगोरोद में पटरी से उतरी ट्रेन

**मॉस्को, (वार्ता)।** रूस के बेलगोरोद क्षेत्र में रेल की पटरी में लगभग 6.5 फीट का अंतर आने के कारण एक ट्रेन पटरी से उतर गई है। बेलगोरोद क्षेत्र के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैदकोव ने बुधवार को कहा कि यह घटना किसी विस्फोटक उपकरण के कारण हो सकती है। ग्लैदकोव ने टेलीग्राम पर लिखा, याकोवलेवस्की जिले में एक आपातकालीन स्थिति उत्पन्न हुई है। राज़ुमनोए-तोमारोवका मार्ग पर जा रही एक ट्रेन पटरी से उतर गई। प्रारंभिक सूचना से पता चलता है कि यह घटना पटरी में लगभग दो मीटर के अंतर के कारण हुई, जो किसी विस्फोटक उपकरण के फटने से हो सकता है।

## परमाणु ऊर्जा से चलेगा ट्रंप के सम्मान में बनाया जा रहा जंगी जहाज

नई दिल्ली

अमेरिकी नौसेना ने फैसला किया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सम्मान में बनाया जा रहा नया युद्धपोत परमाणु ऊर्जा से चलेगा। यह एक बड़ा बदलाव है, जिससे इस प्रोजेक्ट के काफी महंगा होने और तकनीकी रूप से ज्यादा चुनौतीपूर्ण होने की संभावना है।लयह योजना नौसेना के नवीनतम 30-वर्षीय जहाज निर्माण रोडमैप में शामिल थी, जिसे कांग्रेस को सौंपा गया था। डिस्ट्रॉयर और फ्रिगेट के विपरीत ट्रंप युद्धपोत प्रणोदन के लिए एक परमाणु रिएक्टर का उपयोग करेगा। नौसेना के अनुसार, इससे यह जहाज और अधिक दूरी तय कर सकेगा, तेजी से आगे बढ़ सकेगा और अधिक उन्नत हथियार प्रणालियों को सहायता प्रदान कर सकेगा। अधिकारियों ने बताया है कि इस जहाज का वजन 30,000 से 40,000 टन के बीच हो सकता है, जो इसे आज के डिस्ट्रॉयर जहाजों से कई गुना बड़ा बनाता है। नौसेना ने 1990 के दशक के बाद से कोई भी परमाणु-संचालित सतह-युद्धपोत नहीं चलाया है। उन जहाजों का रखरखाव काफी महंगा पड़ता था और उनके रिएक्टरों में बार-बार ईंधन भरने की जरूरत पड़ती थी।

आने वाले युद्धपोत पर प्रायोगिक हथियार भी होने की उम्मीद है, जिनमें लेजर और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेलगन शामिल हैं। ये हथियार बारूद के बजाय बिजली का इस्तेमाल करके प्रोजेक्टाइल दागते हैं। ट्रंप पहले कह चुके हैं कि इन जहाजों पर परमाणु क्रूज मिसाइलें भी तैनात होंगी।

नौसेना ने अपनी जहाज निर्माण योजना में कहा, परमाणु शक्ति से चलने वाले इस युद्धपोत को बेड़े की युद्धक क्षमता में वृद्धि करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह लंबी अवधि तक टिकने, अधिक गति से चलने और आधुनिक युद्ध के लिए आवश्यक उन्नत हथियार प्रणालियों को समायोजित करने में सक्षम है।

पिछले महीने कांग्रेस को भेजे गए बजट दस्तावेजों के अनुसार, नौसेना पहले तीन जहाजों पर 43.5 अरब डॉलर खर्च करेगी। हडसन इंस्टीट्यूट के नौसेना विशेषज्ञ ब्रायन क्लार्क ने कहा कि परमाणु ऊर्जा से परिचालन संबंधी फायदे मिलते हैं, भले ही इससे लागत बढ़ जाए। पारंपरिक युद्धपोतों के विपरीत परमाणु ऊर्जा से चलने वाले जहाज कहीं ज्यादा लंबे समय तक तैनात रह सकते हैं।क्लार्क ने आगे कहा कि परमाणु ऊर्जा से चलने वाले जहाज रेलगन और लेजर जैसे ज्यादा बिजली की खपत करने वाले हथियारों का इस्तेमाल करते हुए भी अपनी तेज रफ्तार बनाए रख सकते हैं। वहीं, आम जहाजों को इन सिस्टम के लिए काफी बिजली बनाने के लिए अपनी रफ्तार धीमी करनी पड़ सकती है।

# फिल्म/टीवी मनोरंजन

## सुम्बुल तौकीर खान के साथ रिश्ता बेहद खूबसूरत और दोस्ताना है : भूमिका गुरंग

अभिनेत्री भूमिका गुरंग ने बताया कि सुम्बुल तौकीर खान के साथ उनका रिश्ता बेहद खूबसूरत और दोस्ताना है। सोनी सब का शो इत्ती सी खुशी अपनी दिल छू लेने वाली भावनाओं और रोमांचक ड्रामा के साथ दर्शकों को लगातार जोड़े हुए है। जहां अन्विता (सुम्बुल तौकीर खान) हर कदम पर अपने पति विराट (रजत वर्मा) और अपने भाई-बहनों की रक्षा करने के लिए दृढ़ रहती है, वहीं मौजूदा ट्रैक में कहानी एक तीखे मोड़ पर पहुँचती है जब सारा सेठी (भूमिका गुरंग) अन्विता के परिवार के चारों ओर एक खतरनाक जाल बुनना शुरू करती है। इससे तनाव, भावनात्मक टकराव और अप्रत्याशित मोड़ कहानी में और गहराई जोड़ते हैं। ऑनस्क्रीन दोनों किरदारों के बीच कड़वाहट और तीव्र प्रतिद्वंद्विता देखने को मिलती है, लेकिन ऑफस्क्रीन भूमिका और सुम्बुल के बीच एक खूबसूरत दोस्ती और सहज रिश्ता है। सेट पर उनकी गर्मजोशी और सहज समझ सबसे कठिन दृश्यों को भी आसान बना देती है। यही ऑफस्क्रीन तालमेल उनके अभिनय में झलकता है और ऑनस्क्रीन टकराव को और भी असली और असरदार बनाता है। समय के साथ दोनों के बीच एक गहरी दोस्ती भी विकसित हुई है, जो व्यस्त शूटिंग शेड्यूल के दौरान सेट पर सकारात्मक माहौल बनाए रखती है। भूमिका गुरंग ने अपने बॉन्ड के बारे में बताते हुए कहा, सुम्बुल के साथ काम करना सचमुच बहुत प्यारा अनुभव रहा है। वह बेहद गर्मजोशी से भरी, पॉज़िटिव और मज़ेदार इंसान हैं। ऑनस्क्रीन हमारे किरदारों के बीच लगातार टकराव और तीव्रता रहती है, लेकिन जैसे ही डायरेक्टर 'कट' कहते हैं, हम अक्सर हँसते हुए या किसी भी बात पर मज़े से बातें करते हुए मिलते हैं।



## हेली शाह की लंदन डायरीज़ हैं परफेक्ट ट्रैवल गोल्स


टेलीविज़न अभिनेत्री हेली शाह इन दिनों लंदन की खूबसूरती का आनंद ले रही हैं, और उनकी लेटेस्ट ट्रैवल तस्वीरें फैंस को मेजर वेकेशन इंस्पिरेशन दे रही हैं। खूबसूरत बोट राइड्स से लेकर ऐतिहासिक वास्तुकला से सजी सपनों जैसी गलियों तक, एक्ट्रेस अपने इस शानदार ट्रिप को पूरी तरह एंजॉय करती नजर आ रही हैं।हाल ही में हेली ने अपने फैंस के साथ अपने सोशल मीडिया पर अपनी लंदन डायरीज़ की कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं, जिनका हर फ्रेम किसी पोस्टकार्ड से कम नहीं लग रहा। कभी वह आइकॉनिक हेरिटेज बिल्डिंग्स के पास पोज देती नज़र आ रही हैं, तो कभी शहर की शांत जलधाराओं में सुकूनभरी बोट राइड का आनंद लेती नजर आ रही हैं। तस्वीरों में एक्ट्रेस बेहद रिलैक्स, खुश और पूरी तरह हॉलीडे मूड में दिखाई दे रही हैं।



फिलहाल इन तस्वीरों के साथ हेली का स्टाइलिश ट्रैवल वॉर्डरोब भी लोगों का ध्यान खींच रहा है। कोज़ी और फैशनेबल लुक को अपनाते हुए उन्होंने ब्लैक फज़ी ओवरसाइज़्ड जैकेट को डेनिम मिनी आउटफिट के साथ पेयर किया है, जिसे उन्होंने ब्लैक टाइट्स और चंकी कॉम्बैट बूट्स के साथ स्टाइल किया है। इसी के साथ उन्होंने स्लिक सनग्लासेस, वायरलेस ईयरबड्स और क्लासिक ब्लैक स्लिंग बैग ने उनके ट्रैवल लुक को और भी स्टाइलिश बना दिया है।इसके अलावा कुछ तस्वीरों में हेली कैज़ुअल डेनिम शर्ट ड्रेस में नजर आ रही हैं, जो लंदन के मूडी मौसम के साथ पूरी तरह मैच कर रही है। ब्लैक स्टॉकिंग्स और लेस-अप बूट्स के साथ उनका ऑल-डेनिम लुक बेहद कूल और रिलैक्स्ड वाइब दे रहा है।

## अक्षय कुमार लौटे अपने आइकॉनिक कॉमिक अंदाज़ में, 'वेलकम टू द जंगल' का नया लुक आया सामने

बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' से उनका लुक रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार जब एंट्री लेते हैं तो माहौल अपने आप बदल जाता है, और इस बार तो ऐसा लग रहा है जैसे पूरा जंगल ही उनके स्वागत में तैयार खड़ा हो। 'वेलकम टू द जंगल' से सामने आए उनके नए लुक में वही पुराना अंदाज़, वही कॉन्फिडेंस और वही बड़े पर्दे वाली मौजूदगी देखने को मिल रही है, जिसने कभी 'वेलकम' फ्रेंचाइज़ को इतना यादगार बनाया था। स्टाइलिश आउटफिट, आंखों पर टिंटेड चश्मा और जंगल के बीच पूरी शान से खड़े अक्षय कुमार इस दुनिया में पूरी तरह फिट नजर आ रहे हैं। इस लुक की सबसे खास बात है उससे जुड़ी पुरानी यादें। अक्षय कुमार का वही कूल और मजेदार अंदाज़ फिर से महसूस होता है, लेकिन इस बार सब कुछ पहले से कहीं ज्यादा बड़ा और भव्य नजर आ रहा है। तस्वीर में एक तरफ फिल्म का फन और पागलपन दिखता है, तो दूसरी तरफ अक्षय कुमार की वही स्टार वाली चमक भी साफ नजर आती है, जिसने उन्हें इस फ्रेंचाइज़ का सबसे पसंदीदा चेहरा बनाया। अहमद खान के निर्देशन में बनी 'वेलकम टू द जंगल' 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली है। हाल के समय की सबसे बड़ी मल्टीस्टारर फिल्मों में शामिल इस फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच अभी से जबरदस्त उत्साह है। खास तौर पर कॉमेडी के अपने आइकॉनिक अंदाज़ में अक्षय कुमार की वापसी इसे बड़े पर्दे का एक मजेदार एंटरटेनर बनाने वाली है।



## नेहा धूपिया और अंगद बेदी पहली बार साथ आएंगे स्क्रीन पर अपने नए शो 'डबल डेट' के साथ; ट्रेलर हुआ रिलीज़

नेहा धूपिया और अंगद बेदी पहली बार एक साथ होस्ट के रूप में दर्शकों के सामने आने जा रहे हैं। दोनों अपने नए नॉन-फिक्शन शो डबल डेट के ज़रिए दर्शकों को मनोरंजन का एक नया और मज़ेदार अनुभव देने के लिए तैयार हैं। शो का ट्रेलर रिलीज़ हो चुका है, जिसमें हंसी-मज़ाक, मज़ेदार खेल, दिलचस्प बातचीत और इंडस्ट्री के लोकप्रिय सेलिब्रिटी कपल्स, दोस्तों और खास जोड़ियों के साथ कई यादगार पल देखने को मिलते हैं। अपने रंगीन और हल्के-फुल्के अंदाज़ के साथ डबल डेट में ह्यूमर, दोस्ती, मज़ेदार मुकाबले और बिना किसी बनावट वाली बातचीत का शानदार मेल देखने को मिलेगा। गो-कार्टिंग, बॉलिंग, पिज्जा बनाने की चुनौती और कई मज़ेदार एक्टिविटीज़ के ज़रिए नेहा और अंगद अपने मेहमानों का सबसे मज़ेदार, भावुक और मनोरंजक रूप सामने लाते नज़र आएंगे। डबल डेट का पहला एपिसोड कल यानी गुरुवार, 14 मई को [नेहा धूपिया के यूट्यूब चैनल पर रिलीज़ होगा। इसके बाद हर गुरुवार नए एपिसोड देखने को मिलेंगे। पहले एपिसोड में कॉमेडी क्वीन भारती सिंह अपने पति हर्ष लिंबाचिया के साथ नज़र आएंगी, जो पूरे सीज़न की मज़ेदार शुरुआत करेंगे। शो में कई लोकप्रिय सेलिब्रिटी जोड़ियां भी नज़र आएंगी, जिनमें हुमा कुरैशी अपने भाई साकिब सलीम के साथ, तेजस्वी प्रकाश और कारण कुंद्रा, रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी, सोहा अली खान अपनी बहन सबा अली खान के साथ, अपारशक्ति खुराना अपनी पत्नी आकृति खुराना के साथ, रेहा चक्रबर्ती अपने भाई शेविक चक्रबर्ती के साथ और रसिका दुगल अपने पति मुकुल चड्ढा के साथ शामिल होंगे।



## हॉकी खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों में एस्ट्रोटर्फ की घोषणा से हर्ष

**नरसिंहपुर।** विगत 14 वर्षो से नरसिंहपुर में हॉकी एस्ट्रोटर्फ की मांग लगातार की जा रही थी। नरसिंहपुर हॉकी अकैडमी संस्थापक व एन आई एस हॉकी कोच राजकुमार चौबे ने बताया कि 14 वर्षों से लगातार हर स्तर पर जाकर एस्ट्रोटर्फ लगाए जाने की हम लोग कर रहे थे। चाहें पूर्व मुख्यमंत्री, मंत्री, खेल संचालक, स्थानीय जनप्रतिनिधि, कलेक्टर, सभी से एस्ट्रोटर्फ लगाने की मांग की व लगातार प्रयास किए आंदोलन किया। परंतु देर से सही आज नरसिंहपुर हॉकी प्रेमी ,खिलाड़ियों, कोच, नरसिंहपुर जिले की जनता यह हम सभी के लिए बड़ी प्रसन्नता व उपलब्धि की बात है कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने इस मांग को नरसिंहपुर के मुंगवानी में घोषणा कर पूरा किया ओर उम्मीद है कि इस घोषणा का शीघ्र अमल होगा। एस्ट्रोटर्फ लगने के कुछ समय बाद इस नरसिंहपुर से भी अंतरराष्ट्रीय स्तर के हॉकी खिलाड़ी निकालना शुरू हो जायगा । क्योंकि अभी एस्ट्रोटर्फ नही होने से जिले के हॉकी खिलाड़ी आधुनिक प्रतिस्पर्धा में पीछे रह जाते हैं। श्री चौबे ने इस का श्रेय मैं जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर, प्रशासनिक अधिकारी नरसिंहपुर को देना चाहूँगा, जिन्होंने मुख्यमंत्री को हॉकी में जिले के लिए यह उपलब्धियों से अवगत कराया, मैं प्रशासन से निवेदन करूंगा कि यह एस्ट्रोटर्फ नगर के ऐतिहासिक हॉकी स्टेडियम में ही लगाई जाए जिससे ज़्यादा से ज़्यादा खिलाड़ी हॉकी खेल सके और मैदान की सुंदरता व खेल का आनंद आम जनता ले सके।

## कलेक्टर कृषक जीवन कल्याण योजना के तहत 4 लाख रुपये का आर्थिक सहायता का चैक सौंपा



**नरसिंहपुर।** जनसुनवाई में नरसिंहपुर तहसील के ग्राम मुड़िया निवासी गोमती लोधी ने आवेदन देकर बताया कि उनके पति राहुल लोधी की खेत में काम करते समय बिजली करंट लग जाने से मृत्यु हो गई थी। उनके द्वारा आर्थिक सहायता का आवेदन पत्र सौंपा गया। इस पर कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने आवेदिका गोमती लोधी को मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के तहत 4 लाख रुपये की आर्थिक सहयता राशि का चैक मंगलवार को कलेक्टर चैम्बर में सौपा।

## 97.8 के साथ अनिरूद्ध ने किया टॉप

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं न्यू सिटी स्वीट्स के संचालक अनिल अग्रवाल के सुपुत्र अनिरुद्ध अग्रवाल ने केंद्रीय विद्यालय से सीबीएससी 12वीं परीक्षा में शानदार 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार विद्यालय तथा पूरे अग्रवाल समाज को गौरवान्वित किया है। अनिरुद्ध की इस उत्कृष्ट उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। उन्होंने अपनी मेहनत अनुशासन और लगन के बल पर यह सफलता अर्जित की। पढ़ाई के प्रति उनकी निरंतर मेहनत और समर्पण का परिणाम आज पूरे समाज के सामने प्रेरणा बनकर उभरा है। परिजनों ने बताया कि अनिरुद्ध शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं और उन्होंने नियमित अध्ययन के साथ शिक्षकों के मार्गदर्शन का पूरा लाभ उठाया।

# माताओं-बहनों का सम्मान प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

### मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से महिलाएं बन रहीं आर्थिक रूप से सशक्त

### प्रदेश की 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1835 करोड़ रुपये की राशि अंतरित





नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार के लिये माताओं और बहनों का सम्मान सर्वोपरि है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में प्रदेश शासन की सबसे बड़ी और प्रभावी योजनाओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि नरसिंहपुर की पावन धरती पर बहनों के बीच पहुंचकर ऐसा अनुभव हो रहा है मानो रक्षाबंधन, भाईदूज और दीपावली जैसे सभी पर्व एक साथ मनाए जा रहे हों।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव नरसिंहपुर जिले के ग्राम मुंगवानी में आयोजित मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के राज्य स्तरीय हितलाभ वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश की 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में योजना की 36वीं किस्त के रूप में 1835 करोड़ रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। साथ ही 296 करोड़ 34 लाख रुपये लागत के 40 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर जिले को विकास की बड़ी सौगात दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना महिलाओं को आर्थिक संबल देने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक 55 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि बहनों के खातों में अंतरित की जा चुकी है।

***रानी दुर्गावती के पराक्रम को नमन***– मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान नरसिंह की यह भूमि वीरांगना रानी दुर्गावती के शौर्य और पराक्रम की साक्षी रही है। उनके सम्मान में प्रदेश सरकार द्वारा जबलपुर एवं सिंग्रामपुर में विशेष कैबिनेट बैठकों का आयोजन किया गया। वहीं आदिवासी शहीद भभूत सिंह के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को स्मरण करते हुए भी विशेष कैबिनेट बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं की भागीदारी निरंतर बढ़ रही है। वर्तमान में मध्यप्रदेश की 29 लोकसभा सीटों में से 6 पर महिला सांसद, 27 महिला विधायक तथा 5 महिला मंत्री कार्यरत हैं।

***महिलाएं अब हर क्षेत्र में आगे***– मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना ने बेटियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। अब महिलाएं केवल पारंपरिक कार्यों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कम्प्यूटर, सुरक्षा, प्रशासन और तकनीकी क्षेत्रों में भी आगे बढ़ रही हैं। पुलिस विभाग में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 4 लाख से अधिक महिलाएं स्वरोजगार से जुड़ी हैं। रेडीमेड वस्त्र उद्योग एवं कारखानों में कार्यरत महिलाओं को 5 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। साथ ही 34 लाख महिला कृषकों को दुग्ध उत्पादन से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 गाय या भैंस पालन करने वाले पशुपालकों को सरकार द्वारा 10 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुरनूर नस्ल की गौवंश का पूजन किया। साथ ही उनके बछड़ों को दूध पिलाया। यह इंडो–ब्राजिलियन नस्ल की बताई गई है।

***किसानों के हित में सरकार प्रतिबद्ध***– मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नरसिंहपुर जिला गन्ना उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है और इसे च्च्शक्कर का कटोराज्ज कहा जाता है। गाडरवारा की तुअर दाल देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान रखती है। यह जिला गेहूं एवं सोयाबीन उत्पादन में भी अग्रणी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गेहूं, चना, सरसों, मसूर एवं उड़द की समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित कर रही है। उड़द पर 600 रुपये प्रति क्विंटल बोनस भी दिया जाएगा। मध्यप्रदेश देश में सर्वाधिक गेहूं खरीदी करने वाला राज्य बन चुका है। किसानों के हित में 23 मई तक खरीदी जारी रहेगी तथा आवश्यकता पड़ने पर अवधि और बढ़ाई जाएगी।

***विकास की नई दिशा में मध्यप्रदेश***– मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद देश में व्यापक परिवर्तन हुए हैं और मध्यप्रदेश भी तेजी से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार सिकल सेल एवं कुपोषण जैसी चुनौतियों से प्रभावी ढंग से मुकाबला कर रही है। उन्होंने बताया कि लाड़ली लक्ष्मी योजना के माध्यम से 53 लाख बेटियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। प्रदेश की 80 लाख बेटियों को शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति दी जा रही है तथा मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना में 55 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है।

***सड़क दुर्घटना पीड़ितों के उपचार का खर्च उठाएगी सरकार***– मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री राहत योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायलों के उपचार हेतु 1.50 लाख रुपये तक का पूरा खर्च सरकार वहन कर रही है। उन्होंने कहा कि अब दुर्घटना पीड़ितों की सहायता करने वाले लोगों को डरने की आवश्यकता नहीं है। गोल्डन आवर में अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्तियों को सरकार द्वारा 25 हजार की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है।

***जल संरक्षण में जनभागीदारी जरूरी***– मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि च्च्जल है तो जीवन है, जल है तो खेती है और जल है तो समृद्धि हैज्ज उन्होंने प्रदेशवासियों से जल संरक्षण अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील की। उन्होंने नरसिंहपुर जिले के ग्राम मेख में एक मालगुजार द्वारा तालाब निर्माण के लिए 21 एकड़ भूमि दान करने की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय पहल बताया।

***जिले की धरोहरों पर आधारित कैलेंडर का विमोचन***– मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में नरसिंहपुर जिले की ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पुरातात्विक धरोहरों पर आधारित विशेष कैलेंडर का विमोचन किया। इसमें बरमान घाट, मृगनाथ तपोवन आश्रम, दादा दूल्हादेव महाराज, नरसिंह मंदिर, चौगान का किला, बरहेटा की पुरातात्विक धरोहर, गरूण मंदिर, बिनेकी टोला के शैल चित्र, मां राजराजेश्वरी त्रिपुरसुंदरी मंदिर, पीतल नगरी चीचली तथा गुरु गुफा अमोदा शंकर घाट जैसे प्रमुख स्थलों को शामिल किया गया है।

***मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण घोषणाएं***– मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुंगवानी में कॉलेज खोलने की घोषणा की। साथ ही बेलखेड़ी–बरहटा–मुंगवानी मार्ग पर शेढ़ नदी पर पुल निर्माण, नरसिंहपुर में इंडोर–आउटडोर स्टेडियम उन्नयन, हॉकी के लिए एस्ट्रोटर्फ मैदान निर्माण तथा ग्राम बुढ़ैना में बांध निर्माण की भी घोषणा की।

***पेट्रोल–डीजल की बचत और प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील***– मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने खर्चों में नियंत्रण रखने की अपील की है। प्रदेश सरकार भी इस दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि उनके काफिले में अब केवल 8 वाहन ही चलेंगे। उन्होंने आमजन से भी सार्वजनिक परिवहन का अधिक उपयोग करने, पेट्रोल–डीजल की अनावश्यक खपत कम करने, रासायनिक उर्वरकों का सीमित उपयोग करने तथा प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने की अपील की। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई, जिसने लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित किया।

# किसान संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताई समस्याएं

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)



भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर किसानों की समस्याओं के निराकरण की मांग की। जिले में आए मुख्यमंत्री ने संघ के पदाधिकारियो से चर्चा कर समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिया। ज्ञापन में मांग की गई है कि कृषि उपज मंडी नरसिंहपुर का विस्तार कार्य शीघ्र कराया जाए प्रांत मंत्री स्वदेश कोठारी जी ने बताया की अभी मंडी में प्रतिदिन 8000 कुंतल अनाज कीक्षमता है जबकि वर्तमान में 15 से 20000 कुंटल माल मंडी में आ रहा है मक्के के समय करीब 20 से 25000 कुंटल माल प्रतिदिन आता है जिससे मंडी प्रांगण में जाम की स्थिति आ जाती है और किसान परेशान होता रहता है अनाज की ज्यादा आवक होने से एवं मंडी से व्यापारियों का माल ना उठाने से समय–समय पर मंडी को बंद रखना पड़ता है इस प्रकार महीने भर में 12 से 15 दिन मंडी बंद रहती है। नरसिंहपुर जिले में विद्युत विभाग के अनुसार 36000 ट्रांसफार्मर एवं 102 पावर ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं यह ट्रांसफर जलने पर जबलपुर सागर एवं शहडोल से बुलवाए जाते हैं उनके आने–जाने में कम से कम एक हफ्ते का समय लग जाता है और किसानों को समय पर ट्रांसफार्मर नहीं मिल पाने से फसलो का नुकसान हो चुका होता है इसके लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव जी से चर्चा करते हुए उनको बताया कि नरसिंहपुर जिले में एक ट्रांसफार्मर एरिया स्टोर की बहुत आवश्यकता है और इसे जल्द जल्द से स्थापित किया जाए जिससे जलने वाले ट्रांसफार्मर किसानों को शीघ्र बदल जाए साथ ही ग्रीष्मकालीन मूंग उड़द के रजिस्ट्रेशन के लिए गिरदावली को ही रजिस्ट्रेशन मानकर खरीदी प्रारंभ की जाए तथा गोटेगांव में मटर हेतु नई मंडी की अतिरिक्त व्यवस्था की जाए एवं बचाई शुगर मिल से किसानों का लंबित भुगतान जल्द ब्याज सहित कराया जाए आर आर एग्रो शुगर मिल जो बंद हो चुकी है उसमें भी किसानों का लंबित भुगतान जल्द कराया जाए । उक्त ज्ञापन देते समय भारतीय किसान संघ प्रांत मंत्री स्वदेश कोठारी, संभागीय अध्यक्ष अनिरुद्ध पटेल ,जिला मंत्री अभिषेक पटेल, जिला कोषाध्यक्ष विष्णु प्रसाद पटेल एवं जिला सदस्य दिनेश पटेल उपस्थित थे।

## संयुक्त परिवार संस्कृति का जीवंत आधार, अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस पर तीन पीढ़ियों का हुआ सम्मान



नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान के निर्देशानुसार 14 मई नरसिंह आनंद क्लब एवं श्री गीता निकुंज परिवार के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस का प्रेरणादायी एवं संस्कारमय आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य आधुनिक समय में संयुक्त परिवार की महत्ता को पुनः जागृत करना, पारिवारिक मूल्यों को सशक्त बनाना तथा नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति की जड़ों से जोड़ना रहा। कार्यक्रम में विशेष रूप से ऐसे परिवारों को चिन्हित कर सम्मानित किया गया जिनकी तीन पीढ़ियाँ आज भी एक साथ रहकर प्रेम, संस्कार, सहयोग एवं सामंजस्य का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं। सम्मानित परिवारों को श्रीफल एवं भगवान श्रीराम का छायाचित्र भेंट कर सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर परिवारों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि संयुक्त परिवार जीवन में केवल सुरक्षा ही नहीं देता, बल्कि भावनात्मक मजबूती, संस्कार, सहनशीलता और अपनत्व की भावना भी विकसित करता है। कार्यक्रम की प्रमुख वक्ता मास्टर ट्रेनर यमुना विश्वकर्मा ने कहा कि परिवार केवल रक्त संबंधों का समूह नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास, त्याग और संस्कारों का पवित्र संगम है। जिस घर में तीन पीढ़ियाँ साथ रहती हैं, वहाँ अनुभव, ऊर्जा और संस्कारों का अद्भुत संतुलन बना रहता है। उन्होंने आगे कहा कि आनंद विभाग की गतिविधियाँ समाज में सकारात्मकता, संवाद और आत्मीयता बढ़ाने का कार्य कर रही हैं। । आनंदक शशिकांत मिश्र ने संयुक्त परिवार की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि –संयुक्त परिवार भारतीय संस्कृति की आत्मा है। परिवार में बुजुर्ग वटवृक्ष की तरह होते हैं, जिनकी छाया में पूरी पीढ़ी सुरक्षित और संस्कारित बनती है। जहाँ परिवार एकजुट रहता है, वहाँ जीवन के संघर्ष भी सरल प्रतीत होते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती एकाकी जीवनशैली के कारण मानसिक तनाव और सामाजिक दूरी बढ़ रही है, जबकि संयुक्त परिवार सहयोग, सहनशीलता और आत्मीयता का सबसे बड़ा विद्यालय है। कार्यक्रम में आनंदक सत्यम नेमा ने कहा कि जिस समाज के परिवार मजबूत होते हैं, वही समाज संस्कारित और समृद्ध बनता है। परिवार दिवस हमें यह अवसर देता है कि हम अपने माता–पिता, बुजुर्गों और बच्चों के साथ संबंधों को और अधिक मजबूत करें तथा परिवार को केवल जिम्मेदारी नहीं बल्कि ईश्वर का आशीर्वाद समझें। उन्होंने कहा कि आज बच्चों को मोबाइल और आधुनिक साधनों से अधिक आवश्यकता परिवार के समय, संस्कार और संवाद की है। कार्यक्रम में बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने पूरे वातावरण को पारिवारिक आत्मीयता से भर दिया।

# यूपीएससी में 81वी रैंक हासिल कर पूर्वी सोनी बनी भारतीय विदेश सेवा अधिकारी

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)




एक शिक्षक का शिक्षक तत्व और एक छात्रा का छात्र तत्व तभी पूर्ण होता है जब शिक्षा के आंगन में शिक्षक की मेहनत अपनी पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ छात्र के जीवन में महत्वपूर्ण हर तत्व को पूर्ण करने का एक निश्चित प्रयास करें इसी तारतम्य में नगर की प्रतिभाशाली छात्रा पूर्वी सोनी ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की, देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में शामिल सिविल सेवा परीक्षा मे अखिल भारतीय स्तर पर 81वीं रैंक प्राप्त कर भारतीय विदेश सेवा (ढ्ढस्नस्) मे चयनित होकर नगर, क्षेत्र एवं प्रदेश का नाम रोशन किया है पूर्वी की इस उपलब्धि पर शिक्षको , परिजनों एवं नगरवासियो में हर्ष का माहौल है, पूर्वी सोनी सुरेश सोनी की पुत्री है उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा से लेकर कक्षा 12वीं तक की पढ़ाई गाडरवारा में की इसके बाद नई दिल्ली में एमएससी गणित की पढ़ाई पूर्ण करते हुए यूपीएससी परीक्षा की तैयारी निरंतर जारी रखी कठिन परिश्रम अनुशासन एवं निरंतर अध्ययन के बल पर उन्होंने यह बड़ी सफलता प्राप्त की ग्लोटच अकादमी परिवार एवं शिक्षिका सोनाली मैडम ने पूर्वी की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि पूर्वी बचपन से प्रतिभाशाली गंभीर एवं अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित है। अध्ययन के दौरान वह नियमित रूप से अभ्यास कार्य पूरी लगन एवं ईमानदारी के साथ करती थी। उनकी मेहनत सादगी और सकारात्मक व्यक्तित्व ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है।

सोनाली मैडम ने कहा कि एक शिक्षक का प्रयास तभी सफल माना जाता है, जब छात्र अपने जीवन में ऊंचाइयों को प्राप्त करें। पूर्वी की सफलता न केवल संस्था बल्कि पूरे नगर के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने पूर्वी के माता–पिता एवं परिवार को भी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके उत्कृष्ट संस्कार और सही मार्गदर्शन ने पूर्वी को यह उपलब्धि दिलाई है। नगर के विभिन्न सामाजिक शैक्षणिक एवं राजनीतिक संगठनो ने पूर्वी सोनी को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## कुपोषण नियंत्रण को लेकर समीक्षा

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** महिला एवं बाल विकास परियोजना अंतर्गत परिक्षेत्र बम्हनी बंजर में परियोजना अधिकारी अनूप कुमार नामदेव द्वारा विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों एवं निर्माणाधीन भवनों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र खारी एवं वार्ड क्रमांक 3 में आयोजित टीकाकरण दिवस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के लिए सीएचओ, एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की गई। साथ ही उपस्थित हितग्राहियों से संवाद कर विभागीय योजनाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान ग्राम खारी की गंभीर कुपोषित बालिका के परिवारजनों को परियोजना अधिकारी, सरपंच, पर्यवेक्षक, आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा समझाइश देते हुए बालिका को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराने के लिए परामर्श दिया गया ताकि बालिका का समुचित उपचार एवं पोषण प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके।

# किसानों की समस्याओं को लेकर सायलो केंद्र पहुंचे सौरभ सिंह

## गेहूं उपार्जन केंद्र की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

कटनी (स्वतंत्रमत)

जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कुंवर सौरभ सिंह मंगलवार को बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र के अन्तर्गत पटोरी स्थित गेहूं उपार्जन केन्द्र सायलो पहुंचे थे। यहां उन्होंने खरीदी केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही किसानों, से चर्चा की जिस पर किसानों ने बताया कि दो तीन दिन तक ट्रेक्टर ट्राली में गेहूं लेकर खड़े हैं। अब तक नंबर नहीं आया है। यहां कोई व्यवस्था नहीं है जिससे किसानों



को बहुत परेशानियां उठानी पड़ रही है। किसानों ने यह भी बताया कि भीषण गर्मी में परेशान होना पड़ रहा है और तो और पेयजल व्यवस्था भी नहीं है। कुछ किसानों ने बताया कि दिनभर में गेहूं की तुलाई होने से रात गुजराना पड़ रहा है जिससे बहुत दिक्कत के साथ अनाज की चोरी भी हो रही है। किसानों ने पूर्व विधायक सौरभ सिंह से मांग कि रात में अगर गेहूं की तुलाई होने लगे तो काफी हद तक किसानों की परेशानियां दूर हो जाएगी। जिस पर उन्होंने जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों से सायलो केन्द्र में किसानों की भीड़ भाड़ और मार्गों पर ट्रेक्टर ट्राली की लंबी लाइनों के मद्देनजर और किसानों की परेशानियों को देखते हुए रात्रि में गेहूं तुलाई कराने की बात कही। जिस पर उच्च अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि बहुत जल्द ही रात्रि में गेहूं की तुलाई शुरू कर दी जाएगी। इसके पश्चात जिला कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ सिंह ने सायलो केन्द्र की व्यवस्था का जायजा लेकर प्रबंधन से बातचीत करते हुए किसानों को होने वाली समस्याओं को दूर करने और समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कांग्रेस महामंत्री अजय गर्ग, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र सैनी, रंजीत सिंह, सायलो केन्द्र प्रबंधक पुष्पेन्द्र पटेल सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## दो बालिकाओं को चंद घंटों में दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के नेतृत्व में थाना माधवनगर अंतर्गत चौकी निवार पुलिस द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत त्वरित कार्यवाही करते हुए गुम दो नाबालिग बालिकाओं को चंद घंटों में खोजकर सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया। 11 मई को फरियादिया सरोजनी बाई पति नरेश सिंह गौड़, उम्र 40 वर्ष, निवासी देवरीसानी निवार पहाड़ी, थाना माधवनगर, चौकी निवार उपस्थित होकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी 15 वर्ष एवं 17 वर्ष आयु की दो पुत्रियां बिना बताए घर से कहीं चली गई हैं। रिपोर्ट पर तत्काल गुम इंसान/अपहरण संबंधी प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान चौकी निवार पुलिस ने त्वरित सक्रियता दिखाते हुए तकनीकी सहायता एवं मुखबिर तंत्र के माध्यम से तलाश शुरू की। 12 मई को दोनों बालिकाओं को टिकरिया क्षेत्र से दस्तयाब कर सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया। बालिकाओं की सकुशल वापसी से परिजनों के चेहरे पर पुनः मुस्कान लौट आई।

## पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए नाबालिग बालक को किया दस्तयाब



कटनी (स्वतंत्रमत)

कटनी पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, अति पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के निर्देशन एवं उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के कुशल मार्ग दर्शन में थाना एन.के.जे. प्रभारी को अपहर्त बालक को तलाश करने में मिली सफलता। कटनी पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा आपरेशन मुस्कान के तहत अधिक से अधिक अपहृत बालक/ बालिका के दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके पालन में अति पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के निर्देशन एवं उप पुलिस महोदय रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी एनकेजे कटनी के नेतृत्व में बालक के दस्तयाबी हेतु टीम गठित कर थाना एनकेजे के अप. क्र. 250/26 धारा 137(2) बीएनएस की अपहृत बालक को थाना क्षेत्र के सीसीटीव्ही कैमरो की फुटेज के आधार पर बडी खिरहनी क्षेत्र से चंद घण्टो मे पता तलाश कर दस्तयाब किया गया। थाना लाकर परिजनो को सुपुर्द किया गया। बालक के मिलने पर परिजनो ने एनकेजे पुलिस के कार्य की सराहना की है।

# जनसंतुष्टि पर आधारित थानों की रैंकिंग जारी

## कटनी पुलिस की जनसेवा में सुधार के प्रयासों को मिली सराहना



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कटनी पुलिस द्वारा जनसेवा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार, पारदर्शिता एवं जवाबदेही को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से माह अप्रैल 2026 के लिए जिले के समस्त थानों की जनसंतुष्टि आधारित रैंकिंग जारी की गई है। यह रैंकिंग थानों में आने वाले आगंतुकों, फरियादियों एवं आम नागरिकों द्वारा दिए गए फीडबैक के आधार पर तैयार की गई है। फीडबैक का संकलन थानों में उपलब्ध आगंतुक रजिस्टर में दर्ज टिप्पणियों एवं स्कैन करें, फीडबैक भरें नवाचार के तहत लगाए गए डिजिटल स्कैनर से प्राप्त ऑनलाइन प्रतिक्रियाओं के माध्यम से किया गया। प्राप्त प्रतिक्रियाओं की पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा क्रॉस कॉलिंग कर सत्यापन भी किया गया। माह अप्रैल 2026 की जारी रैंकिंग में जिले के शीर्ष 3 थाने निम्नानुसार रहे- थाना कुठला- 91.46 प्रतिशत, थाना बहोरीबंद- 91.36 प्रतिशत, थाना एनकेजे- 91.12 प्रतिशत वहीं अपेक्षाकृत निम्न रैंकिंग वाले थानों में- थाना बड़वारा- 86.32 प्रतिशत, थाना स्लीमनाबाद- 86.78 प्रतिशत, थाना विजयराघवगढ़- 86.79 प्रतिशत कटनी पुलिस द्वारा प्रारंभ किया गया नवाचार स्कैन करें, फीडबैक भरें आमजन के बीच सकारात्मक रूप से लोकप्रिय हो रहा है। थानों में आने वाले आगंतुकों, शिकायत दर्ज कराने वाले पीड़ितों, चरित्र सत्यापन हेतु उपस्थित युवाओं तथा अन्य नागरिकों द्वारा उत्साहपूर्वक फीडबैक दर्ज किया जा रहा है। प्राप्त प्रतिक्रियाओं में नागरिकों ने थाना प्रभारियों एवं पुलिस स्टाफ द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं की गुणवत्ता, व्यवहार एवं त्वरित कार्यवाही की सराहना की है। जनता से प्राप्त फीडबैक से यह स्पष्ट होता है कि जिले के सभी थानों में नागरिक सेवाओं के स्तर में निरंतर सुधार हो रहा है। विगत महीनों की तुलना में संतुष्टि प्रतिशत में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है, जो कटनी पुलिस की पारदर्शी, संवेदनशील एवं जनकेंद्रित कार्यप्रणाली को दर्शाता है। कटनी पुलिस आमजन के विश्वास को और सुदृढ़ करने के लिए भविष्य में भी ऐसे नवाचारों एवं सेवा सुधार की पहलों को निरंतर जारी रखेगी।

## शिव महापुराण की तैयारियां पूर्ण 15 मई को शहर में निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** शिव नगर मसूरहा बगीचा मे 15 मई से प्रारम्भ होने जा रही श्री भागवत सेवा महारुद्र यज्ञ समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक परम पूज्य गुरुदेव डॉक्टर रजनीश शास्त्री के सानिध्य में श्री जगन्नाथ मंदिर रसोई परिसर में सम्पन्न हुई। विदित है कि इस माह में पुण्य पुरुषोत्तम मास पड़ रहा है, इस मास में भगवान भोलेनाथ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण सुनने से हमारे कई पापों का नाश होता है, इसी तारतम्य में 15मई से श्री शिवमन्दिर, मसूराहा बगीचा शिवनगर में एक विशाल धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है इस कार्यक्रम में शिवलिंग निर्माण अभिषेक, महारुद्र यज्ञ, अष्टादश पुराण, एवं श्रीमद् भागवत महापुराण कार्यक्रम आयोजित है, इस बैठक में शहर के कई गणमान्य सदस्यों ने सहभागिता की, जिनमें गुल्लू खंपरिया, राजू शर्मा, अनिल सिन्हा, संजू नाकरा, मुन्ना तिवारी, ओमप्रकाश तपा, अशोक कंकने, नंदू खंताल, नरेंद्र बहरे, मुकेश नगरिया, सुरेंद्र सोनी, संदीप गुप्ता मंटू, गप्पू गुप्ता, बृजेश अग्रवाल, नीतू गुप्ता, नीरा सेठिया, प्रीति सेन, कविता नौगरिया, मोहनी बरसैंया, सीमा अग्रवाल, सुनीता श्रीवास्तव, फलश्री सोनी, नीलम नौगरिया, सुमित जायसवाल, दीपू कचेर आदि कई लोग उपस्थित हुए।




# महापौर जनसुनवाई बनी आमजन की उम्मीदों का मंच

## विभिन्न शाखाओं से जुड़े 30 आवेदनों पर हुई सुनवाई

## महापौर ने कहा- नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता

कटनी (स्वतंत्रमत)

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से प्रत्येक मंगलवार को आयोजित की जा रही महापौर जनसुनवाई नागरिकों के लिए एक सशक्त एवं भरोसेमंद मंच के रूप में निरंतर प्रभावी साबित हो रही है। मंगलवार को मेयर इन काउंसिल सभागार में आयोजित जनसुनवाई में शहर के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को लेकर पहुंचे। जनसुनवाई के दौरान नागरिकों द्वारा पेयजल, साफ-सफाई, सड़क मरम्मत, नाली निर्माण, अतिक्रमण, स्ट्रीट लाइट



राजस्व प्रकरण एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित कुल 30 आवेदन प्रस्तुत किए गए। महापौर प्रीति संजीव सूरी ने जनसुनवाई में उपस्थित प्रत्येक नागरिक की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य नागरिकों को उनकी समस्याओं के समाधान हेतु सरल, पारदर्शी एवं जवाबदेह व्यवस्था उपलब्ध कराना है, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। जनसुनवाई के दौरान कई आवेदनों पर मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर कार्यवाही प्रारंभ कराई गई। महापौर ने अधिकारियों से कहा कि प्राप्त सभी आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करते हुए निराकरण की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा नागरिकों को समाधान की जानकारी भी समय पर उपलब्ध कराई जाए। महापौर ने कहा कि जनसुनवाई के माध्यम से नागरिकों को सीधे प्रशासन के समक्ष अपनी बात रखने का अवसर मिल रहा है, जिससे समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनी है। उन्होंने आमजन से अपील की कि नगर निगम द्वारा संचालित इस जनहितकारी पहल का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु जनसुनवाई में सहभागिता सुनिश्चित करें। जनसुनवाई में नगर निगम की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी उपस्थित रहे, जिससे प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई प्रारंभ की जा सकी। इस दौरान निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय उपस्थिति रही।

## जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने श्रमदान से खोदे तालाब

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** मानव जीवन विकास समिति के सचिव एवं पर्यावरणविद निर्भय सिंह के नेतृत्व में कटनी जिले के ढीमरखेड़ा



ब्लॉक के महगवां गांव में ग्रामीणों के सहयोग से श्रमदान कर तालाब का निर्माण किया गया है। ग्रामीणों का मानना है की तालाब बनने से बारिस का पानी इकट्ठा होगा इससे जल संरक्षण व भूमि संरक्षण के साथ साथ वाटर लेवल भी बढ़ेगा जिससे तालाब के आसपास के लगभग 20 से 25 किसानों को सीधा लाभ पहुंचेगा। यह जन भागीदारी से किया गया काम जल संरक्षण के लिए उदाहरण बनेगा। गांव के अन्य लोगों के लिए भी उदाहरण प्रेस करेगा। ग्राम महगवां के लोगों और मानव जीवन विकास समिति का यह प्रयास भूजल स्तर बढ़ाने और आने वाली पीढ़ी के लिए पानी बचाने में सीधा योगदान देगा। यह जनभागीदारी से जल संरक्षण का बढ़िया उदाहरण है। इस कार्य में लगे मानव जीवन विकास समिति के सभी कार्यकर्त्ता धन्यवाद के पात्र है। विशेष प्राथमिकता से कार्य में लगे फील्ड समन्वयक मनीषा सिंह धुर्वे एवं ग्रामीण धन सिंह परस्ते, अभय सिंह धुर्वे, नत्थू सिंह धुर्वे, किता बाई आदि का विशेष सहयोग रहा है।

# गहोई वैश्य वनिता समिति द्वारा निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन

कटनी (स्वतंत्रमत)

श्री गहोई वैश्य वनिता समिति के तत्वावधान में मनोहर शिशु मंदिर माध्यमिक शाला परिसर आजाद चौक में निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में नेत्र परीक्षण के साथ-साथ बी.पी., शुगर एवं हीमोग्लोबिन जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। नेत्र परीक्षण सतगुरु चित्रकूट चिकित्सालय की विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया, वहीं बी.पी. जांच डॉ. रमेश सोनी एवं हीमोग्लोबिन जांच डॉ. संदीप तिवारी द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ वीणापाणि के पूजन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। उपस्थित अतिथियों एवं सम्मानित जनों का आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर सरपंच



हजारीलाल नौगरहिया ने कहा कि श्नेत्र शिविर समाज सेवा का अत्यंत पुण्य एवं सराहनीय कार्य है। ओकार बहरे ने समिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि वनिता समिति सदैव जनहित एवं सेवा कार्यों के लिए समर्पित रहती है। अशोक सेठिया ने कहा कि समाज में ऐसे प्रेरणादायक एवं जनकल्याणकारी कार्य निरंतर होते रहने चाहिए। ट्रस्ट कमेटी सचिव राकेश सुहाने ने समिति के सेवा भाव की सराहना की। समिति अध्यक्ष ऊषा नौगरहिया ने बताया कि पिछले नौ वर्षों से समिति द्वारा निरंतर इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि समाज का हर वर्ग- गरीब एवं जरूरतमंद सहित- स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सके। उन्होंने सभी से अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील भी की। शिविर में लगभग 200 लोगों ने नेत्र, शुगर, हीमोग्लोबिन एवं बी.पी. जांच कराई। इनमें से 20 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चित्रकूट भेजा गया तथा लगभग 50 लोगों को निःशुल्क चश्मे एवं आई ड्रॉप वितरित किए गए। अंतरराष्ट्रीय मातृ दिवस के उपलक्ष्य में समिति की महिलाओं द्वारा केक काटकर हर्षोल्लास के साथ उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ संघ अध्यक्ष केशव छिरोल्या, पुरुषोत्तम सोनी, भागीरथ बहरे जगदीश बरसैंया नवयुवक मंडल अध्यक्ष राहुल सुहाने, सुशील बरसैया, चंचल कनकने, अग्रज लहारिया, रवि कस्तवार, दीपक नौगरहिया, विनय कंदेंले, ओम त्रिसोलिया, महिला मंडल अध्यक्ष सीमा गांधी, अन्नपूर्णा सरावगी, रेखा चौदहा सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव विभा कंदेले, आरती सेठिया, प्रतिभा सेठिया, सीमा बहरे, रानो रावत, रुचि कंदेले, साधना सेठिया, रजनी बिलैया, खुशबू त्रिसोलिया, कीर्ति मोदी, भारती डेगरे, मधु बरसैया, अनिता कनकने, दीप नौगरहिया, पिंकी जार, शेलू चौदहा, मुदिता कंदेले एवं नैनी बरसैया का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में विभा कंदेले ने सभी अतिथियों, चिकित्सकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# सुगम आवागमन, स्वच्छता और जल निकासी व्यवस्था को लेकर निगम प्रशासन सख्त

## सिल्वर टॉकीज रोड स्थित खोवा मंडी में चला व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान

## स्थायी एवं अस्थायी कब्जे हटाकर मार्ग को किया गया व्यवस्थित

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** नगर में सुगम यातायात व्यवस्था, नागरिक सुविधाओं एवं आगामी वर्षा ऋतु के दौरान निर्बाध जल







निकासी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा बुधवार को सिल्वर टॉकीज रोड स्थित व्यस्ततम खोवा मंडी क्षेत्र में व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। निगम प्रशासन की अतिक्रमण टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई के दौरान सड़क एवं नालियों के ऊपर अनाधिकृत रूप से निर्मित दीवार, प्लेटफॉर्म, पट्टी, टीन शेड, तरपाल सहित अन्य स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए। अभियान के अंतर्गत लगभग 9 दुकानों के सामने से अतिक्रमण हटाकर मार्ग को व्यवस्थित एवं आवागमन के लिए सुगम बनाया गया। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सड़क और नालियों पर किए गए अतिक्रमण न केवल यातायात व्यवस्था को बाधित करते हैं, बल्कि वर्षा ऋतु के दौरान जल निकासी में अवरोध उत्पन्न कर जलभराव जैसी समस्याओं को भी बढ़ावा देते हैं। इसी को दृष्टिगत रखते हुए निगम द्वारा ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित कर लगातार कार्रवाई की जा रही है, जहां अतिक्रमण के कारण नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि कार्रवाई से पूर्व क्षेत्रीय दुकानदारों को सार्वजनिक मार्ग एवं नालियों पर किए गए अस्थायी अतिक्रमण हटाने हेतु चार दिन पूर्व सूचना प्रदान की गई थी। निर्धारित समयावधि के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर निगम अमले द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की गई। निगम प्रशासन ने नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे सार्वजनिक मार्ग, नालियों एवं शासकीय भूमि पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें तथा शहर को स्वच्छ, व्यवस्थित एवं जलभराव मुक्त बनाने में प्रशासन का सहयोग करें। निगम प्रशासन द्वारा यह अभियान आगामी दिनों में भी निरंतर जारी रखा जाएगा ताकि शहर में सुगम आवागमन, बेहतर स्वच्छता और प्रभावी जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

# धर्मशाला में पंजाब किंग्स की अग्निपरीक्षा

## खेल बिगाड़ने के लिए तैयार है मुंबई

धर्मशाला (वार्ता)।

पंजाब किंग्स गुरुवार को यहां हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने अहम आईपीएल 2026 मुकाबले में उतरेगी। इस मैच में पंजाब के प्लेऑफ़ में पहुंचने की उम्मीदें दांव पर लगी हैं, क्योंकि उनका सामना एक ऐसी टीम से है जो टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है, लेकिन जो दूसरी टीमों का खेल बिगाड़ने की क्षमता रखती है।




### अहम मोड़ पर आकर लड़खड़ा गई पंजाब

पंजाब ने इस सीजन की शुरुआत ज़बरदस्त अंदाज़ में की थी और अपने पहले सात मैचों में कोई मैच नहीं हारा था, लेकिन अहम मोड़ पर आकर टीम अचानक लड़खड़ा गई है। लगातार चार हार ने टीम की लय तोड़ दी है, जिससे वह पॉइंट्स टेबल में 13 पॉइंट्स के साथ चौथे स्थान पर खिसक गई है। पूरे सीज़न में मज़बूत नेट रन रेट और धमाकेदार बल्लेबाज़ी के बावजूद, गेंदबाज़ी में तालमेल की कमी टीम के लिए एक बड़ी चिंता बनकर उभरी है। हालांकि, उनकी बल्लेबाज़ी अब भी इस टूर्नामेंट की सबसे खतरनाक बल्लेबाज़ियों में से एक है। टीम ने इस सीजन में कई बार 200 रन का आंकड़ा पार किया है, जिसका श्रेय उनके निडर टॉप ऑर्डर को जाता है। ओपनर प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने टीम को तेज़ शुरुआत दी है, जबकि कूपर कोनोली और कप्तान श्रेयस अय्यर जैसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों ने मिडिल ऑर्डर को मज़बूती दी है। श्रेयस अय्यर खास तौर पर बेहतरीन फॉर्म में हैं; उन्होंने एक तरफ पारी को संभाला है, तो दूसरी तरफ तेज स्ट्राइक रेट भी बनाए रखा है।

### गेंदबाज़ों ने अहम मौकों पर खूब रन लुटाए

गेंदबाज़ी की बात करें तो, हाल के मैचों में पंजाब की मुश्किलें साफ नज़र आई हैं। अर्शदीप सिंह, जो टीम के सबसे भरोसेमंद विकेट लेने वाले गेंदबाज़ रहे हैं, उनके प्रयासों के बावजूद टीम के गेंदबाज बड़े स्कोर का बचाव करने में बार-बार नाकाम रहे हैं। सहायक गेंदबाज़ों ने अहम मौकों पर खूब रन लुटाए हैं, जिससे दबाव वाले हालात में टीम की गेंदबाज़ी में गहराई और नियंत्रण की कमी साफ ज़ाहिर हुई है।

### मुंबई की साख दांव पर लगी

दूसरी ओर, मुंबई की टीम बिना किसी प्लेऑफ़ दबाव के धर्मशाला पहुंची है, लेकिन उनके लिए अपनी साख दांव पर लगी है। पांच बार की चैंपियन यह टीम अभी पॉइंट्स टेबल में छह पॉइंट्स के साथ नौवें स्थान पर है और प्लेऑफ़ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है। हालांकि, उनके हालिया प्रदर्शन से पता चलता है कि वे अब भी एक खतरनाक टीम हैं और विरोधी टीमों की योजनाओं को बिगाड़ने की क्षमता रखती हैं।

### रोहित शर्मा एक बार फिर फॉर्म में लौट आए

मुंबई के लिए एक अच्छी बात यह रही है कि उनके अनुभवी ओपनर रोहित शर्मा एक बार फिर फॉर्म में लौट आए हैं। उन्होंने हाल के मैचों में ज़बरदस्त पारियां खेली हैं और अपने पिछले दो मैचों में 200 से ज़्यादा के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। उनकी तेज़ शुरुआत ने मुंबई को शुरुआती बढ़त दिलाई है, लेकिन मिडिल ऑर्डर और गेंदबाज़ी में तालमेल की कमी के कारण टीम लगातार सफलता हासिल नहीं कर पाई है। दक्षिण अफ़्रीकी विकेटकीपर-बल्लेबाज़ रयान रिकलटन इस सीज़न में मुंबई के सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं, जबकि तिलक वर्मा और नमन धीर ने मिडिल ऑर्डर में अहम रन बनाए हैं। हालाँकि, गेंदबाज़ी डिपार्टमेंट में स्थिरता की कमी टूर्नामेंट से उनके जल्दी बाहर होने का एक बड़ा कारण रही है। यहाँ तक कि अनुभवी तेज गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह का प्रदर्शन भी अपने स्तर के हिसाब से इस सीज़न में काफ़ी शांत रहा है, जिससे मुंबई की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।

### हेड-टू-हेड रिकॉर्ड थोड़ा पंजाब के पक्ष में

हेड-टू-हेड रिकॉर्ड थोड़ा पंजाब के पक्ष में है, जिसने दोनों टीमों के बीच पिछले चार मुकाबलों में से तीन जीते हैं, जिसमें इस सीजन की शुरुआत में वानखेड़े स्टेडियम में मिली एक शानदार जीत भी शामिल है। उस मैच में पंजाब ने 195 से ज़्यादा के लक्ष्य का आसानी से पीछा किया था, जिससे मुंबई के गेंदबाज़ी आक्रमण के सामने उनकी बल्लेबाज़ी की ताक़त साबित हुई थी। यह मैच धर्मशाला में साफ़ आसमान के नीचे खेला जाएगा, जहाँ तापमान 26 से 38 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की उम्मीद है। पिच के बल्लेबाज़ी के लिए मददगार होने की उम्मीद है, और अगर टॉप-ऑर्डर में जल्दी ही अच्छी साझेदारियाँ बन जाती हैं, तो बड़े स्कोर बनने की संभावना है।

### पंजाब के लिए जीतना ज़रूरी

पंजाब के लिए समीकरण सीधा है- प्लेऑफ़ की दौड़ में मज़बूती से बने रहने के लिए जीतना ज़रूरी है। मुंबई के लिए यह गर्व, लय और दौड़ से बाहर होने के बावजूद फ़ाइनल स्टैंडिंग पर असर डालने के मौक़े की बात है। ऐसे हालात में, अप्रत्याशितता अक्सर सबसे बड़ा फ़ैक्टर बन जाती है, जिससे गुरुवार का यह मुकाबला एक ज़बरदस्त टक्कर वाला मैच बन सकता है।



# ज्ञानेश्वरी यादव ने जीता सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल

गांधीनगर (वार्ता)।

एशियन सीनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप, जो 11 मई 2026 को प्रतिष्ठित महात्मा मंदिर और प्रदर्शनी केंद्र में शुरू हुई थी, पूरे महाद्वीप से बेहतरीन प्रदर्शनों की गवाह बन रही है। इस चैंपियनशिप में 28 एशियाई देशों और 2 कॉमनवेल्थ देशों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, और यह 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए एक क्वालिफाइंग इवेंट के तौर पर भी काम करती है। कुल 178 बेहतरीन एथलीट इसमें हिस्सा ले रहे हैं, जिससे यह इस साल भारत में आयोजित होने वाले सबसे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में से एक बन गया है। प्रतियोगिता के तीसरे दिन, भारत के मेडल टैली में और इजाफा हुआ, जब ज्ञानेश्वरी यादव ने 53 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्नैच सेक्शन में सिल्वर मेडल और कुल 194 किलोग्राम भार उठाकर टोटल कैटेगरी में ब्रॉन्ज़ मेडल हासिल किया। इस कैटेगरी में गोल्ड मेडल जिनलान झाओ (चीन) ने कुल 216 किलोग्राम भार उठाकर जीता, जबकि सिल्वर मेडल होआई हुओंग गुयेन (वियतनाम) ने कुल 195 किलोग्राम भार उठाकर हासिल किया।

# ऑरेंज कैप के लिए सुदर्शन दे रहे क्लासन को टक्कर




### पर्पल कैप सूची रबाडा भी है टक्कर में

**अहमदाबाद (वार्ता)** । गुजरात टाइटंस (जीटी) के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ 61 रनों की पारी खेलते हुए 17वें ओवर में आउट होने तक वह ऑरेंज कैप अपने नाम कर ली थी। लेकिन एसआरएच के हाइनरिक क्लासन 14 रन बनाकर आउट हुए और ऑरेंज कैप पर कुछ ही देर में दुबारा कब्जा कर लिया। मंगलवार को एसआरएच के हाइनरिक क्लासन ने लक्ष्य करते हुए अपनी पारी की शुरुआत सुदर्शन के 501 रनों से केवल सात रन पीछे रहते हुए की थी। भले ही क्लासन बड़ी पारी नहीं खेल सके और केवल 14 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन उन्होंने ऑरेंज कैप हासिल किया। 508 रन के साथ फिलहाल वह शीर्ष पर हैं। क्लासन और सुदर्शन इस सीजन 500 रनों का आंकड़ा पार करने वाले दो बल्लेबाज हैं और उनके पीछे एसआरएच के अभिषेक शर्मा (481 रन), केएल राहुल (दिल्ली कैपिटल्स, 477), और गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल (467 रन) हैं। वहीं पर्पप कैप की बात की जाये तो 2016 और 2017 में पर्पल कैप हासिल करने वाले भुवनेश्वर कुमार इस बार कगिसो रबाडा शीर्ष पर साथ दे रहे हैं। रबाडा इस सीज़न पावरप्ले में अदभुत फॉर्म में हैं और एसआरएच के खिलाफ उन्होंने अभिषेक, किशन और स्मरण के विकेट निकाले। उन्होंने केवल 28 रन देकर तीन विकेट लेते हुए अपना स्पेल समाप्त किया और प्लेयर ऑफ़ द मैच बने। अब उनके नाम कुल 21 विकेट हैं और इतने ही विकेट भुवनेश्वर के नाम भी हैं।

हालांकि, भुवनेश्वर (7.46) की इकॉनमी रबाडा (9.15) से काफी कम है और इसीलिए पर्पल कैप उनके ही पास है। केकेआर के खिलाफ आज रात एक्शन में होने के कारण भुवनेश्वर के पास बढ़त लेने का अवसर होगा। इन दोनों के पीछे अंशुल कम्बोज (सीएसके, 19 विकेट), प्रिंस यादव (एलएसजी), राशिद खान (जीटी) और एसआरएच के ईशान मलिंगा है जिनके नाम 16-16 विकेट हैं। प्रसिद्ध कृष्णा ने 14 विकेट और जेसन होल्डर छह मैचों में 13 विकेट के साथ नौवें और 10वें नंबर पर हैं।



### पैट कमिंस पर 12 लाख रुपये का जुर्माना

**अहमदाबाद (वार्ता)।** सनराइज़र्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस पर धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। हैदराबाद की टीम ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 56वें मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखी। चूंकि आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत यह इस सीज़न में उनकी टीम का पहला अपराध था-जो न्यूनतम ओवर गति से जुड़े अपराधों से संबंधित है- इसलिए कमिंस पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। हैदराबाद को इस मुकाबले में गुजरात के हाथों 82 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा।

# श्रीकांत ने 8वीं सीड को हराया

## सिंधु , लक्ष्य, देविका और मालविका भी जीते

पातुमवान (थाईलैंड)(वार्ता)।

थाईलैंड में निमिबुटर स्टेडियम में चल रहे थाईलैंड ओपन के राउंड ऑफ़ 32 में, पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 किदाम्बी श्रीकांत ने सिंगापुर के आठवीं सीड वाले खिलाड़ी लोह कीन येव को सीधे गेम में 21-14, 21-15 से हराकर उलटफेर कर दिया। इस बीच, पीवी सिंधु ने चीनी ताइपे की तुंग सोउ-टोंग को 21-9, 21-12 से हराया, जबकि देविका सिहाग ने जापान की नात्सुकी निदेरा के खिलाफ 21-19, 13-21, 21-15 से जीत हासिल की। श्रीकांत, जो भारत की थॉमस कप में कांस्य पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा थे और ताज़ा जीत के साथ टूर्नामेंट में उतरे थे, उन्होंने पूर्व विश्व चैंपियन को हावी होने का कोई मौका नहीं दिया और सिर्फ 30 मिनट में मैच खत्म कर दिया। अब प्री-क्वार्टरफाइनल में



उनका मुकाबला चीनी ताइपे के सु ली यांग से होगा। पुरुष एकल के दूसरे मुकाबले में, थॉमस कप के दौरान लगी चोट से उबरकर वापसी कर रहे लक्ष्य सेन ने सिंगापुर के जिया हेंग जैसन तेह को 43 मिनट में 21-16, 21-17 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। थाईलैंड मास्टर्स 2026 की चैंपियन देविका सिहाग ने मैच की शुरुआत तो जीत के साथ की, लेकिन दूसरे गेम में जापानी खिलाड़ी ने 15-13 के स्कोर से मैच पर पकड़ बना ली और लगातार छह अंक हासिल करते हुए दूसरा गेम जीत लिया, जिससे मैच निर्णायक गेम तक खिंच गया। निर्णायक गेम में युवा खिलाड़ी को अपनी बढ़त बनाए रखने में शुरुआत में थोड़ी मुश्किल हुई, जब नात्सुकी ने स्कोर 5-5 से बराबर कर दिया। हालांकि, देविका ने लगातार सात अंक हासिल करते हुए 11-5 की बढ़त बना ली और अंततः जीत अपने नाम कर ली।

अब सिंधु का मुकाबला डेनमार्क की एमाली शुल्ज से होगा, जबकि देविका का मुकाबला थाईलैंड की पिचमोन ओपटनिपुठ से होगा। मालविका बंसोड़ भी आगे बढ़ीं; उन्होंने 53 मिनट में अपनी कनाडाई प्रतिद्वंद्वी को 13-21, 26-24, 21-13 से हराया।

एक अन्य उल्लेखनीय मुकाबले में, अनमोल खरब ने दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी और दूसरी वरीयता प्राप्त चीन की चेन यू फेई के खिलाफ ज़ोरदार टक्कर दी। अनमोल ने पहला गेम 21-19 से जीता और मैच को निर्णायक गेम तक पहुँचा दिया। आखिरी गेम में 11-2 की बढ़त बनाए रखने के बावजूद, वह इसे जीत में नहीं बदल सकीं; आखिरकार, एक घंटे दस मिनट तक चले इस कड़े मुकाबले में उन्हें 21-19, 13-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा।

# टेस्टी निबल्स के ब्रांड एंबेसडर बने मिलिंद सोमन



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** टेस्टी निबल्स के ब्रांड नाम से डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों का कारोबार करने वाली कंपनी एचआईसी एबीएफ स्पेशल फूड्स ने देश और विदेश में विस्तार की योजना बनायी है, और इसी क्रम में उसने बुधवार को मशहूर मॉडल, अभिनेता, फिल्म निर्माता एवं फिटनेस प्रोत्साहक मिलिंद सोमन को ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की। टेस्टी निबल्स के प्रबंध निदेशक चेरियन कुरियन ने यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, च्टेस्टी निबल्स का हमेशा से मानना रहा है कि खाद्य पदार्थों के उद्योग का भविष्य स्वास्थ्य, सुविधा और भरोसे पर टिका हुआ है। मिलिंद सोमन को अपने साथ लाने के साथ ही हम टूना मछली को भारतीयों के रोजमर्रा के भोजन का हिस्सा बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठा रहे हैं। देश में अभी बहुत कम लोग टूना खाते हैं और हमारे पास यह बड़ा अवसर है कि हम लाखों परिवारों तक उच्च गुणवत्ता वाले प्रोटीन का बेहतर विकल्प पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में टूना एक लोकप्रिय प्रोटीन स्रोत है, लेकिन भारत में इसका उपयोग अभी भी काफी कम है। एक अरब 40 करोड़ से अधिक आबादी वाले देश में इस श्रेणी में तेज वृद्धि की बड़ी संभावना है।

# सोने-चांदी पर आयात शुल्क बढ़ने से कम कैरेट के गहनों को मिलेगा बढ़ावा

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** सरकार ने सोने-चांदी के आयात पर शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है जिससे कम कैरेट के गहनों की बिक्री बढ़ने की संभावना है। सोने-चांदी के आयात पर खर्च होने वाली विदेशी मुद्रा बचाने के लिए केंद्र सरकार ने यह कदम उठाया है। इससे घरेलू मांग हतोत्साहित होगी। विभिन्न श्रेणियों में सोने-चांदी के आयात पर मूल सीमा शुल्क में 10 प्रतिशत तक वृद्धि की गयी है। साथ ही पांच प्रतिशत कृषि उपकर भी लगाया गया है। उद्योग जगत का कहना है कि यह कम कैरेट के सोने के गहनों को बढ़ावा देने का अवसर है। इससे सोने की खपत भी कम होगी और गहनों के ज्यादा बेहतर डिजाइन उपलब्ध हो सकेंगे। साथ ही उसने लोगों से घरों में पड़े पुराने




गहनों के पुनर्चक्रण की भी अपील की है। जानी-मानी ज्वेलरी डिजाइनर और उद्यमी हेतल वकील वालिया का कहना है कि आयात शुल्क में इस वृद्धि के बाद आभूषणो की खुदरा कीमतों में लगभग छह से आठ प्रतिशत तक वृद्धि हो सकती है। सोने की कीमतें प्रति 10 ग्राम लगभग आठ हजार से 10 रुपये तक बढ़ सकती हैं, जबकि चांदी 15 हजार रुपये से 20 हजार रुपये प्रति किलोग्राम महंगी हो सकती है।

इसके कारण आने वाली तिमाहियों में मांग कमजोर पड़ने की आशंका है। कुल मांग में 10-15 प्रतिशत तक गिरावट आ सकती है, खासकर मूल्य के प्रति संवेदनशील ग्रामीण बाजारों में। उपभोक्ता धीरे-धीरे हल्के वजन वाले आभूषण, कम कैरेट वाले उत्पाद, चांदी के आभूषण और एक्सचेंज आधारित खरीदारी की ओर रुख कर सकते हैं। श्रीमती वालिया ने बताया कि रिटेलर्स और चेन शोरूम मालिकों पर इन्वेंट्री बदलने की लागत का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा और उनका मुनाफा प्रभावित होगा। यदि मांग कमजोर बनी रहती है, तो इसका प्रभाव कारीगरों, सुनारों और ज्वेलरी डिजाइनरों पर भी पड़ सकता है, क्योंकि ऑर्डर की मात्रा और कॉन्ट्रैक्ट वर्क में कमी आ सकती है, विशेष रूप से प्रमुख विनिर्माण केंद्रों में।

धीरसन ज्वेलर्स के निदेशक राघव धीर ने कहा कि आयात शुल्क में संशोधन एक महत्वपूर्ण नीतिगत बदलाव है। इससे आपूर्ति श्रृंखला में लागत बढ़ना तय है, यह उपभोक्ताओं के लिए यह सोचने का भी सही अवसर है कि वे सोने के साथ किस तरह जुड़ते हैं। उन्होंने बताया कि कंपनी अपने ग्राहकों को पुराना सोना लाकर नये आभूषणों के साथ बदलने के लिए प्रोत्साहित करती है।

# चावल नरम, चीनी, दालें, गेहूं, तेल मजबूत



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल का औसत भाव टूट गया। वहीं, गेहूं, चीनी, दालों और खाद्य तेलों में तेजी का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत छह रुपये गिरकर 3,851 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। गेहूं छह रुपये महंगा हुआ और 2,782 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटे की कीमत भी 12 रुपये बढ़ गयी। दाल-दलहनों में तेजी रही। मूंग दाल की औसत कीमत 40 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। उड़द दाल 37 रुपये और तुअर दाल 20 रुपये महंगी हुई। मसूर दाल में 10 रुपये और चना दाल में दो रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा चार रिंगिट टूटकर 4,434 रिंगिट प्रति टन रह गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75.25 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 123 रुपये और पाम ऑयल की 87 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी।

# टाटा अल्ट्रोज आईसीएनजी अब ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ

**मुंबई (वार्ता)।** देश की अग्रणी वाहन कंपनी टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने बुधवार को अपनी प्रीमियम हैचबैक टाटा अल्ट्रोज आईसीएनजी को ऑटोमैटेड मैनुअल ट्रांसमिशन (एएमटी) की शुरुआत की घोषणा की। कंपनी ने बताया कि नयी अल्ट्रोज आईसीएनजी एएमटी की शुरुआती कीमत 8.69 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) रखी गयी है। यह ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के विकल्प के साथ देश की पहली और एकमात्र सीएनजी प्रीमियम हैचबैक है। अल्ट्रोज आईसीएनजी एएमटी को पांच संस्करणों में पेश किया गया है। दिल्ली में प्योर का एक्स-शोरूम कीमत 8,69,990 रुपये, प्योर एस की 8,99,990 रुपये, क्रिएटिव की 9,56,990 रुपये, क्रिएटिव एस की 9,81,990 रुपये और अकम्प्लीश्ड की 10,76,990 रुपये है। टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के मुख्य वाणिज्यिक अधिकार विवेक श्रीवत्स ने कहा, टाटा अल्ट्रोज ने प्रीमियम हैचबैक सेगमेंट में डिजाइन,



सुरक्षा और पावरट्रेन विकल्पों के मामले में लगातार नये मानक स्थापित किये हैं। भारत में सीएनजी एक तेजी से बढ़ता हुआ ईंधन विकल्प बन गया है, जिसकी हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2024-25 में 19 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2025-26 में 22 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। यह वृद्धि अब सिर्फ पारंपरिक बाजारों तक सीमित नहीं है, बल्कि नये क्षेत्र भी इसमें महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अल्ट्रोज आईसीएनजी में एएमटी जोड़ने का उद्देश्य सीएनजी वाहनों में बढ़ती सुविधा की जरूरत को पूरा करना है।

### रुपया पहली बार 95.80 प्रति डॉलर तक लुढ़का

*मुंबई ( वार्ता )। लगातार दबाव में चल रहा रुपया बुधवार को बीच कारोबार में पहली बार 95.80 रुपये प्रति डॉलर तक टूट गया। इससे पहले बीच कारोबार में रुपये का निचला स्तर 95.78 रुपये प्रति डॉलर था जो मंगलवार को दर्ज किया गया था हालांकि बाद में यह 40 पैसे की गिरावट के साथ 95.68 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में आज भारतीय मुद्रा अंत में 1.50 पैसे की बढ़त में 95.6650 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई। रुपया आज 16 पैसे की मजबूती के साथ 95.52 रुपये प्रति डॉलर पर खुला, लेकिन इसके बाद इसका ग्राफ सीधे नीचे की तरफ गिरता गया और यह 95.80 रुपये प्रति डॉलर तक उतर गया।*

# चार दिन की गिरावट से उबरा शेयर बाजार

## सेंसेक्स 50 अंक चढ़ा

मुंबई (वार्ता)।

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार चार दिन की गिरावट से उबरने में कामयाब रहे और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 49.74 अंक (0.07 प्रतिशत) चढ़कर 74,608.98 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 121.70 अंक यानी 0.52 प्रतिशत ऊपर 23,501.25 अंक पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी दिवस पर दोनों प्रमुख सूचकांक पांच सप्ताह के निचले स्तर पर बंद हुए थे। वृहत बाजार में ज्यादा तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.22 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.64 प्रतिशत की बढ़त में रहा। ऑटो, आईटी, बैंकिंग, मीडिया और रियलिटी सेक्टरों में गिरावट रही। धातु शेयर का सूचकांक तीन



प्रतिशत से अधिक चढ़ा। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और तेल एवं गैस सेक्टरों के सूचकांकों में भी अच्छी तेजी रही। एनएसई में जिन 3,378 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 1,960 के शेयर हरे निशान में और 1,300 के शेयर लाल निशान में रहे। अन्य 118 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 में से 17 कंपनियों के शेयरों में गिरावट और अन्य 13 में बढ़त रही। एशियन पेंट्स का शेयर 4.48 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। टाटा स्टील में 3.63 प्रतिशत, बीईएल में 2.93, अडानी पोर्ट्स में 2.79, भारती एयरटेल में 1.78, एलएंडटी में 1.56, इंडिगो में 1.20 आईटीसी में 1.18 और टाइटन में 0.95 प्रतिशत की तेजी रही। ट्रेंट, कोटक महिंद्रा बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी हरे निशान में रहे।

महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 2.07 प्रतिशत टूट गया। पावर ग्रिड में 1.52 फीसदी, इंफोसिस में 1.51, टेक महिंद्रा में 1.25, टीसीएस में 1.21 और सनफार्मा में 1.16 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी। बजाज फिनसर्व, इटरनल, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, मारुति सुजुकी, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी नीचे बंद हुए। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 0.84 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 0.67 प्रतिशत और हांगकांग का हैंग सेंग 0.15 प्रतिशत चढ़ा। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.72 प्रतिशत ऊपर था जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई 0.01 प्रतिशत फिसल गया।

# सामाजिक परिवर्तन के वाहक बनें विश्वविद्यालय : मंत्री परमार

## विद्यार्थियों के शैक्षणिक दस्तावेजों की डिजिलॉकर में उपलब्धता और स्वयं पोर्टल पर पंजीयन करें सुनिश्चित

भोपाल (स्वतंत्र मत)



विद्यार्थियों का सर्वांगीण हित, हमारी प्राथमिकता है। विद्यार्थियों को सरलता और सुलभता से सुविधाएं उपलब्ध हो, इस दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। समस्त विश्वविद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों की अंकसूची, उपाधि एवं अन्य शैक्षणिक दस्तावेजों की डिजिलॉकर में उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, जिससे विद्यार्थियों को सुरक्षित, प्रमाणित एवं सरल डिजिटल सेवाओं का लाभ मिल सके। साथ ही प्रत्येक विद्यार्थी का स्वयं पोर्टल पर पंजीयन कराते हुए उन्हें उपलब्ध पाठ्यक्रमों में रुचि एवं आवश्यकता अनुसार चयन के लिए प्रेरित कर, शैक्षणिक उन्नयन से जोड़ा जाए। विश्वविद्यालयों के कार्यों का प्रभाव, सामाजिक परिवर्तन की अभिप्रेरणा बने। विश्वविद्यालय, सामाजिक परिवर्तन के वाहक बनें। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने बुधवार को भोपाल स्थित निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के सभागार में, (एनएडी-डिजिलॉकर) एवं स्वयं पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ अवसर पर कही। मंत्री श्री परमार ने एनएडी-डिजिलॉकर एवं स्वयं पोर्टल के क्रियान्वयन में, देश भर में प्रदेश की वर्तमान स्थिति पर संतोष व्यक्त किया एवं देश भर में प्रदेश को अग्रणी बनाने के लिए प्रोत्साहित भी किया। उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के यशस्वी नेतृत्व में, हमारा प्रदेश उच्च शिक्षा को आधुनिक, नवाचारयुक्त, पारदर्शी एवं विद्यार्थी-केंद्रित बनाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। हमारा लक्ष्य हर विद्यार्थी तक सरल, सुरक्षित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाना है। मंत्री श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू करने की दिशा में, यह एक महत्वपूर्ण पहल है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसरण में, नई शिक्षा व्यवस्था में तकनीक केवल सुविधा का ही माध्यम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य का सशक्त आधार है। हमारा प्रयास है कि प्रदेश का प्रत्येक विद्यार्थी डिजिटल रूप से सक्षम, ज्ञानसम्पन्न एवं वैश्विक अवसरों के लिए तैयार बने। विश्वविद्यालयों में परीक्षा एवं परिणाम को पारदर्शितापूर्ण बनाने की दिशा में कार्य हो रहा है। डिजिटल मूल्यांकन पद्धति से परीक्षा एवं परिणाम की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बढ़ेगी।

### विद्यार्थी को संवेदनशील एवं श्रेष्ठ नागरिक बनाना

मंत्री श्री परमार ने कहा कि विद्यार्थी को संवेदनशील एवं श्रेष्ठ नागरिक बनाना, विश्वविद्यालयों का दायित्व है। इसके लिए राष्ट्रहित एवं समाज हित में संस्कार रोपित करने की आवश्यकता हैं। मंत्री श्री परमार ने कहा कि शिक्षकों के आचरण को विद्यार्थी आत्मसात करते हैं, इसलिए शिक्षण व्यावहारिक होना चाहिए। मंत्री श्री परमार ने कहा कि स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने के संकल्प को साकार करने के लिए, भारतीय दृष्टि के साथ शैक्षणिक परिदृश्य सृजन करना होगा। मंत्री श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप तकनीक आधारित शिक्षण, डिजिटल गवर्नेंस एवं गुणवत्तापूर्ण ऑनलाइन शिक्षा को बढ़ावा देना, हमारी प्राथमिकताओं में समाहित है। एनएडी-डिजिलॉकर के माध्यम से विद्यार्थियों के शैक्षणिक दस्तावेज सुरक्षित, प्रमाणित एवं डिजिटल रूप में सहज उपलब्ध होंगे, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी तथा समय और संसाधनों की बचत होगी। एनएडी-डिजिलॉकर, शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता को सुदृढ़ बना रहा है। वहीं (स्वयं) पोर्टल, युवाओं को देश के श्रेष्ठ शिक्षकों एवं संस्थानों से ऑनलाइन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान कर रहा है। अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन ने कहा कि सभी विश्वविद्यालय, छात्र हित को प्राथमिकता देते हुए एनएडी-डिजिलॉकर एवं स्वयं पोर्टल का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें जिससे विद्यार्थियों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। श्री राजन ने कहा कि विश्वविद्यालय, स्वयं पोर्टल के विनियमन को अपनाते हुए समस्त विद्यार्थियों का स्वयं पोर्टल पर पंजीयन एवं परीक्षा में प्रतिभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी विश्वविद्यालय, अकादमिक कैलेंडर का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित करें ताकि विद्यार्थियों के शैक्षणिक सत्र प्रभावित न हों। श्री राजन ने विश्वविद्यालयों को पारदर्शितापूर्ण प्रशासनिक प्रबंधन के लिए, समर्थ पोर्टल पर शिफ्ट करने के लिए भी प्रेरित किया।

### महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत संवाद

उद्घाटन सत्र में स्वागत उद्बोधन देते हुए मप्र निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के चेयरमैन प्रो खेमसिंह डेहरिया ने, कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। विषयविद दीक्षा राजपूत संयुक्त सचिव विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली एवं अभिनव शर्मा क्षेत्रीय समन्वयक एनएडी-डिजिलॉकर ने, कार्यशाला की प्रासंगिकता, आवश्यकता एवं महत्ता के आलोक में अपने विचार साझा किए। कार्यशाला में विभिन्न तकनीकी सत्रों में विषयविद एनएडी-डिजिलॉकर एवं स्वयं पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत संवाद करेंगे और विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी करेंगे। कार्यशाला में आयुक्त उच्च शिक्षा प्रबल सिपाहा, मप्र निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के प्रशासनिक सदस्य महेशचंद चौधरी एवं आयोग के सचिव डॉ देवेंद्र सिंह गुर्जर सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलगुरु एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# राज्यमंत्री गौर ने निर्माण कार्यों में लापरवाही पर जताई नाराजगी



**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण तथा विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने मंत्रालय में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में टेंडर प्रक्रिया और निर्माण कार्यों में हो रही लेटलतीफी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में छात्रावासों में मेस संचालन और किचन निर्माण की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि निर्माण एजेंसी, ठेकेदारों और विभाग के समन्वय की कमी के चलते योजनाओं में देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 31 मई तक किचन निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुए, तो संबंधित अधिकारियों पर सीधे तौर पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। राज्यमंत्री ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अहम योजनाओं को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना-2026 की शुरुआत 15 मई से की जाएगी। इसके तहत 4000 युवाओं को सेना, पुलिस, होमगार्ड एवं अन्य सैन्य बलों में भर्ती के लिए निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं, सरदार पटेल कोचिंग अध्ययन छात्रवृत्ति योजना की टेंडर प्रक्रिया जल्द पूरी करने के निर्देश दिए, जिससे जल्द से जल्द छात्र-छात्राओं को देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से शिक्षा पाने का लाभ मिल सके। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि 31 चयनित कन्या छात्रावासों को आदर्श छात्रावास बनाने से संबंधित सभी निर्माण कार्य 30 जून तक पूर्ण करने और रिक्त सीटों को जल्द भरने के निर्देश दिए। राज्यमंत्री गौर ने विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए 36 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने चयनित छात्रों की राशि जल्द जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 15 जून तक पोर्टल में बदलाव कर ऐसा सिस्टम बनाएं जिससे विद्यार्थी सालभर (रोलिंग आधार पर) आवेदन कर सकें। उन्होंने दिल्ली छात्रगृह योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को भी कहा, जिससे दिल्ली के संस्थानों में पढ़ रहे प्रदेश के अधिक से अधिक ओबीसी विद्यार्थी 10 हजार रुपये प्रतिमाह सहायता का लाभ उठा सकें। विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्ध-घुमंतू कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए श्रीमती गौर ने कहा कि विभाग द्वारा कराया जा रहा सर्वे आने वाले वक्त में सुखद परिणाम देगा। उन्होंने कहा कि इस समुदाय के लोगों के लिए आवास की सुविधा उपलब्ध करवाने के प्रयासों को गति दें।

# अंधियारा बगीचा जाम पर प्रशासन सख्त

## फोरलेन निर्माण के बीच ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने उच्च स्तरीय बैठक हुई

हटा (स्वतंत्र मत)



दमोह-पन्ना फोरलेन निर्माण कार्य के चलते नगर में पिछले एक सप्ताह से लगातार जाम की गंभीर समस्या सामने आ रही थी। विशेष रूप से अंधियारा बगीचा क्षेत्र में दोनों ओर करीब एक.एक घंटे तक वाहन जाम में फंसे रहने से आम नागरिकों-व्यापारियों और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सोशल मीडिया पर भी नागरिकों द्वारा जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई जा रही थी। मंगलवार को स्थिति तब और गंभीर हो गई जब क्षेत्रीय विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक का वाहन भी जाम में फंस गया। इसके बाद प्रशासन ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई शुरू की। जाम की लगातार बन रही स्थिति और पुलिस की अनदेखी को लेकर उठ रहे सवालों के बीच एसडीएम राकेश सिंह मरकाम ने एसडीएम कार्यालय में राजस्व, पुलिस, नगर पालिका एवं एमपीआरडीसी के अधिकारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की। बैठक में जाम के कारणों और उसके स्थायी समाधान पर विस्तार से विचार.विमर्श किया गया। बैठक में सड़क निर्माण कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि सीसी रोड पर कई दुकानदार सड़क किनारे सामान रख देते हैं। वहीं बड़ी संख्या में दोपहिया वाहन भी अव्यवस्थित रूप से खड़े रहते हैं जिससे सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है और यातायात प्रभावित होता है। इसके अलावा अंधियारा बगीचा चौराहे पर क्रॉसिंग के दौरान भी वाहनों की आवाजाही बाधित होने से जाम की स्थिति बनती है। समस्या के समाधान के लिए प्रथम चरण में नगर पालिका द्वारा मुनादी कराकर नागरिकों और व्यापारियों को जागरूक करने का निर्णय लिया गया है। मुनादी के माध्यम से लोगों से अपील की जाएगी कि वे सीसी सड़क पर वाहन पार्किंग और सामान रखने से बचें। इसके साथ ही नगर पालिका, पुलिस और एमपीआरडीसी की संयुक्त टीम मुख्य मार्ग का संयुक्त निरीक्षण करेगी और जहां-जहां आवागमन में बाधा दिखाई देगी, वहां तत्काल कार्रवाई कर मार्ग को खाली कराया जाएगा। बैठक में एमपीआरडीसी अधिकारियों को फोरलेन निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। साथ ही निर्माण कार्य के दौरान सतत निगरानी रखने और वैकल्पिक यातायात व्यवस्था बनाए रखने पर भी जोर दिया गया ताकि भविष्य में इस प्रकार की समस्या दोबारा न उत्पन्न हो। बैठक में एसडीओपी सौरभ त्रिपाठीए तहसीलदार डॉ. आलोक जैन, सीएमओ राजेंद्र खरे, उपयंत्री जाकिर रंगरेज, एमपीआरडीसी प्रबंधक मुकुल चौरसिया, कंसल्टेंसी से सुनील शुक्ला तथा इस्कॉन इंफ्रा के प्रोजेक्ट मैनेजर भूपेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बच्चों का सर्वांगीण विकास ही विकसित मध्यप्रदेश 2047 की आधारशिला : भूरिया

भोपाल (स्वतंत्र मत)




महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा है कि मध्यप्रदेश के बच्चों का सर्वांगीण विकास ही राज्य के सतत और समावेशी विकास की आधारशिला बनेगी। मंत्री सुश्री भूरिया बुधवार को होटल कोर्टयार्ड मैरियट में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चाइल्ड बजटिंग इन मध्यप्रदेश विषयक प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित कर रही थीं। मंत्री भूरिया ने बताया कि वर्ष 2026-27 के राज्य बजट में बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता दिखती है। उन्होंने मुख्य वित्तीय प्रावधानों को साझा करते हुए कहा कि बजट में इस वर्ष 26 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि की गई है।स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में 23 हजार 747 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है, जिसमें पोषण 2.0 जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल हैं। राज्य के कुल व्यय का 13.7 प्रतिशत हिस्सा शिक्षा पर व्यय के लिये आवंटित किया गया है। मंत्री भूरिया ने स्पष्ट किया कि बच्चों का विकास केवल संबंधित बाल विकास विभाग की जिम्मेदारी नहीं है। उन्होंने कहा चाइल्ड बजट स्टेटमेंट में अब 19 विभागों को शामिल किया गया है। स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य और सामाजिक न्याय जैसे सभी विभागों को एक निर्धारित लक्ष्य अनुसार मिलकर काम करना होगा। विभागों के बीच जब बेहतर समन्वय होगा, तभी बजट का वास्तविक लाभ धरातल पर दिखेगा।

# नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**हटा (स्वतंत्र मत)।** हटा सिविल अस्पताल में नाबालिग की डिलीवरी के बाद सामने आए दुष्कर्म मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस एवं पाक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गत 12 मई को एक नाबालिग युवती पेट दर्द की शिकायत लेकर हटा सिविल अस्पताल पहुंची थी। चिकित्सकीय जांच में उसके लगभग सात माह की गर्भवती होने की पुष्टि हुई। पूछताछ के दौरान परिजनों द्वारा कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दिए जाने पर अस्पताल प्रबंधन ने इसकी सूचना हटा थाना पुलिस को दी। बाद में अस्पताल में पीड़िता की सुरक्षित डिलीवरी कराई गई, जहां उसने एक बच्ची को जन्म दिया। मामले की सूचना दमोह में पदस्थ महिला पुलिस अधिकारी महमूदा बानो को दी गई। उन्होंने सिविल अस्पताल पहुंचकर पीड़िता के बयान दर्ज किए। जांच में पीड़िता की उम्र आधार कार्ड के अनुसार 16 वर्ष 8 माह पाई गई जबकि भर्ती के समय उसकी उम्र 18 वर्ष बताई गई थी।

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS ABDUL MALIK I HAVE CHANGED MY NAME AND HENCE-FORTH I, SHALL BE KNOWN AS ABDUL MALIK ANSARI S/O MUSTAQ AHMAD ANSARI RESIDENT OF 444/1, PARVEEN PARSHAD KI GALI, BEHI SINGH KI TALAIYA, ASHFAQULLA KHAN WARD, JABALPUR (M. P.) 482001.

**शपथ पत्र**

मैं रेनू कोरी पिता श्री राजकुमार कोरी निवासी जवाहर नगर आधारताल जबलपुर शपथ पूर्वक निम्न कथन करती हूं कि:-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूं। 2. यह कि मेरी माता दयावंती कोरी के नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी सं. 373768923 है, इसमें मेरा नाम बतौर नामिनी में कुमारी शिवानी कोरी लिखा है जो मेरे घर का चालू नाम था और पालिसी लेते समय मेरी आयु लगभग 3 वर्ष की थी। 3. यह कि स्कूल में प्रवेश के समय मेरा नाम रेनू कोरी लिखा था और मेरे आधार कार्ड क्र. 707165003178 में मेरा नाम एवं मेरे पंजाब नेशनल बैंक खाता में एवं मेरे पेन कार्ड में नेरा नाम रेनू कोरी लिखा है। 4. यह कि कुमारी शिवानी कोरी एवं रेनू कोरी ये दोनों ही नेम मेरे नाम हैं यानि एक ही महिला के नाम हैं जो सही व सत्य हैं। 5. यह कि भविष्य में उक्त नाम के संबंध में किसी भी विवाद के लिए मैं शपथकर्ती स्वयं जिम्मेदार रहूंगी।

**शपथकर्ता**
**रेनू कोरी**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./सं.क्र. 11/2026-27
दिनांक 13/5/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत रजक पिता श्री भीमराज रजक ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानीलक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक ख.नं. 241/2 पुरानी बस्ती कजरवारा सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000390259 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1700 व.फु. जिस पर निर्मित निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री विष्णु प्रसाद महोबिया पिता स्व. श्री मूलचंद महोबिया का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11, नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./सं.क्र. 11/2026-27
दिनांक 13/5/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सन्नालाल पासी पिता रामचरण पासी ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. 462 फेस 2 पार्ट 1 चैतन्य सिटी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004476802 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1500 व.फु. जिस पर निर्मित निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज मेसर्स चैतन्य प्रमोटर्स एण्ड डेवलपर्स श्री आदर्श अग्रवाल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11, नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./सं.क्र. 11/2026-27
दिनांक 13/5/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री ओमप्रकाश खत्री पिता स्व. श्री सत्यप्रकाश खत्री (2) यश खत्री पिता ओमप्रकाश ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक ब्लाक बी. फ्लैट नं. 212 दत्त अपार्टमेंट सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000382629 पर दर्ज भूमि जिस पर निर्मित तृतीय तल 1100 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री प्रशांत कुमार मिश्रा पिता हेतराम मिश्रा श्रीमति ज्योति तिवारी पति प्रशांत कुमार मिश्रा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11, नगर निगम, जबलपुर

### लुहारी गांव में घर की बालकनी टूटी 2 लोग घायल



**हटा (स्वतंत्र मत)।** हटा थाना क्षेत्र के लुहारी गांव में एक घर की छत की बालकनी टूटने से दो लोगों के घायल होने का मामला सामने आया है। घटना में घायल अशोक अवस्थी उम्र करीब 35 वर्ष और कृष्ण कुमार अवस्थी उम्र करीब 45 वर्ष को इलाज के लिए सिविल अस्पताल हटा लाया गया यहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों गम्भीर घायलो को मंगलवार देर रात दमोह जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा दोनो लोग छत पर थे तभी अचानक बालकनी का हिस्सा टूट गया जिससे नीचे गिर गए।

**क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जबलपुर**

**लोक सुनवाई की आम सूचना**

सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत मेसर्स कुनाल ग्रोवर एण्ड एसोसिएट्स, इमझर स्टोन, बोल्डर, मुरूम, एम-सेन्ड क्वारी, माईनिंग ऑफ मिनरल्स, प्रस्तावित क्षमता: स्टोन-29,400 घनमीटर प्रतिवर्ष, मुरूम 2654 घनमीटर, एण्ड एम-सेन्ड वर्ष 12600 घनमीटर प्रतिवर्ष, रकबा 1.96 हेक्टेयर, खसरा क्रमांक 465, 467 ग्राम इमझर, तहसील शहपुरा, जिला जबलपुर हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिये भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में सॉफ्ट कॉपी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर जबलपुर (2) कार्यालय जिला पंचायत, जबलपुर, (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जबलपुर, (4) कार्यालय ग्राम पंचायत, ग्राम इमझर, तहसील शहपुरा, जिला जबलपुर, (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक 3 राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कॉलोनी भोपाल (6) मुख्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ई-5 अरेरा कॉलोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्लॉट नं 455/456 विजयनगर जबलपुर में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की वेबसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त खदान के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विजय नगर जबलपुर (म.प्र.) के कार्यालय में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 18/06/2026 दिन गुरुवार को प्रातः 11:00 बजे मेसर्स कुनाल ग्रोवर एण्ड एसोसिएट्स, इमझर स्टोन ग्राम इमझर, तहसील शहपुरा, जिला जबलपुर के खदान परिसर के समीप आयोजित की जायेगी जिसमें भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

**क्षेत्रीय अधिकारी**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./सं.क्र. 11/2026-27
दिनांक 13/5/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति संगीता तिवारी पति श्री रमेश तिवारी ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानीलक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक म.नं. 22 मां नर्मदा सिटी होम्स कजरवारा सम्पत्ति के पिन क्रमांक 2000116217 पर दर्ज जिस पर निर्मित भूतल 500 व.फु. प्रथम तल 500 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री राकेश श्रीवास्तव पिता श्री माताप्रसाद श्रीवास्तव का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11, नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./सं.क्र. 11/2026-27
दिनांक 13/5/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री संजीव मिश्रा पिता श्री उमाकांत मिश्रा ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानीलक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक 9,9 खसरा नं. 9/1 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000375104 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 3465 व.फु. जिस पर निर्मित निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री राजीव मिश्रा पिता उमाकांत मिश्रा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11, नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन नामांतरण/ हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गोविंद भवन कॉलोनी जबलपुर स्थिति भवन क्रमांक एल.आई.जी.-17 श्री राजेश कुमार दशोरे पिता श्री शिव नारायण दशोरे एवं श्री नरेश दशोरे पिता श्री शिव नारायण दशोरे के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 01.10.1999 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री राजेश कुमार दशोरे पिता श्री शिव नारायण दशोरे एवं श्री नरेश दशोरे पिता श्री शिव नारायण दशोरे ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 07.05.2026 *के माध्यम से श्री सुनील कुमार सराफ पिता श्री डी.पी. सराफ को विक्रय किया है। अतः श्री सुनील कुमार सराफ पिता श्री डी.पी. सराफ द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तातरण (भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

**कार्यालय म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन लीज हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुरवा कालोनी जबलपुर में भवन क्र. एलआईजी-1145 श्री अंकित सोनी पिता श्री नत्थूलाल सोनी एवं श्री शिवम सोनी पिता श्री नत्थूलाल सोनी के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 03/08/2022 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री अंकित सोनी पिता नत्थूलाल सोनी ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 11/03/2025 को हक त्यागकर्त्ता के माध्यम से श्री शिवम् सोनी पिता श्री नत्थूलाल सोनी को विक्रय किया है। अतः श्री शिवम सोनी पिता श्री नत्थूलाल सोनी द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्याल में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन/भूखण्ड) बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-05 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./सं.अधि/सं.क्रं. 5/2026-27/02
दिनांक 13/5/2026

**भवन नामांतरण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राकेश कुमार पाण्डेय पिता श्री कोदूलाल पाण्डेय, आदित्य कुमार पाण्डेय आशुतोष कुमार पाण्डेय पिता राकेश कुमार पाण्डेय ने भवन क्रमांक 103/3 बी वार्ड कस्तुरबा गांधी वार्ड क्षेत्रफल 750 व.फु. भूतल 750 आवासीय प्रथम तल 750 आवासीय शपथ पत्र/मृत्यु प्रमाण पत्र/विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा मकान नं. 103/3बी पर नामांतरण हेतु पंजीकृत स्वामी श्रीमति राधिका पाण्डेय पति श्री राकेश कुमार पाण्डेय पिन नं. 1000609095/41001946 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथी से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-05, नगर निगम, जबलपुर

> महाकौशल जनप्रतिनिधि मंच ने दी जनआंदोलन की चेतावनी

## मेडिकल यूनिवर्सिटी के विखंडन की तैयारी



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी) के प्रस्तावित विखंडन को लेकर संस्कारधानी में आक्रोश की लहर दौड़ गई है। महाकौशल जनप्रतिनिधि विचार मंच ने इसे जबलपुर की साख और सम्मान के साथ खिलवाड़ बताते हुए प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

> यात्रियों की सुविधा के लिए उठया कदम

## एलएचबी रैक के साथ चलेगी श्रीधाम एक्सप्रेस



**जबलपुर।** भारतीय रेलवे यात्रियों उन्नत परिचालन सुविधाएं उपलब्ध कराने निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में अधिक से अधिक रेलगाड़ियों में आधुनिक लिंक हॉफमैन बुश कोच लगाए जा रहे हैं। पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट एवं गुजरने वाली जबलपुर-निजामुद्दीन श्रीधाम एक्सप्रेस के रेक को रेल प्रशासन द्वारा आईसीएफ से एलएचबी रैक में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया है।

> पाण्डुताल मैदान में दिया जा रहा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण

## खेल के साथ मिल रही इतिहास की जानकारी



**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में पाण्डुताल मैदान में आयोजित ग्रीष्मकालीन हॉकी प्रशिक्षण में नवोदित हाकी खिलाड़ी खेल की बारीकियों के साथ विश्व, देश व जबलपुर नगर के हाकी इतिहास की जानकारी भी प्राप्त कर रहे हैं।



### हितकारिणी समर कैंप में दिख रहा जबरदस्त उत्साह

# शूटिंग एकेडमी का 100 छात्र छात्राओं ने किया विजिट





जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी सभा विद्या परिषद द्वारा आयोजित और मध्य प्रदेश खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से संचालित समर कैंप के छात्र-छात्राओं ने आज नेपियर टाउन स्थित गन एंड ग्लोरी शूटिंग अकादमी का भ्रमण किया। इस दौरान लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने एयर राइफल चलाकर निशानेबाजी का प्रारंभिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। पारंपरिक खेलों से इतर निशानेबाजी को लेकर बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।शूटिंग अकादमी के ट्रेनर एवं इंचार्ज ऋतिक एवं चित्रा सिंह के निर्देशन में छात्र-छात्राओं को निशानेबाजी का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने बताया की जबलपुर में एकमात्र शूटिंग अकादमी उनके द्वारा संचालित की जा रही है, जिसमें कई खिलाड़ियों ने ट्रेनिंग लेकर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मेडल प्राप्त किए हैं। हितकारिणी सभा विद्या परिषद द्वारा आयोजित समर कैंप में लगभग 170 छात्र छात्राएं भाग लेकर, कई खेलों का एवं अन्य विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जिसमें मुख्यत: रग्बी, वॉलीबॉल ,खो खो, कबड्डी एवं थिएटर तथा जुंबा एवं मेडिटेशन है।

#### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर दिनेश सिंह, संयोजक राजीव श्रीवास्तव, शेखर खमरिया, राजेंद्र तिवारी, मीनाक्षी धुरिया, अंजली शर्मा एवं अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं के अलावा उपस्थित सभी सभासदों एवं स्टाफ ने भी निशानेबाजी का प्रशिक्षण प्राप्त किया। समर कैंप के अंतर्गत कल 14 मई को छात्र-छात्राओं को सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण नागेश राव के द्वारा दिया जाएगा एवं समर कैंप में भाग ले रहे सभी छात्र-छात्राओं को हितकारिणी विद्या परिषद की ओर से टी-शर्ट का वितरण भी किया जाएगा। समर कैंप का समापन 15 में को हितकारिणी नर्सिंग कॉलेज के हाल में किया जाएगा।

#### प्रतिभाओं को निखारने का काम

1 मई से समर कैंप में लगातार छात्र-छात्राएं उपस्थित होकर अपनी-अपनी प्रतिभा को निखारने का काम कर रहे हैं। हितकारिणी द्वारा प्रतिवर्ष इस तरह का समर कैंप आयोजित किया जाता है ,मध्य प्रदेश खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से उक्त कैंप संचालित किया जा रहा है। आज के इस विजिट में हितकारिणी सभा की ओर से उपसभापति मुकुल खमरिया ,विद्या परिषद के अध्यक्ष समर सिंह गायकवाड तथा मंत्री जयेश सिंह राठौर तथा शासी निकाय हित. इंजीनियरिंग कॉलेज के अध्यक्ष नितिन अग्रवाल ने उपस्थित होकर, छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया।

## सीबीएसई 12वीं में यशराज वैद्य का सुयश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जॉय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र यशराज वैद्य ने सीबीएसई कक्षा



12वीं परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 500 में से 473 अंक प्राप्त कर 94.6 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। यशराज ने बायोलॉजी विषय में 99 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की है तथा सभी विषयों में ए-1 ग्रेड प्राप्त किया है। अपनी इस सफलता का श्रेय यशराज ने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन, माता-पिता के आशीर्वाद तथा बेहतर टाइम मैनेजमेंट को दिया है। यशराज, हितकारिणी सभा कर्मचारी रश्मि वैद्य एवं पवन वैद्य के सुपुत्र हैं। यशराज की इस उपलब्धि पर परिवार, विद्यालय प्रबंधन एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# एएसआई और स्थापना विभाग का बाबू रिश्वत लेते लोकायुक्त के शिकंजे में

### सिवनी के कोतवाली क्षेत्र व धनौरा में ट्रैप दल की कार्रवाई

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

सिवनी के कोतवाली थाने में पदस्थ एएसआई दिनेश रघुवंशी को जबलपुर लोकायुक्त ट्रैप दल ने बीस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए दबोचा है। आरोपी एएसआई एक चाय की दुकान में फरियादी से रिश्वत की राशि ले रहा था। इसी प्रकार धनौरा के विकास अधिकारी कार्यालय के स्थापना विभाग में पदस्थ बाबू अरुण कुमार कुमरे को एक भृत्य से रिश्वत की पहली किश्त दस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए ट्रैप दल ने गिरफ्तार किया है। लोकायुक्त ने दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

***30 हजार रूपयों की मांगी थी रिश्वत***- लोकायुक्त एसपी अंजू



पटले ने बताया कि नंदकिशोर पिता चंदन लाल चौरसिया उम्र 54 साल निवासी ग्राम छितापार कुरई जिला सिवनी के बेटे अभिषेक चौरसिया को नौकरी दिलाने एवं सरकारी विभाग में गाड़ी लगाने का झांसा देकर फर्जीवाडा एवं ठगी होने की शिकायत कोतवाली थाने में दर्ज करायी थी। नंदकिशोर चौरसिया जब एफआईआर के संबंध में जानकारी लेने के लिए जांच अधिकारी दिनेश रघुवंशी कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक थाना कोतवाली से मिले तो उन्होंने सही रिपोर्ट बनाने एवं फर्जी सिग्नेचर की जांच करवाने के एवज में तीस हजार रुपये रिश्वत की मांग की। जिसके बाद बीस हजार रुपये में सौदा तय हुआ। जिसकी शिकायत फरियादी ने जबलपुर लोकायुक्त एसपी से की। जिसके बाद बुधवार को लोकायुक्त ट्रैप दल ने योजनाबद्ध तरीके से एक चाय की दुकान पर फरियादी से रिश्वत ले रहे एएसआई दिनेश रघुवंशी को धर दबोचा।

***धनौरा में बाबू धराया***- इसी प्रकार लोकायुक्त अधिकारियों ने बताया कि ग्राम छुई जिला सिवनी निवासी देवेंद्र पिता लखन लाल सिरसाम उम्र 43 साल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुनवारा विकासखंड धनोरा जिला सिवनी में भृत्य के पद पर पदस्थ है। इसके पूर्व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भीमगढ़ विकासखंड छपारा में पदस्थ था, जहां उसे निलंबित कर दिया गया था।

## सुअरमार बम लेकर घूम रहे दो बदमाशों को पुलिस ने दबोचा

### माढ़ोताल पुलिस की कार्रवाई, दो बम जब्त

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** माढ़ोताल पुलिस ने पाटन वायपास पवन ढाबा के समीप घेराबंदी कर बाईक सवार दो आरोपियों को दबोचा। जिनके पास से पुलिस ने दो सुअरमार बम जब्त किये है। पुलिस ने विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पाटन वायपास पवन ढाबा के समीप दबिश दी गई। जहां बाईक सवार दो बदमाशों को घेराबंदी कर दबोचा गया। जिन्होंने पूछताछ में अपने नाम अमित रजक उम्र 24 वर्ष निवासी लार्डगंज थाना के पीछे पम्प हाउस लार्डगंज तथा पीछे बैठने वाले लड़के ने अपना नाम अभिषेक भूमिया उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम सोहजनी थाना मंझौली वर्तमान पता ग्राम पौड़ी बेलखाडू कटंगी बताया। जिनकी तलाशी लेने पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से एक-एक सुअरमार बम बरामद किये। पुलिस ने बमों व मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 20 एनआर 0918 जब्त करते हुए आरोपियों के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

## पमरे ने माल लदान में 481 करोड़ रुपये का ओरजिनेटिंग रेवन्यू अर्जित किया

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)** । पमरे में जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों के माल यातायात में निरंतर वृद्धि हो रही है। महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में बेहतर प्रदर्शन करते पमरे ने माह अप्रैल में 480 करोड़ 82 लाख रूपये माल यातायात से ऑरिजनेटिंग राजस्व अर्जित किया गया इसी प्रकार मण्डल स्तर बात करें तो माह अप्रैल में जबलपुर मण्डल ने रूपये 341 करोड़ 90 लाख, भोपाल मण्डल ने 65 करोड़ 86 लाख एवं कोटा मण्डल ने रूपये 73 करोड़ 06 लाख का ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है। पश्चिम मध्य रेलवे ने संपूर्ण वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रूपये 6080 करोड़ का ओरिजिनेटिंग राजस्व प्राप्त किया था, जो वर्ष 2024-25 कि तुलना में 15 प्रतिशत अधिक था तथा रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य 5487 करोड़ 18 लाख रूपये ऑरिजनेटिंग रेवन्यू से लगभग 11 प्रतिशत अधिक था। बढ़ोतरी सतत मॉनिटरिंग एवं वाणिज्य तथा परिचालन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा जबलपुर, भोपाल और कोटा मंडलों में किए गए निरंतर प्रयासों का परिणाम है। मालगाडियों की औसत गति में वृद्धि करके अलग-अलग रेल खण्ड की क्षमता में वृद्धि और इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी बढ़ाया। साथ ही साथ ऑपरेशनल सुधार भी किए गए। गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल/ साइडिंग को बढ़ाने का निरंतर प्रयास किये जा रहे है। गुड्स टर्मिनल की वर्किंग में सुधार एवं मालगाड़ियों के डिटेंशन को कम किया गया।

## ट्रांजिट विजिट पर डुमना पहुंचे सीएम

### एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री डॉ यादव का स्वागत



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आज शाम डुमना एयरपोर्ट पहुंचने पर आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री शाम करीब 7.10 बजे अनूपपुर जिले के बिजुरी से हेलीकॉप्टर द्वारा ट्रांजिट विजिट पर डुमना एयरपोर्ट पहुँचे थे। डुमना एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री का स्वागत जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा गोंटिया, जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप जैन एवं उपाध्यक्ष प्रशांत केशरवानी, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, पूर्व मंत्री हरेंद्र जीत सिंह बब्बू, पूर्व महापौर प्रभात साहू, पंकज दुबे, सुभाष तिवारी रानू, सोनू बचवानी, रंजीत पटेल, प्रणीत वर्मा, अंकित द्विवेदी, कौशल सूरी, मुरली दुबे आदि ने किया। डुमना एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की आगवानी संभागायुक्त धनंजय सिंह, उप पुलिस महानिरीक्षक अतुल सिंह, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय एवं नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने की। मुख्यमंत्री डॉ यादव डुमना एयरपोर्ट से शाम लगभग 7.50 बजे वायुयान से रायपुर रवाना हुये।

## अग्नि सुरक्षा सप्ताह का हुआ आयोजन

### जागरूकता बढ़ाने और आपदा प्रबंधन क्षमता सुदृढ़ करने का लक्ष्य



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर नवीन कोठारी के नेतृत्व में जबलपुर के सभी सरकारी एवं प्राइवेट हॉस्पिटल्स मे 4 मई से 10 मई तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार आयोजित इस सप्ताह भर के कार्यक्रम का उद्देश्य संस्थान में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आपदा प्रबंधन क्षमता को मजबूत करना था। कार्यक्रम की शुरुआत 4 मई को अग्नि सुरक्षा शपथ के साथ हुई, जिसमें सभी अस्पताल प्रभारी, वरिष्ठ अधिकारी एवं स्टाफ शामिल रहे। जिला चिकित्सालय एवम एल्गिन अस्पताल में जिला अग्निशमन विभाग के सहयोग से फायर मॉक ड्रिल कर आपातकालीन निकासी का अभ्यास कराया गया। इसके बाद आईसीयू, एनआईसीयू और ऑपरेशन थिएटर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के लिए आयोजित किया गया। जबलपुर के सभी अस्पताल- जिला चिकित्सालय विक्टोरिया, सिविल अस्पताल एल्गिन, रांझी, पाटन, सिहोरा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनमोहन नगर, शहपुरा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों एवं समस्त प्राइवेट हॉस्पिटलों मे फायर सुरक्षा अग्निशमक यंत्र अभ्यास, अग्नि सुरक्षा ऑडिट और जागरूकता सत्र हुए ।

# अधिवक्ता के घर में घुसकर दबंगों ने की तोड़फोड़

### कब्जा करने की नीयत से सामान बाहर फेंका

### जान से मारने की धमकी, पुलिस ने किया मामला दर्ज



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

भेड़ाघाट थाना अंतर्गत सहजपुर (प्रजा कॉलोनी) में एक अधिवक्ता के घर में घुसकर क्षेत्र के ही कुछ बदमाशों द्वारा तोड़फोड़ करने और जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना के बाद अधिवक्ता ने पुलिस को दी शिकायत में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पूरा मामला घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी रिकार्ड हो गया। पुलिस ने अधिवक्ता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिए हैं।

***क्या है पूरा मामला***- प्राप्त जानकारी अनुसार प्रजा कॉलोनी निवासी अधिवक्ता राजेश कुशवाहा ने शिकायत में बताया कि उन्होंने दिनांक 27/12/2024 को मौजा सहजपुर (खसरा नं. 231/42) में गोपाल उर्फ रामगोपाल कुशवाहा से एक मकान क्रय किया था। जिसका बकायदा उन्होंने नामांतरण भी करवाया था। उन्होंने बताया कि उक्तमकान के एक हिस्से में पूर्व से ही सामान रखा हुआ था। विगत 10 मई 2026 की दोपहर करीब 1:30 से 2 बजे के बीच, जब अधिवक्ता अपने कार्य से बाहर थे, तभी क्षेत्र के आपराधिक प्रवृत्ति के बदमाश रविन्द्र पटेल, अंशुल पटेल और अंकित पटेल घर में कब्जा करने की नीयत से जबरन घर में घुस गए। कुछ ही देर बाद उनके साथ सुखचैन पटेल और विनोद पटेल भी वहां पहुंच गए।

सीसीटीवी में कैद हुई घटना

इसके बाद आरोपियों ने घर के अंदर रखा कीमती सामान कूलर, फ्रिज, टेबल, गैस सिलेंडर, बर्तन और साइकिल को उठाकर बाहर फेंकना शुरू कर दिया और तोड़फोड़ करना शुरु कर दी। अधिवक्ता के छोटे भाई कृष्ण कुमार कुशवाहा ने जब इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ गाली गलौज शुरु कर मारपीट कर दी। सूचना मिलने पर जब अधिवक्ता स्वयं मौके पर पहुंचे, तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज की और स्पष्ट शब्दों में धमकी दी कि यदि थाना में रिपोर्ट की या मकान खाली नहीं किया, तो तुम्हें और तुम्हारे परिवार को जान से खत्म कर देंगे। मामले में अधिवक्ता राजेश कुशवाहा ने बताया कि यह पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।

#### पुलिस ने दिखाई तत्परता

घटना की जानकारी लगते ही साथी अधिवक्ता जिला बार से उपाध्यक्ष मनोज तिवारी, ज्योति राय, शैलेन्द्र यादव, विनोद विश्वकर्मा, प्रशांत नायक, अर्जुन साहू, अनुभव शर्मा, मनोज तिवारी, रविंद्र दत्त आदि बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे और थाने पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की मांग की। मामले में थाना पुलिस ने भी तत्परता दिखाते हुए मामले को गंभीरता से लिया और आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

#### इन्होंने कहा

अधिवक्ता की शिकायत पर आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है, जल्द ही उन्हे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**कमलेश चौरिया, थाना प्रभारी भेड़ाघाट**

## इरावत का शव भी मिला

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

गोसलपुर स्थित रामसागर तालाब में डूबे दूसरे युवक का शव भी गोताखोरों ने खोज निकाला है। पुलिस ने बताया कि रामसागर तालाब में सोमवार की देर शाम झुग्गी बस्ती में रहने वाले इरावत, अर्जुन और करण नहाने गए थे। काफी देर तक नहाने के दौरान अचानक इरावत का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया।





South Avenue Mall | moviemagic | RUBY moviemagic

EXPERIENCE RUBY WHERE CINEMATIC LUXURY AWAITS

| | |
|---|---|
| KRISHNAVATARAM PART 1 (HINDI) | 9:30 AM, 1:15 PM, 4:15 PM, 7:15 PM & 10:15 PM |
| DAADI KI SHAADI (HINDI) | RUBY 9:40 PM \| 3:30 PM |
| MORTAL KOMBAT II (HIN/ENG) | RUBY HINDI - 2:45 PM \| 9:00 AM; RUBY ENG - 7:20 PM |
| RAJA SHIVAJI (HINDI) | RUBY 11:40 AM, 3:00 PM & 6:20 PM \| 10:00 PM |
| THE DEVIL WEARS PRADA 2 (ENG) | RUBY 5:00 PM |
| MICHAEL (ENG) | RUBY 9:50 AM & 9:35 PM |
| BHOOTH BANGLA (HINDI) | 10:00 AM, 12:20 PM, 3:35 PM, 6:45 PM & 10:30 PM |
| LEE CRONIN'S THE MUMMY (HINDI) | RUBY 12:20 PM |
| DHURANDHAR THE REVENGE (HINDI) | 11:20 AM & 6:20 PM |

@moviemagic_jbp MOVIE MAGIC NOW WITH 5 BIG SCREENS
Book tickets & F&B on Movie Magic App at ZERO PLATFORM FEE
Bulk Booking / Advertising 9425807507 | Movie Magic, South Avenue Mall, Narmada Road 9425807508

जीवेत् शरदः शतम्
सेवा समर्पण के पांच सतत पूर्ण करने वाले पूर्व सांसद
डॉ. ढालसिंह जी बिसेन
को आज 14 मई
जन्मदिन की बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं



सौजन्य :- बिसेन मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल
एस पी बंगले के आगे बबरिया रोड, बारापत्थर शिवनी



हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी। ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**